रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 23 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 135 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.7 | 27.2 |
| जमशेदपुर | 33.8 | 25.2 |
| डालटनगंज | 33.4 | 26.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,900 |
| चांदी (किलो) | 84,000 |

## ब्रीफ खबरें

### जीडीपी का वृद्धि दर 6% रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली।** सरकारी पूंजीगत व्यय में कमी तथा शहरी उपभोक्ता मांग में नरमी से भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अप्रैल-जून तिमाही में छह प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे कम है. वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में जीडीपी दर 7.8 प्रतिशत थी. रेटिंग एजेंसी इक्रा ने गुरुवार को बताया कि संपूर्ण वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की दर 6.8% रहने उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 8.2% से कम है.

### किसानों की समस्या के हल को समिति बनेगी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह किसानों की शिकायतों का हमेशा के लिए सौहार्द्रपूर्ण समाधान करने के लिए जल्द ही एक बहुसदस्यीय समिति का गठन करेगा. न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने अगली सुनवाई के लिए दो सितंबर की तारीख मुकर्रर की. साथ ही पंजाब एवं हरियाणा की सरकारों से किसानों के संभावित मुद्दों की जानकारी समिति को देने को कहा.

### विमान में बम की धमकी अफवाह साबित

**तिरुवनंतपुरम।** मुंबई से आ रहे एअर इंडिया के एक विमान के शौचालय में बम की धमकी वाला संदेश जांच में अफवाह साबित हुई. बम की धमकी के बाद गुरुवार को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पूर्ण इमरजेंसी घोषित कर दिया गया था. सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सघन तलाशी किये जाने के दौरान विमान में कोई विस्फोटक नहीं मिला. हवाई अड्डे पर सुबह घोषित की गयी इमरजेंसी अपराह्न 12 बजकर 10 मिनट पर हटा ली गयी.

### संयुक्त राष्ट्र की टीम बांग्लादेश में जांच करेगी

**ढाका।** संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की एक टीम बांग्लादेश में 650 प्रदर्शनकारियों के मारे जाने के मामले की जांच के लिए बांग्लादेश आएगी. यह टीम एक जुलाई से 15 अगस्त के बीच मानवाधिकार उल्लंघन की सभी घटनाओं की जांच के लिए विस्तृत चर्चा करेगी. एक सप्ताह तक टीम नागरिक समाज समूहों, मानवाधिकार उल्लंघन के पीड़ितों, छात्रों और सरकारी अधिकारियों तथा अन्य संबंधित लोगों से मुलाकात करेगी.

### त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ में 10 की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा में रविवार से भूस्खलन और बाढ़ संबंधी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता है. भारी बारिश के कारण 32,750 लोगों ने 330 राहत शिविरों में शरण ली है. मुख्यमंत्री माणिक साहा द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध के बाद बचाव कार्यों में सहायता के लिए एनडीआरएफ की चार अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं. राज्य की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं.

**सफलता :** झारखंड, यूपी व राजस्थान में 15 जगहों पर छापेमारी

# 8 आतंकी गिरफ्तार

**लोहरदगा से गिरफ्तार आतंकी के पास से हथियार भी बरामद**



- गिरफ्तार सभी आतंकी एक्यूआईएस के
- अलकायदा से प्रेरित है संगठन
- बांग्लादेश से तार जुड़े होने की आशंका

**सौरव सिंह। रांची**

दिल्ली पुलिस व झारखंड पुलिस की एंटी टेररिस्ट स्क्वाय (एटीएस) को बड़ी सफलता मिली है. टीम ने यूपी, राजस्थान व झारखंड में 14 जगहों पर छापेमारी कर अलकायदा इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआईएस) नामक आतंकी संगठन के सात आतंकियों को गिरफ्तार किया है. झारखंड में लोहरदगा और लातेहार सीमा पर स्थित हिंजला गांव और हजारीबाग के पेलावल समेत अन्य जिलों में छापामारी की गई है. सूचना है कि लोहरदगा से गिरफ्तार एक आतंकी के पास से हथियार भी मिला है. अज्ञात स्थान पर रखकर गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ की जा रही है. हालांकि झारखंड पुलिस के किसी अधिकारी ने अभी तक इस खबर की पुष्टि नहीं की है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवकों ने पुलिस को बताया है कि वे संगठन के लिए काम करते हैं और उनका उद्देश्य क्षेत्र में आतंक का प्रचार करना, युवाओं को कट्टरपंथी बनाना, भारत में शरिया कानून स्थापित करने के साथ-साथ बांग्लादेश के खिलाफ युद्ध छेड़ना है.

**बुधवार की रात ही ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया :** जानकारी के मुताबिक, अलकायदा के इस नए मॉडल की जानकारी सबसे पहले दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल को मिली थी. स्पेशल सेल ने जब मामले की पड़ताल शुरू की तो सबसे पहले राजस्थान से झारखंड के एक आतंकी को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ के दौरान स्पेशल सेल को अलकायदा के नए मॉड्यूल की जानकारी मिली, जो देश में अशांति और हिंसा फैलाने के लिए बड़ी तैयारी कर रहा था. सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के एटीएस से संपर्क कर बुधवार की रात ही ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया.

**रांची का डॉ इश्तियाक है मॉडयूल का लीडर :** सूत्रों ने जानकारी दी है कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम और झारखंड एटीएस ने रांची निवासी डॉ इश्तियाक को गिरफ्तार किया है. इश्तियाक ही एक्यूआईएस मॉडयूल का लीडर है. उससे पूछताछ की जा रही है. हालांकि अब तक यह नहीं पता चल पाया है कि डॉ इश्तियाक रांची में कहां का रहने वाला है और वह क्या करता है?

### 2014 से सक्रिय है एक्यूआईएस

जानकारी के मुताबिक, अलकायदा इंडियन सबकांटिनेंट का संबंध अंसारुल्लाह बांग्ला टीम नामक आतंकी संगठन के साथ है. वर्ष 2014 में स्थापित प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-कायदा की एक शाखा एक्यूआईएस कथित तौर पर अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, बर्मा और बांग्लादेश में सक्रिय है. समूह का काम इस्लामिक राज्य स्थापित करने के लिए जिहाद करना है. इस आतंकी संगठन से जुड़े लोगों का उद्देश्य झारखंड में संगठन का प्रचार करना, समान विचारधारा वाले युवाओं को कट्टरपंथी रास्ते पर ले जाना और भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए भर्ती करना है. ताकि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गयी सरकार को 'नियम' स्थापित करके उखाड़ फेंका जा सके और भारत में गजवा-ए-हिंद' को लागू किया जा सके. गिरफ्तार सभी आतंकवादी इसके प्रचार प्रसार करने में ही जुटे थे.

### सात जिलों में है स्लीपर सेल

राज्य के सात जिलों में आतंकवादी संगठनों के स्लीपर सेल है. इन सात जिलों में रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़ और गिरिडीह जिला शामिल है. स्लीपर सेल के सदस्य बाहर से आने वाले आतंकी संगठनों के सदस्यों को रुकवाना और उनके काम में सहयोग करना है. साथ ही जरुरी संसाधन उपलब्ध कराना है. पिछले 13 साल के दौरान इन सातों जिलों से आतंकवादी संगठनों के स्लीपर सेल में शामिल 26 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. वर्ष 1999 में दिल्ली पुलिस ने हजारीबाग के खिरगांव में मुठभेड़ कर दो आतंकियों को मार गिराया था. मारे गए आतंकी कोलकाता के अमेरिकन सेंटर पर हुए हमले में शामिल था. 2014 में जब नरेंद्र मोदी पटना में रैली कर रहे थे, तब पटना जंक्शन और गांधी मैदान में सीरियल ब्लास्ट किया गया था. इस घटना में शामिल आतंकी रांची के धुर्वा इलाके के रहने वाले थे.



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को पलामू पहुंचे, वहां उन्होंने झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को सम्मान राशि दी. कार्यस्थल पर रैंप पर चलकर सीएम ने महिलाओं का अभिवादन किया. उनके साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, दीपिका पांडेय सिंह समेत कई लोग कार्यक्रम में शामिल रहे. (विस्तृत रिपोर्ट पेज 3 पर)

कोलकाता कांड में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की **सख्त टिप्पणी**

# काम पर लौटें चिकित्सक

**कोलकाता कांड में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कई सवाल खड़े किए हैं. अदालत ने पूछा कि पश्चिम बंगाल सरकार और वहां की पुलिस से पूछा कि मामले में 14 घंटे बाद एफआईआर क्यों दर्ज की गई? अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा कि जब प्रिंसिपल को उस कॉलेज से हटाया गया, तो दूसरी जगह प्रिंसिपल क्यों बना दिया गया? सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि 14 घंटे की देरी के बाद एफआईआर दर्ज करने का क्या कारण है? सुनवाई के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कोलकाता पुलिस की भूमिका पर संदेह जाहिर किया. कहा, जांच में ऐसी लापरवाही अपने 30 साल के कॅरियर में नहीं देखी. वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की. अदालत पर एम्स के डॉक्टरों ने 11 दिन से चल रही हड़ताल वापस ले ली.**

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में कोलकाता पुलिस की देरी को काफी परेशानी वाली बात बताया. अदालत ने इस घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों से काम पर लौटने को कहा और उन्हें आश्वासन दिया कि काम पर लौटने के बाद उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पुलिस द्वारा की गई कानूनी औपचारिकताओं के क्रम और समय पर सवाल उठाया.

पीठ ने कहा कि यह बहुत ही आश्चर्यजनक है कि मृत पीड़िता का पोस्टमार्टम, अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने से पहले ही नौ अगस्त की शाम छह बज कर 10 मिनट से सात बज कर 10 मिनट के बीच कर दिया गया. ऐसा कैसे हुआ कि पोस्टमार्टम नौ अगस्त को शाम छह बजकर 10 मिनट पर किया गया, लेकिन अप्राकृतिक मौत की सूचना ताला पुलिस थाने को नौ अगस्त को रात साढ़े 11 बजे भेजी गई. यह बेहद परेशान करने वाली बात है. सीजेआई ने कहा, शव बरामदगी के 14 घंटे बाद रात 11:30 बजे एफआईआर दर्ज करना कहां तक उचित है? प्रिंसिपल की तुरंत दूसरी जगह नियुक्ति क्यों कर दी गयी? सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी.

**डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे केंद्र व राज्य :** अदालत ने चिकित्सक संगठनों को आश्वासन दिया कि नेशनल टास्क फोर्स सभी हितधारकों की बात सुनेगा. सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि राज्य सरकारें डॉक्टरों के लिए कुछ सुरक्षा इंतजाम करें. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश दिया कि वे राज्य के मुख्य सचिवों और डीजीपी के साथ मिल कर डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें. पीठ ने कहा कि यह कवायद एक हफ्ते में पूरी हो जानी चाहिए. वहीं, राज्य को दो हफ्ते के अंदर इसे लागू करने को कहा गया है.

**डॉ संदीप घोष जांच के घेरे में, पॉलीग्राफ टेस्ट होगा :** सीबीआई को अब तक की जांच में मिले सुराग और सबूत गैंग रेप की पुष्टि नहीं कर रहे हैं. अब तक सिर्फ आरोपी संजय रॉय की संलिप्तता की पुष्टि हुई है.




- 14 घंटे देरी से एफआईआर दर्ज क्यों की, इसे कैसे जस्टिफाई करेंगे?
- एफआईआर दर्ज करने में देरी बेहद परेशान करनेवाली बात है?
- प्रिंसिपल को केस दर्ज करानी चाहिए थी, वह किसका बचाव कर रहे हैं?
- जस्टिस पारदीवाला बोले- ऐसी लापरवाही 30 साल के कॅरियर में नहीं देखी.

**स्टेटस रिपोर्ट** क्राइम सीन पर छेड़छाड़ की गयी

कोलकाता कांड में सीबीआई ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है. इस रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि किसने पूरे घटनाक्रम में लापरवाही बरती है और कौन-कौन जांच के दायरे में है. सीबीआई ने शुरुआती स्टेटस रिपोर्ट में अस्पताल प्रशासन को सीधे कठघरे में खड़ा किया है. कहा है कि जांच में अब तक मिले सुराग और सबूत से जाहिर होता है कि क्राइम सीन पर छेड़छाड़ की गयी. सीबीआई की स्टेटस रिपोर्ट और पुलिस की केस डायरी को देखने के बाद पीठ ने पाया कि शव को कई घंटों तक यूं ही पड़े रहने दिया.

### लड़कियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : बंबई हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने ठाणे जिले के एक स्कूल के शौचालय में पुरुष सहायक द्वारा 12 और 13 अगस्त को चार साल की दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है. हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर के एक स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना को स्तब्धकारी करार दिया है. अदालत ने कहा कि लड़कियों की रक्षा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता. न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने गुरुवार को कहा कि घटना की जानकारी होने के बावजूद मामला दर्ज न करने के लिए स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए. अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के लिए पुलिस की भी आलोचना की. पीठ ने कहा कि जब तक जनता ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन नहीं किया, तब तक पुलिस तंत्र आगे नहीं बढ़ा. अदालत ने सवाल किया, जहां तीन से चार साल की छोटी बच्चियों का यौन उत्पीड़न किया गया हो, वैसे गंभीर मामले को पुलिस इतने हल्के में कैसे ले सकती है? अदालत ने कहा, अगर स्कूल सुरक्षित जगह नहीं हैं, तो बच्चे क्या करें?

झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में केंद्र को हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# ट्राइबल आबादी कम होती जा रही और केंद्र सरकार चुप है

**संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर कड़ी टिप्पणी की है. अदालत ने आईबी, यूआईएडीआई और बीएसएफ की ओर से अलग-अलग शपथ पत्र दाखिल किए जाने के लिए चार सप्ताह का समय मांगे जाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि झारखंड में ट्राइबल की आबादी कम होती जा रही है और केंद्र सरकार चुप है. झारखंड का निर्माण आदिवासियों को हितों की रक्षा के लिए किया गया था. लगता है केंद्र सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में प्रवेश को रोकने को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है.

चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने गुरुवार को संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका की सुनवाई की.अदालत ने कहा कि आईबी हर सप्ताह 24 घंटे काम करती है, लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल नहीं कर रही है. बीएसएफ की भी बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका है. लेकिन प्रतीत होता है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने के मामले में केंद्र सरकार का सकारात्मक रुख नहीं है. अब इस मामले की अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी.

**अदालत ने केंद्र सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा :** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में राज्य सरकार की ओर से भी जवाब दाखिल किया जा चुका है, लेकिन केंद्र सरकार जवाब के लिए चार से छह सप्ताह का समय मांग रही है. कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा चार सप्ताह मांगे जाने संबंधी हस्तक्षेप याचिका (आईए) को खारिज करते हुए केंद्र सरकार को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. इससे पहले राज्य सरकार की ओर से छह जिलों के डीसी एवं एसपी की ओर से जवाब दाखिल किया गया. अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए सभी प्रतिवादियों को समय से जवाब दाखिल करना होगा.




**याचिकाकर्ता ने क्या कहा है?**

याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं. इससे इन जिलों में जनसंख्या पर कुप्रभाव पड़ रहा है. इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किए जा रहे हैं. साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाए जा रहे हैं. याचिकाकर्ता ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताए कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किए जा रहे हैं.

### जम्मू-कश्मीर: सभी सीटों पर कांग्रेस-नेकां में गठबंधन

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा की सभी 90 सीट पर कांग्रेस के साथ गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा अब्दुल्ला के आवास पर बैठक के बाद यह घोषणा की गई है. बैठक को लेकर अब्दुल्ला ने बताया कि, हमारी बैठक सौहार्द्रपूर्ण माहौल में काफी अच्छी रही. गठबंधन सही रास्ते पर है और अल्लाह ने चाहा तो यह सुचारू रूप से चलेगा. गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है. गठबंधन सभी 90 सीट के लिए है.

- कश्मीर के लिए राज्य के दर्जा को बहाल करना : राहुल
- गठबंधन सही रास्ते पर, इसे अंतिम रूप दे दिया : अब्दुल्ला

बता दें कि जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरण में 18 व 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान होगा. चार अक्टूबर को नतीजे आयेंगे. अब्दुल्ला ने कहा, माकपा के एमवाई तारिगामी भी हमारे साथ हैं. राहुल गांधी ने आश्वासन दिया कि जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य के दर्जा को बहाल करना कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन की प्राथमिकता है. गांधी के इस आश्वासन के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई कि सभी शक्तियों के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा.

यूक्रेन के लिए रवाना हो गये मोदी, राष्ट्रपति जेलेंस्की से वार्ता आज

# शांति बहाली को हर संभव सहयोग : मोदी



पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के मिलते पीएम नरेंद्र मोदी.

**एजेंसी। वारसॉ**

यूक्रेन की अपनी यात्रा से एक दिन पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत का दृढ़ता से मानना है कि किसी भी संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं निकाला जा सकता. भारत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है. मोदी ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद ये बातें कहीं. बैठक में, दोनों नेताओं ने भारत-पोलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील करने का निर्णय लिया. दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में, मोदी करीब सात घंटे के लिए कीव में होंगे. वह यूक्रेन की राजधानी के लिए शाम में ट्रेन से रवाना हो गये.

### संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जरुरत

पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत और पोलैंड के बीच संबंधों के लिए विशेष महत्व का है. मोदी ने कहा कि इस साल हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं. उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार, वक्त की दरकार है.

# गिद्धों की चाहत से गाय नहीं मरती

**प्रसंगवश**



**बैजनाथ मिश्र**
वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया. प्रधानमंत्री शेख हसीना की चुनी हुई सरकार बेदखल कर दी गयी. वह जान बचाकर भारत आ गयी हैं. उनके मंत्री बर्खास्त कर दिये गये हैं. गिरफ्तार कर लिये गये हैं. पुलिस के हथियार छीन लिये गये हैं. थाने बंद हो गये हैं. प्रधानमंत्री आवास से लेकर लगभग सभी सरकारी कार्यालयों, आवासों में तोड़-फोड़ और आगजनी की गयी है. उनमें लूटपाट हुई है. वहां के अल्पसंख्यकों खासतौर से हिंदुओं पर कहर बरपाया गया है. भीषण रक्तपात हुआ है. यह सब कुछ हुआ है बाहरी खुटचाल और भीतरी अतिवाद की सांठगांठ से.

शेख हसीना ने साफ-साफ कहा है कि यह सब किया कराया अमेरिका का है. उसे अपनी सेना का अड्डा बनाने के लिए एक द्वीप चाहिए था. नहीं देने पर उसने यह शैतानी हरकत करायी है. चीन भी हसीना से खुश नहीं था, क्योंकि उनकी हमदर्दी हमेशा भारत के साथ थी. पाकिस्तान तो चाहता ही था कि बांग्लादेश बर्बाद हो जाय. बांग्लादेश आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा था. उसकी टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने दुनिया के बड़े बाजार पर कब्जा कर रखा है. वह विकसित हो रहा था. यह दुनिया के स्वघोषित थानेदार देशों को मंजूर नहीं था. अमेरिका तो 1971 से ही बांग्लादेश के खिलाफ है. तब पाकिस्तान उसकी सैन्य छावनी थी. बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के विरुद्ध उसने पाकिस्तान की भरपूर मदद की थी. यहां तक कि भारत के साथ युद्ध के दौरान उसने अपना सातवां बेड़ा समुद्र में भेज दिया था. तब भारत के पक्ष में सोवियत संघ ने अपनी परमाणु संपन्न पनडुब्बियां सागर में उतार दी थीं. यह भिड़ंत हुई नहीं, क्योंकि उनके सामना होने से पहले ही भारतीय सेना ने ढाका पर कब्जा कर लिया था. हमारे जनरल जेएस अरोड़ा ने 90 हजार पाकिस्तानी फौजियों के साथ जनरल नियाजी को सरेंडर करा दिया था. यह टीस तो पाकिस्तान को कचोटती ही रहती है, अमेरिका भी यदा-कदा खिन्न हो उठता है.

उस समय एक गाना बहुत चर्चित था-मुक्तिवाहिनी ने ललकारा, हमने दिया सहारा, बांग्ला हो गया आजाद. वह आंदोलन पूर्वी पाकिस्तान के कुलीन वर्ग का नहीं था. उस समय बड़े हाकिम, हुक्मरान, जमींदार और अधिकतर बड़े सैन्य अधिकारी पाक परस्त थे. लेकिन जनआंदोलन और भारत की मदद ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया. इसलिए उनकी कसक उभरती रहती है. इसी का परिणाम था कि 15 अगस्त 1975 को बांग्लादेश के निर्माता राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान को उनके सरकारी आवास पर सेना के अधिकारियों ने परिवार सहित गोलियों से छलनी कर दिया था. बची केवल उनकी पत्नी शेख हसीना और एक बेटा. उस समय के हमारे रॉ प्रमुख आरएन काव मुजीब साहब को साल भर से ताकीद कर रहे थे कि सतर्क रहें, आपके लोग ही आपको मार डालेंगे. लेकिन उन्हें इस संदेह पर विश्वास ही नहीं हुआ. इस बार भी शेख हसीना को भारतीय खुफिया एजेंसियों ने सतर्क किया था और हसीना ने आरक्षण के मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल भी दिया था. उन्हें भी लग रहा था कि जारी धरना-प्रदर्षन हिंसक होते हुए भी उनकी हत्या की कोशिश तक नहीं पहुंचेगा. लेकिन उनका आकलन गलत था.

बहरहाल बांग्लादेश की घटना से उत्साहित कुछ भारतीय गिद्ध भी चाहते हैं कि यहां भी ऐसा हो जाय. कुछ तो भविष्यवाणी कर रहे हैं कि भारत में भी ऐसा ही होगा. –शेष पेज 7 पर

▼ ब्रीफ खबरें

### चंपाई सोरेन को लोजपा का न्यौता

**रांची।** चंपाई सोरेन को लोजपा ने पार्टी में शामिल होने का न्यौता दिया है. लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि लोजपा में आएं चंपाई सोरेन, पूरा सम्मान मिलेगा. उन्होंने कहा कि झामुमो ने चंपाई सोरेन को अपमानित किया है. उन्होंने आगे कहा कि चंपाई सोरेन के लिए लोजपा का दरवाजा खुला है.

### अर्जुन मुंडा ने की कड़िया मुंडा से मुलाकात

**रांची।** गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपनी पत्नी मीरा मुंडा संग कड़िया मुंडा से मुलाकात की. अर्जुन मुंडा ने इस बात की जानकारी ट्वीट कर दी है. इसमें लिखा है कि खूंटी के पूर्व सांसद मेरे अभिभावक पद्म भूषण कड़िया मुंडा जी से उनके घर जाकर मिला. सम सामयिक विषयों पर चर्चा हुई. इससे पहले उन्होंने खूंटी के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रसाद के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से भी मिले.

### केशव महतो कमलेश ने दिया इस्तीफा

**रांची।** कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपना इस्तीफा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को सौंप दिया है. जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद केशव महतो कमलेश ने नैतिकता के आधार पर पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य का पद छोड़ दिया है.

### राज्यपाल से मिलीं अन्नपूर्णा देवी

**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन में गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की. इसके बाद पूर्व लोकसभा सांसद रामटहल चौधरी झारखंड लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा ,सेवानिवृत आइपीएस निर्मल कौर और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमार ने भी राज्यपाल से भेंट की. कुड़माली छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की.

### खेलो झारखंड जोनल वीमेन वुशु लीग 24 से

**रांची।** खेलो झारखंड जोनल वीमेन वुशु लीग 24 अगस्त से मेरठ में आयोजित होगा. यह लीग 24 से 27 अगस्त तक मेरठ के गॉडविन पब्लिक स्कूल में आयोजित होनी है. पूरे भारत में महिलाओं के बीच वुशु खेल को ग्रासरूट लेवल तक विकसित करने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा इस अस्मिता योजना की शुरुआत की गयी है. प्रतियोगिता में तकरीबन 500 खिलाड़ी 7.20 लाख इनामी राशि के लिए जोर लगाएंगे.

### चौहान हेंब्रम के परिजनों से मिलीं कल्पना सोरेन



**रांची।** हवलदार स्व. चौहान हेंब्रम के परिजनों से विधायक कल्पना सोरेन ने गुरुवार को मुलाकात की. मालूम हो कि गिरिडीह जिला के ग्राम पिंडाटाड़ निवासी चौहान हेंब्रम हजारीबाग जिलाबल में हवलदार के पद पर कार्यरत थे. ड्यूटी के दौरान गत 12 अगस्त को एक अपराधी द्वारा उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी. कल्पना सोरेन ने उनके परिजनों से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया.

---

मनरेगा कर्मियों की हड़ताल और बालू की किल्लत की वजह से भी आवास निर्माण में देरी

# अबुआ अवास :1430 लाभुकों को मिली तीसरी किस्त

ब्यूरो प्रमुख ।रांची

**खास बातें**

- योजना के तहत 66 प्रतिशत लाभुकों को मिली है दूसरी किस्त
- मनरेगाकर्मियों की हड़ताल के कारण नहीं हो रहा जियोटैंगिग

अबुआ आवास के लाभुकों को दूसरी किस्त जारी करने का काम शुरू हो गया है. योजना के 66 प्रतिशत लाभुकों को दूसरी किस्त के 50 हजार रुपये दे दिये गये हैं. वहीं तेजी से आवास बनाने वाले करीब 1430 लाभुकों को तीसरी किस्त के रूप में एक लाख रुपये दिए गये हैं. राज्य सरकार ने दूसरी किस्त की राशि लोकसभा चुनाव के पहले ही जिलों को भेज दी थी. लेकिन आवास योजना में मनरेगाकर्मियों की हड़ताल की वजह से जियोटैंगिग का काम प्रभावित हो रहा है. इसके साथ ही बालू की कमी की वजह से आवास निर्माण कार्य रुक सा गया है.

जानकारी के अनुसार करीब 30 हजार लाभुकों के आवास का निर्माण उस स्तर पर पहुंच गया है, जिस स्तर पर उन्हें तीसरी किस्त की एक लाख रुपये दिया जाये, लेकिन मनरेगाकर्मियों की हड़ताल के कारण जियोटैंगिग का कार्य नहीं पूरा होने के कारण उनके खाते में रुपये नहीं भेजे गए हैं. उल्लेखनीय है कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों को घर बनाने के लिए सरकार दो लाख रुपये की सहायता देती है. हेमंत सरकार ने इसी साल इस योजना की शुरुआत की थी.

1,30,831 लाभुकों को मिला दूसरी किस्तः हेमंत सरकार ने पहले चरण में दो लाख लोगों को अबुआ आवास देने का लक्ष्य रखा था. इनमें से 1,99,715 लोगों को अबुआ आवास स्वीकृत किए गए. 1,91,877 लोगों को पहली किस्त की राशि लोकसभा चुनाव से पहले उपलब्ध कराया गया था. पहली किस्त में लाभुकों को 30 हजार रुपये दिए गये थे. दूसरी किस्त की राशि के रूप में 50 हजार रुपये 1,30,831 लाभुकों को दिये गये है. यह कुल लाभुक का करीब 66 प्रतिशत है. कुल 1,42,144 आवासों का जियोटैगिंग का काम किया जा चुका है.

किस्त जारी करने से पहले भौतिक निरीक्षणः योजना के लाभुकों को दूसरी किस्त जारी करने से पहले आवास निर्माण का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके.

---

पुलिस की मौजूदगी में मारपीट की घटना पर बाउरी ने कहा

# झारखंड में हिंदुओं को प्रताड़ित होने के अलावा कोई चारा नहीं

संवाददाता।रांची

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि हेमंत राज में झारखंड के हिंदुओं को प्रताड़ित होने के अलावा कोई चारा नहीं है. ट्वीट कर सवाल किया है कि क्या रक्षाबंधन में बहने मेहंदी भी नहीं लगा सकती. हेमंत सरकार ने अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पूरे प्रदेश का सत्यानाश कर दिया है, इसीलिए हेमंत हटाओ और सुशासन लाना जरूरी है. जब सरकार का संरक्षण प्राप्त हो तो विकृत मानसिकता वाले लोगों का मनोबल बढ़ ही जाता है. ट्वीट में आगे लिखा है कि पहले रामनवमी फिर मोहर्रम और अब मनसा पूजा में प्रशासन के नाक के नीचे हिंदुओं पर हमला हुआ. धनबाद के कालूबथान में मनसा देवी की प्रतिमा विसर्जित करने जा रहे लोगों से पुलिस की मौजूदगी में मारपीट हुई. महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ. मुकुंदडीह गांव के मुस्लिम टोला से होकर प्रतिमा को जाने से रोकने पर बवाल हुआ. जब सरकार का संरक्षण प्राप्त हो तो विकृत मानसिकता वाले लोगों का मनोबल बढ़ ही जाता है.

---

जेपीएससी, नियामक आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष नहीं

# दर्जनभर बोर्ड, निगम व आयोग अध्यक्षविहीन

प्रमुख संवाददाता।रांची

झारखंड में भ्रष्टाचार की शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं है. लगभग चार साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी झारखंड में लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हो पाई. लोकसेवकों के भ्रष्टाचार पर काबू पाने के लिए लोकायुक्त की नियुक्ति राज्य सरकार करती है. लगभग चार साल गुजर जाने के बाद भी राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं हो पाई है. सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी का कार्यकाल आठ मई 2020 को पूरा हो गया था. उसके बाद से ही राज्य सूचना आयोग निष्क्रिय है. एक मुख्य सूचना आयुक्त सहित छह आयुक्तों की नियुक्ति का प्रावधान है. सभी छह पद मई 2020 से ही खाली पड़े हैं. अब एक बार फिर से सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है. आवेदन मांगे गये हैं.

**इन बोर्ड, निगमों व आयोग में अध्यक्ष नहीं**

झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग, झारखंड राज्य सूचना आयोग, झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग, अनुसूचित जनजाति आयोग, झारखंड राज्य महिला आयोग, झालको, आरआरडीए, झारखंड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, झारखंड राज्य समाज कल्याण बोर्ड, झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण, लोकायुक्त, नि :सशक्तता आयुक्त.

**यहां आईएएस-आईएफएस काबिज**

जेएसएमडीसी, टीवीएनएल, झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग, झारखंड राज्य वित्त आयोग, झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम.

**जेपीएससी भी अध्यक्षविहीनः** झारखंड लोक सेवा आयोग भी अध्यक्ष विहीन हो गया है. बुधवार को ही आयोग की अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा का कार्यकाल समाप्त हो गया. इनकी जगह किसी को अतिरिक्त प्रभार नहीं दिया गया है. जेपीएससी मुख्य परीक्षा का भी परिणाम जारी होना है. संभावना जताई जा रही है कि 29 अगस्त को होने वाली कैबिनेट की बैठक में अध्यक्ष की नियुक्ति पर फैसला लिया जा सकता है.

**बिजली उपभोक्ताओं की कौन सुनेंः** राज्यभर के 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने वाला झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग भी अध्यक्ष विहीन है. आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ गुप्ता का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो गया. अब आयोग में सिर्फ मेंबर तकनीक अतुल कुमार और मेंबर लॉ महेंद्र प्रसाद ही बचे हैं.

**बोर्ड-निगम व आयोग जिनका हुआ है गठनः** झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड गो सेवा आयोग, झारखंड राज्य आवास बोर्ड, झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद, झारखंड राज्य युवा आयोग, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग, झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग.

---

# महिला पुलिस अधिकारियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आज से

संवाददाता।रांची



सीएम को निमंत्रण पत्र देते डीजीपी अनुराग गुप्ता व एडीजी सुमन गुप्ता.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व व दिशा-निर्देश पर शुक्रवार से दो दिवसीय महिला पुलिस अधिकारियों-कर्मियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित होगा. यह सम्मेलन डोरंडा के जैप-1 स्थित शौर्य सभागार में यह आयोजन होगा. उद्घाटन के दौरान मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहेंगे. इसके झारखंड पुलिस के सभी जिला-इकाइयों में सिपाही, हवलदार, एएसआई, एसआई, इंस्पेक्टर व डीएसपी स्तर की 200 महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी. राज्य में पहली बार यह आयोजन हो रहा है.

एडीजी सुमन गुप्ता ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. इसमें पुलिस और कल्याण मामले में महिलाओं के लिए न्यूनतम सुविधा, प्रशिक्षण की आवश्यकताएं और दृष्टिकोण में परिवर्तन, पुलिस बल में महिलाओं की उन्नति का समर्थन करने वाली नीतियां, पुलिस में महिलाओं के लिए जीवन शैली प्रबंधन, पुलिस में महिलाओं के लिए फोरम, समाज में योगदान मुद्दों पर चर्चा होगी.इस सम्मेलन का थीम है महिला पुलिस, सेवा, सुरक्षा व सम्मान.

**सम्मेलन में शामिल होने का दिया निमंत्रण**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को सीएम आवासीय कार्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता और एडीजी सुमन गुप्ता ने मुलाकात की. इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रथम दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन- 2024 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने को लेकर निमंत्रण पत्र सौंपा. सम्मेलन के समापन के दौरान सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन शामिल होंगे. 23 अगस्त को यह सम्मेलन 12.15 से शुरू होगी और पांच बजे शाम तक चलेगी. वहीं दूसरे दिन यानि 24 अगस्त को यह सम्मेलन सुबह के 9.30 बजे से शुरू होगी और दोपहर 2.30 बजे समापन होगा.

---

# थाना प्रभारियों की पोस्टिंग में नियमों की अनदेखी

सौरव सिंह ।रांची

राज्य के कई जिलों में थाना प्रभारियों के तबादले में नियमों की अनदेखी की जा रही है. जिलों के एसपी पांच-छह माह में थाना प्रभारी का तबादला कर दे रहे हैं. जबकि नियम के अनुसार, थाना प्रभारी तबादला का कम से कम दो वर्ष के बाद होनी चाहिए. अगर किसी थाना प्रभारी के खिलाफ कोई आरोप है या जो काम में लापरवाह या अक्षम है, तो उनका तबादला रेंज डीआईजी के अनुमोदन के बाद किया जा सकता है. लेकिन यहां हालात बिल्कुल अलग है. कुछ जिलों के एसपी दूसरे कारणों से तबादला कर देते हैं. कई बार डीआईजी से अनुमति तक नहीं लेते. इन सबके पीछे की वजह तबादला का एक उद्योग बन जाना है.

**प्रतिनियुक्ति का भी चल रहा खेल :** पुलिस विभाग में प्रतिनियुक्ति का अलग ही खेल तेजी से बढ़ा है. यानी अस्थायी थाना प्रभारी का. एसपी पोस्टिंग के बदले प्रतिनियुक्त कर देते हैं. यानी प्रभारी का पद भरा हुआ भी है और खाली भी. जब तक एसपी की मर्जी तब तक थानेदारी. जब तक एसपी खुश, तब तक अफसर की थानेदारी. प्रतिनियुक्ति के इस खेल में एसपी को डीआईजी से किसी तरह की अनुमति लेने की जरूरत ही नहीं पड़ती.

**बिना अनुमति बदले के कई मामलेः** हाल के दिनों में अलग-अलग जिलों में डीआईजी की अनुमति लिए बिना एसपी ने थानेदारों का तबादला किया है. चार मार्च को हजारीबाग के एसपी ने गिद्दी और बरकट्ठा के थाना प्रभारी का तबादल डीआईजी से बिना अनुमति लिए कर दिया था. 10 जून को डीआईजी से स्वीकृति लिए बगैर चतरा के एसपी ने चार थानेदारों का तबादला कर दिया था. डीआईजी ने इस पर स्पष्टीकरण भी पूछा था. खबरों के मुताबिक गत 20 अगस्त को रांची डीआईजी की अनुमति के बिना ही एसएसपी ने छह ओपी के प्रभारियों का तबादला कर दिया. झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने इसे लेकर डीजीपी को पत्र लिखा है.

---

# गृह सचिव व एडीजी ने किया महिला थाने का निरीक्षण, जानी समस्याएं

संवाददाता।रांची



महिला थाना के पुलिसकर्मियों के साथ गृह सचिव वंदना डाडेल.

गृह सचिव वंदना डाडेल और एडीजी सुमन गुप्ता ने गुरुवार को रांची महिला थाना का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने महिला थाना के सभी पदाधिकारियों और आरक्षियों से परिचय प्राप्त किया, और उनके कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी ली. इस अवसर पर पीड़ित महिलाओं से उनके मामलों के संबंध में बातचीत की गई और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया. साथ ही महिला थाना में उपलब्ध संसाधनों से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की गई.

**संसाधनों की कमी के बारे में एक विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश :** एडीजी सुमन गुप्ता ने महिला थाना की आवश्यकताओं और संसाधनों की कमी के बारे में एक विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए. साथ ही महिला थाना परिसर के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था, और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी गृह सचिव और एडीजी द्वारा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए. इन दिशा-निर्देशों के पालन को सुनिश्चित किया जा रहा है. इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों के साथ संवाद स्थापित किया और उनकी कार्य परिस्थितियों और चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की. एडीजी ने महिला थाना की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुधारों के सुझाव भी दिए.

**सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है :** एडीजी सुमन गुप्ता ने कहा कि आयोजित होने वाले महिला पुलिस सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा महिलाओं द्वारा और उनके सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है. इस दिशा में महिला थाना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य भी महिला थाना की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाना है.

---

# युवाओं को मिला धोखा, पेपर लीक व लाठी : बाबूलाल लाल

संवाददाता।रांची



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है. उन्होंने ट्वीट के जरिए हेमंत सोरेन पर फिर निशाना साधा है. लिखा है कि 2019 में हेमंत सोरेन ने झारखंड के युवाओं को हर महीने 5000 रुपये से लेकर 7000 रुपये तक बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था. बेरोजगार युवाओं को पिछले 5 साल में बेरोजगारी भत्ता के नाम पर एक फूटी कौड़ी तक नहीं मिली. इन 5 सालों में झारखंड के युवाओं को अगर कुछ मिला है, तो वो सिर्फः धोखा ,पेपर लीक और और लाठियों की मार. मरांडी ने दूसरे ट्वीट में कहा है कि लूट और झूठ की बुनियाद पर बनी ठगबंधन की इस सरकार ने झारखंड के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया. 2019 में हेमंत सोरेन ने झारखंड के युवाओं से प्रतिवर्ष 5 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था. 5 साल गुजर गए, लेकिन हेमंत सरकार पारदर्शी तरीके से 5 हजार युवाओं को भी सरकारी नौकरी नहीं दे पाई. आज झारखंड का हर युवा इस अंधेर नगरी चौपट राजा के शासन से तंग आ चुका है. हेमंत सोरेन वादे तो बड़े-बड़े करते हैं, लेकिन पूरा एक भी नहीं करते. लूट और झूठ की ये सरकार युवाओं को सिर्फ और सिर्फ ठगने का काम कर रही है.

---

# बांग्लादेशी घुसपैठ : सुनवाई पांच को

संवाददाता।रांची

बांग्लादेशी मूल के व्यक्तियों द्वारा झारखंड में घुसपैठ कर संथाल परगना इलाके में लैंड जिहाद किये जाने की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार की एजेंसियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था. लेकिन गुरुवार तक केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका. इसके बाद चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तिथि निर्धारित कर दी. इस संबंध में जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है.

**गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांडः पिंटू सिंह को ली बेल**

**रांची।** गैंगस्टर अमन सिंह की जेल में हत्या के आरोपी जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है. पिंटू सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के केस में भी आरोपी है. पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने उसे इस केस में बेल दे दी थी. अमन सिंह हत्याकांड में बेल मिलने के बाद अब वह जेल से बाहर आ सकता है. पिंटू सिंह की बेल पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई. पिंटू सिंह की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने बहस की. अमन सिंह की हत्या पिछले साल धनबाद जेल में ही कर दी गई थी, इस घटना के बाद जेल की सुरक्षा पर कई सवाल खड़े हुये थे. घटना को लेकर कई दिनों तक विरोध प्रदर्शन भी हुआ था.

---

# आरयू : जीई पेपर में शामिल होने का मिलेगा आखरी मौका

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा है कि छात्र हित में सभी छात्र-छात्राओं को जीई पेपर की परीक्षा के लिए एक और मौका दिया जाएगा. इससे संबंधित कागजात रांची विवि के परीक्षा नियंत्रक को भेज दिया है. परीक्षा नियत्रंक ने कहा के जल्द नया नोटिफिकेशन जारी होगा. जीई पेपर से संबंधित छात्रों की समस्या को लेकर युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला ने कुलपति और परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा था. कहा गया था कि यूजी सत्र 2017-20 व 2018-21 के बहुत सारे छात्र-छात्राओं की परीक्षा सूचना के अभाव में छूट गयी थी. मांग की गई थी कि दोनों सत्रों के छात्र-छात्राओं को जीई पेपर की परीक्षा में शामिल होने का एक अंतिम मौका मिले. प्रतिनिधिमंडल में विपिन कुमार यादव, प्रियांशु, आकाश नयन, मृणाल, सचिन, संजीव रंजन, शिवम मिश्रा, गंगाधर महतो, कृति, जयंत, सुबोध, के अलावा कोई सदस्य मौजूद थे.

---

# हड़ताल खत्म, पदों का होगा सृजन, बदलेगा पदनाम, नहीं कटेगा वेतन

संवाददाता ।रांची

अपर मुख्य सचिव से वार्ता व कई मुद्दों पर सहमति के बाद झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) का हड़ताल समाप्त हो गया है. कर्मचारी संघ के सभी सदस्य नौ सूत्री मांगों को लेकर 22 जुलाई से हड़ताल पर थे. बुधवार को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, कार्मिक सचिव और संघ के पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई. इसमें हड़ताल को समाप्त करने पर सहमति बनी. वार्ता सचिवालय भवन में हुई. हड़ताल खत्म करने की घोषणा के बाद गुरुवार से राज्य भर के जिला समाहरणालयों, अनुमंडल, प्रखंड व अंचल कार्यालयों में पहले की तरह काम-काज शुरू हो गया है.

**इन मांगों पर बनी सहमति :** समाहरणालय संवर्ग के निम्नवर्गीय लिपिक का पदनाम सहायक, उच्चवर्गीय लिपिक का पदनाम वरीय सहायक, प्रधान लिपिक का पदनाम सहायक प्रशासी अधिकारी, कार्यालय अधीक्षक का पदनाम प्रशासी अधिकारी (ग्रेड-2) और प्रशासी अधिकारी का पदनाम प्रशासी अधिकारी (ग्रेड-1) होगा. कार्मिक विभाग जल्द ही आदेश जारी करेगी. **पदसृजन** की कार्रवाई राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किया जा रहा है. सभी जिलों से प्रस्ताव विभाग को प्राप्त होने के डेढ़ माह के भीतर पद सृजन कर दिया जायेगा.

**अपर** मुख्य सचिव अविनाश कुमार की अध्यक्षता में एक कमिटी गठित की जाएगी, जिसमें कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग तथा वित्त विभाग के संयुक्त सचिव से रैंक के पदाधिकारी सदस्य होंगे. यह कमेटी समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों के हितों पर निर्णय लेगी और सरकार से अनुशंसा करेगी.

**क्या हैं मांगें**

**लिपिक** का ग्रेड पे 2400 रुपया, उच्चतर पदों पर ग्रेड पे में बढ़ोतरी तथा प्रशासी अधिकारी के पद पर योगदान की तिथि से ही ग्रेड पे 5400 रुपये दें.

**चतुर्थवर्गीय** कर्मियों के संबंध में बिहार राज्य की तरह बिना परीक्षा के अर्हता एवं योग्यता के आधार पर प्रोन्नति एवं सेवा काल के आधार पर वेतन बढ़ोतरी हो.

**आउटसोर्सिंग** पर कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं संविदा कर्मियों के वेतन विसंगति को दूर किया जाये और दूसरे राज्यों में लागू आयु सीमा को यहां भी लागू की जाये.

**प्रशासी** अधिकारी के कार्य व दायित्व निर्धारण हो.

**राज्य** प्रशासनिक सेवा के सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए ग्रेड पे और उम्र सीमा की बाध्यता को समाप्त किया जाये.

**झारखंड** अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) के आह्वान हड़ताल पर गए कर्मियों को हड़ताल अवधि का वेतन नहीं काटा जाये.

**लौटी रौनक, कामकाज शुरू**

**रांची।** समाहरणालय कर्मियों की हड़ताल समाप्त होने के बाद सभी जिलों के डीसी कार्यालय, अनुमंडलीय कार्यालय, प्रखंड कार्यालय व अंचल कार्यालयों में रौनक लौट आई है. कर्मचारी काम पर लौट आये हैं. अगले एक-दो दिन में काम-काज नियमित हो जाने की उम्मीद है. उल्लेखनीय है कि पिछले एक माह से हड़ताल की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था. जिला स्तर पर होनेवाले काम समय पर नहीं हो पा रहे थे.


---

क्लासिफाइड









तापमान
29.2⁰ अधिकतम | 22.0⁰ न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 23 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 135 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**मंइयां सम्मान योजना :** सीएम का वादा, अगली सरकार बनने पर सालाना एक-एक लाख देंगे

# कितना भी जोर लगा लो हम डरने वाले नहीं : हेमंत सोरेन

- पलामू, गढ़वा और लातेहार की महिलाओं को एक-एक हजार रुपये ट्रांसफर किये

**विशेष संवाददाता। मेदिनीनगर/रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले की महिला लाभुकों को मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की पहली किस्त की राशि दी. यहां कुल पांच लाख 91 हजार 919 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर किया गया. सीएम ने गुरुवार को वीर नीलांबर पीतांबर की धरती पर थे. इस मौके पर सीएम ने कहा कि आज हमने एक-एक हजार रुपये देना शुरू किया है. ये चलता रहेगा. आने वाले पांच सालों के अंदर हम हर घर तक एक-एक लाख पहुंचाने का काम करेंगे. यह हम वादा करते हैं.

मुख्यमंत्री ने भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखे हमले किए. सोरेन ने कहा कि नवंबर-दिसंबर में राज्य में चुनाव होने जा रहा है. लोकसभा चुनाव में भी इन लोगों ने इतना हिंदू-मुस्लिम किया कि देश कि जनता ने इनको जबरदस्त तमाचा मारा. इन्हें सरकार बनाने के लिए बैसाखी का सहारा लेना पड़ा. इनके पास कोई मुद्दा, कोई एजेंडा भी नहीं है. पहले ये लोग हमे भ्रष्टाचारी कहते थे, हमको जेल में डाल दिया, पर हम आज आपके सामने खड़े हैं. जब यहां के नेताओं से इनकी पार्टी नहीं संभल रही, तो ये छत्तीसगढ़, असम और मध्य प्रदेश से नेता लाते हैं. यहां पर झूठी बयानबाजी करते हैं. विधायक और सांसदों को तोड़ने-फोड़ने का काम करते हैं. खैर हम इनसे डरने वाले नहीं है. ऐसे कई लोग आएंगे और जाएंगे. कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बैजनाथ राम, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, विधायक रामचंद्र सहित कई गणमान्य व अन्य उपस्थित थे.


पलामू में महिला लाभुक को सांकेतिक चेक सौंपते सीएम हेमंत सोरेन और मंच पर मौजूद सूबे के मंत्रीगण.

### केंद्र सरकार और भाजपा युवाओं को गर्त में ले गई

सीएम ने रांची में भाजपा की होने वाली युवा आक्रोश रैली पर तंज कसा. कहा कि युवाओं का भविष्य तो इन लोगों ने गर्त में डाल दिया. सबसे ज्यादा फौज में भर्ती होती थी, वहां नियुक्ति बंद है. कोल इंडिया में सबसे ज्यादा नियुक्ति होती थी, वो भी बंद हो गयी. बैंक में नियुक्तियों को भी बंद कर दिया गया. अब नियुक्तियों का सारा बोझ राज्य सरकार पर डाल दिया गया है.

**हमने हार नहीं मानी, नियुक्ति पर नियुक्ति की :** हेमंत ने कहा कि हमने हार नहीं मानी. हम हजारों नियुक्तियां दे रहे हैं. चाहे वह जेपीएससी के माध्यम से हो, पंचायत सचिव, शिक्षक या कृषि विभाग में नियुक्ति हो. हमने अनेक नियुक्तियां की. अभी सिपाही की भी बहाली होनी है, जिसकी प्रक्रिया अंतिम चरण में है. उत्पाद सिपाही की भी नियुक्ति होनी है.

**हमारी नीतियों को कोर्ट में उलझा कर रखते हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में न कोई नियम बना, न ही कोई नीति. अगर, हम कोई नीति बनाते हैं, तो उसे अंवैधानिक कहते हुए कोर्ट ले जाकर उलझा देते हैं. हमलोग स्थानीय नीति, नियोजन नीति बनाए, तो ये लोग कोर्ट चले गये. ये लोग धर्म के नाम पर समाज में जहर घोलने का काम करते हैं.

**हमारी सरकार हेडक्वार्टर से चलने वाली नहीं है :** हेमंत ने कहा कि महागठबंधन की सरकार हेडक्वार्टर से चलने वाली सरकार नहीं है. यह गांव-देहात से चलने वाली सरकार है. जहां कभी कोई पदाधिकारी नहीं गया, उस गांव में पदाधिकारियों को पहुंचाया. गांव-गांव सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला कर योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाया गया.

**कोरोना खत्म होते ही सरकार गिराने की साजिश हुई थी**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना के समय में हमारी महिला दीदियों ने गांव-गांव पंचायत-पंचायत में गरीब-गुरबों को खाना खिलाया था. हमने साढ़े चार साल में जो लकीर खींची है, वो ये लोग 20 साल में तो क्या, 50 साल में भी नहीं कर पाएंगे. जब कोरोना का बादल छंटा, तो विपक्ष के लोग सरकार गिराने में लग गये.

## मौसम था खराब, सीएम ने उठाया रिस्क

**रांची।** सीएम ने पलामू जाने के क्रम में बड़ा रिस्क उठाया. इसकी वजह खराब मौसम है. सीएम ने उन्होंने इस बात का जिक्र पलामू में आयोजित जनसभा में भी किया. सीएम ने कहा कि हवा का दबाव हेलीकॉप्टर पर पड़ रहा था. सुनने में समस्या हो रही थी. इसके बाद भी मैनें कैबिनेट मंत्रियों के साथ सफर किया. उन्होंने रांची से पलामू की सफर का जिक्र करते हुए कहा कि मौसम काफी खराब था. चिंता हो रही थी कि पहुंच पाएंगे या नहीं. मौसम खराब होने के वावजूद हेलीकॉप्टर पर सवार हुए. सीएम ढ़ाई बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डा पहुंचे. उनके साथ श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर और कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी थीं.

# मोरहाबादी में युवा आक्रोश रैली आज, भाजपा दिखाएगी ताकत

**राजनीति**

**संवाददाता। रांची**

विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर में होने हैं. राज्य में राजनीतिक गतिविधियां बढ़ी हुई हैं. राजनीतिक दल अपने-अपने तेवर दिखा रहे हैं. इन सबके बीच भारतीय जनता युवा मोर्चा की झारखंड इकाई ने 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली का आयोजन किया है. रैली रांची के मोरहाबादी मैदान में होगी. रैली में भाजपा युवा मोर्चा के राज्य भर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे. इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत झारखंड भाजपा के तमाम बड़े नेता भी रैली में शामिल होंगे.

जानकारी के मुताबिक रैली की तैयारी पूरी कर ली गई है. मोरहाबादी मैदान में मंच तैयार कर लिया गया है. साथ ही हर जिले में जिला के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को रांची लाने की तैयारी की है. भाजपा किसी भी स्थिति में इस रैली को सफल बनाना चाहती है. यही कारण है कि संगठन के हर मोर्चा के पदाधिकारियों को रैली में भीड़ लाने का काम सौंपा गया है.

**राज्य सरकार को घेरेंगे नेता :** रैली के बहाने प्रदेश भाजपा हेमंत सरकार को भी घेरेगी. भाजपा ने युवाओं से आह्वान किया है कि प्रदेश के युवाओं को राज्य सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लेना चाहिए. जिस प्रकार मुंगेरीलाल के हसीन सपने झारखंडी युवाओं को दिखाए थे, उसका पर्दाफाश जरूरी है. भाजपा नेता लगातार यह कहते रहे हैं कि पिछले चार सालों में हेमंत सरकार झारखंड के युवाओं को ठग रही है. युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है.


मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली को लेकर तैयार मंच. -फोटो- रमीज

### हेमंत से न सरकार संभल रही न पार्टी : शिवराज

**रांची।** झारखंड भाजपा प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार भाजपा के जन आक्रोश रैली से डर चुकी है. भाजपा के कार्यकर्ताओं को जगह जगह रोका जा रहा है. यह अन्याय की अति है, जुल्म की पराकाष्ठा है. एक डरा हुआ मुख्यमंत्री ही ऐसा कर सकता है. वे गुरुवार की शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन से न झारखंड संभल रहा है और न पार्टी. चौहान ने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता ऐसी गीदड़भभकी से डरने वाले नहीं हैं. कहा- अन्याय के खिलाफ भाजपा का हर एक कार्यकर्ता लड़ेगा. झारखंड की जनता को अहिंसात्मक तरीके से न्याय दिला कर रहेंगे. हेमंत सरकार इस आंदोलन को कुचल नहीं सकती है. चौहान ने कहा कि हमें तो इंदिरा भी नहीं रोक पाई थीं, तो हेमंत क्या रोक पाएंगे. शिवराज सिंह ने अंत में शायरी के माध्यम से हेमंत सोरेन पर तंज कसा, कहा- मूर की एक किरण जुलमात पे भारी होगी, रात तुम्हारी है तो सुबह हमारी होगी.



### मोरहाबादी के आसपास निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** मोरहाबादी मैदान के 500 मीटर की परिधि में (मैदान को छोड़कर) निषेधाज्ञा लागू की गयी है. निषेधाज्ञा 23 अगस्त की सुबह 11 बजे से रात के 11 बजे तक प्रभावी रहेगी. इस दौरान किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा के आयोजन, अस्त्र शस्त्र आदि लेकर निकलने, क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने पर पाबंदी रहेगी. सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश के मुताबिक, प्रशासन को आशंका है कि शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान के आसपास शांति भंग हो सकती है. इसी मद्देनजर बीएनएसएस की धारा 163 लागू की गयी है.

**ब्रीफ खबरें**

### रैली को लेकर शहर जाम रहने की संभावना

**रांची।** राजधानी में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का अधिकार मार्च व भाजपा का युवा आक्रोश मार्च है. इससे शहर में जाम की स्थिति बने रहने की संभावना है. शहर के विभिन्न इलाके प्रभावित रह सकते हैं और जाम की स्थिति बनी रह सकती है. भाजपा का कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान में है. सुरक्षा को देखते हुए मोरहाबादी क्षेत्र में निषेधाज्ञा भी लागू की गयी है.


### 541 सिपाहियों का तबादला किया गया

**रांची।** झारखंड पुलिस ने 541 सिपाहियों का तबादला किया है. राज्य अलग-अलग जिला बल और इकाई में पदस्थापित सिपाहियों के द्वारा झारखंड पुलिस मुख्यालय में ट्रांसफर के लिए आवेदन दिया गया था. जिसके बाद शिकायत कोषांग की बैठक में सिपाहियों के ट्रांसफर को लेकर निर्णय लिया गया. पुलिस मुख्यालय के द्वारा जिलों के एसएसपी, एसपी और इकाई के प्रमुख को निर्देश दिया गया है कि जिन सिपाहियों का ट्रांसफर हो गया है. उन्हें तुरंत विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं.

### वाहन की चपेट में आने से वार्ड सदस्य की मौत

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के रिंगरोड के कवाली में गुरुवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है. मृतक की पहचान बरगावां निवासी बिमल कुमार के रूप में हुई है. बिमल कुमार बरगावां पंचायत के वार्ड सदस्य थे. सड़क दुर्घटना में वार्ड सदस्य की मौत की सूचना मिलने के बाद काफी संख्या में बरगावां के आसपास के लोग घटनास्थल पहुंच गए और विरोध में सड़क जाम कर दिया. इधर, सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची. पुलिस द्वारा समझाने के डेढ़ घंटे बाद लोग माने और जाम हटाया गया. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

## आज से ड्यूटी पर लौटेंगे रिम्स के जूनियर डॉक्टर



रिम्स के चिकित्सकों द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला. फोटो- शुभम किशोर.

**रांची।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना को लेकर रिम्स में जारी जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल समाप्त हो गया. सुप्रीम कोर्ट की अपील और निर्देशों को स्वीकार करते हुए जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया है. शुक्रवार से सभी डॉक्टर ड्यूटी देंगे. वहीं, गुरुवार को रिम्स के जूनियर, सीनियर सभी डॉक्टरों ने कोलकाता की घटना के विरोध में मानव श्रृंख्ला बनाया. रिम्स के खेल ग्राउंड में सभी चिकित्सकों ने मिलकर वी स्टैंड विथ आरजी कर लिखा. इस मानव श्रृंखला में चिकित्सकों के अलावा रिम्स के अधीक्षक, डीन, वरीय उपाधीक्षक, उपाधीक्षक, स्टूडेंट वेलफेयर डीन सहित अन्य सभी मौजूद रहे.

# लापता विमान के प्रशिक्षक व प्रशिक्षु पायलट का शव बरामद

- आज से लापता विमान को खोजेगी भारतीय नौसेना

**संवाददाता। चांडिल/जमशेदपुर**

जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डा से उड़ान भरने के बाद लापता हुए टू सीटर प्रशिक्षण विमान में सवार प्रशिक्षक व प्रशिक्षु पायलट का शव गुरुवार को चांडिल डैम में उपलाता हुआ बरामद किया गया. अल्केमिस्ट एविएशन के ट्रेनी विमान के प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता का शव सुबह किस्टोपुर के पास बरामद किया गया, वहीं प्रशिक्षक पायलट जीत शत्रु आनंद का शव चांडिल डैम के किनारे स्थित पियालडीह के निकट बरामद किया गया.

टीम ने पायलट के यूनिफार्म पर लगे नेम टैग में लिखे नाम के आधार पर शव की पहचान की. बता दें कि शुभ्रोदीप दत्ता आदित्यपुर के रहने वाले थे, जबकि पायलट जीत शत्रु आनंद पटना (बिहार) के मीठापुर के रहने वाले थे. दोनों अल्केमिस्ट एविएशन के विमान से प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरे थे. लेकिन, उड़ान भरने के 15 मिनट बाद ही विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कट गया था.


चांडिल डैम में प्रशिक्षु पायलट के शव को बोट में रखती एनडीआरएफ की टीम.

### बेटे का शव मिलने के बाद बिलख पड़ी मां

गुरुवार की सुबह एनडीआरएफ और स्थानीय तैराकों की टीम को वापस लौटती देख प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता की मां शुभ्रा देवी चांडिल एसडीओ से बेटे की जानकारी लेने लगी. बेटे के वियोग में एसडीओ से लिपट कर चित्कार मारते हुए रोने लगी. इस दौरान समूचा डैम परिसर का माहौल गमगीन हो गया. जैसे ही लाश को बाहर निकाला गया मृत पायलट के परिजन एंबुलेंस के पास पहुंचे और लाश को देखने की जिद करने लगे. काफी मुश्किल से उन्हें एंबुलेंस से नीचे उतारा गया.

इसके बाद बुधवार सुबह से एनडीआरएफ की टीम के साथ स्थानीय प्रशासन विमान की खोज में लगा था.

**डैम में लापता विमान की खोजबीन करेगी नौसेना :** चांडिल डैम में गिरे एयरक्राफ्ट की खोज अब भारतीय नौसेना करेगी. शुक्रवार की सुबह से अभियान चलाया जाएगा. एसडीओ शुभ्रा रानी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह नेवी की 15 सदस्यीय टीम, 4 हाइड्रोसेलर्स मशीन व अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ दिन के 11 बजे चांडिल डैम पहुंची. टीम ने विमान और लापता प्रशिक्षक पायलट की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू किया. अब इंडियन नेवी शुक्रवार को लापता विमान की खोज शुरू करेगी.

## आक्रोश रैली के जवाब में झामुमो का झारखंडी अधिकार मार्च आज

**विशेष संवाददाता। रांची**

- रांची समेत, सभी 24 जिलों में निकाला जाएगा मार्च
- केंद्र सरकार व भाजपा की नीतियों का करेंगे विरोध

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा गुरुवार को आयोजित युवा आक्रोश रैली के जवाब में झामुमो ने भी अपना कार्यक्रम घोषित कर दिया है. झामुमो रांची समेत सभी 24 जिलों में झारखंडी अधिकार मार्च का आयोजन करेगी. रांची में यह मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक जाएगा. पार्टी केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि झामुमो का झारखंडी अधिकार मार्च झारखंडी हित को नुकसान पहुंचाने वालों के लिए चेतवानी है.

**हेमंत की लोकप्रियता से घबरा गयी है भाजपा :** पांडेय ने कहा कि राज्य गठन के बाद 20 वर्ष तक भाजपा की सरकार झारखंड की सत्ता का भोग करती रही. 2019 में जब झारखंडी जनता ने इनके हाथ से सत्ता छीन कर एक युवा आदिवासी नेता हेमंत सोरेन को सौंपी, तो भाजपाई बौखला गए कि आदिवासी सत्ता कैसे संभाल सकता है.

**झूठे आरोप में हेमंत को डाल दिया गया जेल में :** झामुमो महासचिव ने कहा कि पहले तो सरकार गठन के बाद ये सरकार गिराने की जुगत में लगे रहे, लेकिन जब इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली, तो राज्य के मुख्यमंत्री को झूठे आरोप में जेल में डाल दिया, लेकिन सच की हमेशा जीत होती है. राज्य की जनता भाजपा के द्वेष की राजनीति को समझ गई है. वह जान गई झारखंड में महागठबंधन की सरकार ही सही मायने में झारखंडी हितों की संरक्षक है.

### शहर में लार्विसाइडल का छिड़काव व फॉगिंग

**रांची।** शहर में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेशिया के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए निमग द्वारा बड़े स्तर पर मच्छरों के प्रजनन स्रोत को नष्ट किया जा रहा है. मच्छरों के प्रजनन स्रोत को नष्ट करने के लिए शहर में लार्विसाइडल का छिड़काव, फॉगिंग व डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है. इस क्रम में गुरुवार को निगम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों धुर्वा, हिंदपीड़ी, बर्धमान कंपाउंड, कांटाटोली, लोवाडीह, बरियातू, दर्जी मोहल्ला डोरंडा, कर्बला चौक में वृहद स्तर पर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया. इसके अलावा उक्त क्षेत्रों में लार्वा की पहचान करते हुए उसे भी नष्ट किया गया.

**हायर एजुकेशन** पीएम उषा योजना के तहत कॉलेज होंगे अपग्रेड, बढ़ेगी सुविधाएं

# राष्ट्रीय औसत से 10.4% कम है नामांकन दर

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात राष्ट्रीय औसत से 10.4 फीसदी कम है. राष्ट्रीय औसत 26.4 फीसदी वहीं झारखंड के उच्च शिक्षण संस्थानों में सकल नामांकन अनुपात सिर्फ 18 फीसदी है. इसमें सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी उच्चतर शिक्षण संस्थानों को बहुविषयक के रूप में विकसित किया जाना है. सकल नामांकन अनुपात को वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इसी को देखते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन दर बढ़ाने और गुणवत्ता में सुधार के लिए पीएम उषा (राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान) की शुरूआत की गई है. इसके लिए भारत सरकार और झारखंड सरकार के बीच एकरारनामा भी किया गया है. विभिन्न कॉलेजों के अपग्रेडेशन के लिए 24 करोड़ 67 लाख 32 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है.

**सिदो-कान्हू यूनिवर्सिटी को मिले 6.63 करोड़ :** वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएम-उषा के तहत सिदो-कान्हू यूनिवर्सिटी को छह करोड़ 63 लाख 97 हजार 700 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है. इसके तहत एसपी महिला कॉलेज, दुमका में जी प्लस थ्री के एकेडेमिक भवन का निर्माण किया जाएगा. साथ ही अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी.

**नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी को 8.04 करोड़ :** प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के जीएलए कॉलेज, डालटनगंज के अपग्रेडशन पर खर्च के लिए आठ करोड़ चार लाख 10 हजार 700 रुपये प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है. इस राशि से जी प्लस फोर का भवन बनाया जाएगा, जिसमें लाइब्रेरी भी रहेगी. इसके अलावा नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी के सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में क्लास रूम, लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब स्थापित किया जाएगा. यह भवन जी प्लस टू होगा. इसके लिए चार करोड़ 99 लाख 91 हजार 500 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है.

**विनोबा भावे यूनिवर्सिटी को 4.99 करोड़ स्वीकृत :** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विनोबा भावे यूनिवर्सिटी को कॉलेजों के अपग्रेडेशन के लिए चार करोड़ 99 लाख 32 हजार 100 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है. इस राशि से वनांचल कॉलेज, टंडवा में एकेडेमिक भवन, क्लास रूम और लैब का निर्माण किया जाएगा. यह भवन जी प्लस टू होगा.

गृह सचिव और एडीजी ने किया महिला थाना का निरीक्षण

# महिला थाना को सुदृढ़ बनाने पर जोर

**संवाददाता। रांची**

गृह सचिव वंदना डाडेल और एडीजी सुमन गुप्ता ने गुरुवार को रांची महिला थाना का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने महिला थाना के सभी पदाधिकारियों और आरक्षियों से परिचय प्राप्त किया और उनके कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी ली. इस दौरान पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया.

**संसाधनों की कमी की दें लिस्ट :** एडीजी सुमन गुप्ता ने महिला थाना की आवश्यकताओं और संसाधनों की कमी के बारे में एक विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए. साथ ही महिला थाना परिसर के रखरखाव, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी गृह सचिव और एडीजी द्वारा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए. उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों की कार्य परिस्थितियों और चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की.


रांची महिला थाना में मौजूद गृह सचिव वंदना डाडेल व एडीजी सुमन गुप्ता.

**सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है :** एडीजी सुमन गुप्ता ने कहा कि झारखंड पुलिस, महिला पुलिस सम्मेलन का आयोजन कर रही है. इसका उद्देश्य महिलाओं द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तीकरण को सुनिश्चित करना है. इस दिशा में महिला थाना की भूमिका महत्वपूर्ण है. महिला थाना की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाना है.

### रांची पहुंचे नए पीसीसी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस भवन में जोरदार स्वागत, अध्यक्ष ने पदभार संभाला

# राज्य में अगली सरकार फिर इंडिया गठबंधन की बनेगी : केशव

विशेष संवाददाता। रांची

नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रांची पहुंचे. शहर के कई चौक-चौराहों पर महान विभूतियों को नमन करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचे, जहां पर उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया. उन्होंने राजेश ठाकुर से अपना पदभार ग्रहण किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतार दिया गया तो राज्य में अगली सरकार भी इंडिया गठबंधन की ही बनेगी.

चाहे वो अबुआ आवास योजना हो या मंईयां सम्मान योजना या फिर ऋण माफी. इन सबको राज्य में



कांग्रेस भवन में नवनियुक्त पीसीसी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश.

धरातल में उतारने की पूरी कोशिश होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा. मेरा प्रयास होगा इस संगठन को गांव से मोहल्ला टोला तक पहुंचाया जाए. महतो ने कहा कि मैं एक साधारण कार्यकर्ता और किसान का बेटा हूं.

उन्होंने कहा कि वे डॉ रामेश्वर उरांव के पारदर्शी काम को हमने फॉलो किया. एक साधारण कार्यकर्ता राजेश ठाकुर के नेतृत्व में मैंने किया. मुझे पिछड़ा वर्ग का सदस्य बनाया गया. मैं मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल और गुलाम अहमद मीर के प्रति आभार प्रकट करता हूं. कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास रहा है. हम सब मिलकर कांग्रेस को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेंगे.

**नवनियुक्त अध्यक्ष का भव्य स्वागत हुआ :** इससे पूर्व कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव का कांग्रेस भवन में अभिनंदन किया गया. केशव महतो कमलेश का रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया. जहां से जुलूस की शक्ल में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कमलेश ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर, अमर शहीद बिरसा मुंडा, शहिद नागेश्वर महतो, वीर बुधु भगत, स्वर्गीय कार्तिक उरांव, वीर सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचे जहां उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष राजेश ठाकुर से पदभार ग्रहण किया.

## तीन साल बाद कांग्रेस ऑफिस पहुंचे पार्टी के तीन निलंबन मुक्त नेता

**रांची।** तीन बाद बाद कांग्रेस के तीन वरिष्ठ नेता आलोक दूबे, किशोर शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता गुरुवार को कांग्रेस भवन पहुंचे. इन तीनों नेताओं को प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ मुखर होने पर निलंबित कर दिया गया. बाद में इन्हें निलंबन मुक्त किया गया. ये तीनों नेता नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का रांची आगमन पर स्वागत किया. कांग्रेस नेताओं ने रांची एयरपोर्ट पर पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया. कांग्रेस नेता जुलूस के साथ विभिन्न चौक चौराहों पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन



नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत करते कांग्रेस नेता व कायकर्ता.

पहुंचे. कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो व विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत किया.

कांग्रेस नेताओ ने कहा झारखंड की सभ्यता और संस्कृति में रचे बसे संपूर्ण झारखंड की आवाज डॉ रामेश्वर उरांव को झारखंड कांग्रेस के विधायक दल के नेता व केशव महतो कमलेश को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप कर पार्टी हाईकमान ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है. इससे आगामी विधानसभा के चुनाव में उसका पूरा फायदा गठबंधन की सरकार को मिलेगा. दोनों के नेतृत्व में निश्चित रूप से झारखंड में कांग्रेस और भी मजबूत संगठन बनकर उभरेगी और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को और भी मजबूती मिलेगी. संपूर्ण झारखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं खुशी की लहर है

### ब्रीफ खबरें

#### चिराग पासवान 25 अगस्त को रांची में

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 25 अगस्त को एक दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगे. पासवान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 25 अगस्त को होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित होगा. इस बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, सांसद वीणा देवी, सांसद शाम्भवी चौधरी, सांसद अरुण भारती, सांसद राजेश वर्मा सहित देश के सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष सहित केंद्र शासित प्रदेशों के अध्यक्ष एवं विधायक, पूर्व विधायक सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. प्रधान गुरुवार को डोरंडा स्थित श्रीकृष्णा एन्क्लेव में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे.

#### बीआईटी के प्रोफेसर की पत्नी ने की खुदकुशी

**रांची।** रांची के बीआईटी ओपी क्षेत्र स्थित इंजीनियरिंग संस्थान बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर की पत्नी ने गुरुवार को पंखे में फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली. कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सुमित कुमार जाना की पत्नी सतरूपा पटनायक ने खुदकुशी कर ली है. घटना की सूचना मिलते ही मेसरा ओपी प्रभारी रौशन कुमार सहित सशस्त्र बल मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. पुलिस को प्रोफेसर ने जानकारी दी है कि मृतका का रिनपास में इलाज चल रहा था.

#### निकाय चुनाव मामले में 27 को होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार की अपील पर अब विस्तृत सुनवाई 27 अगस्त को होगी. मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को हुई. इससे पहले गुरुवार को सुबह 10:30 बजे प्रतिवादी पूर्व पार्षद रोशनी खलखो की ओर से कोर्ट से इस केस की जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया गया था. इसके बाद खंडपीठ ने मामले की सुनवाई दोपहर 3:45 निर्धारित की. सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ऑनलाइन रूप से जुड़े. प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने कोर्ट से कहा कि राज्य सरकार निकाय चुनाव कराने को लेकर टालमटोल रवैया अपना रही है, हर बार समय लेकर इस मामले को टालने का प्रयास सरकार कर रही है.

# आरआरडीए क्षेत्र में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य कराएं : सुनील

- नगर विकास एवं आवास विभाग की हुई समीक्षा बैठक-रांची स्मार्ट सिटी में बिग प्लेयर्स को आमंत्रित करने का होगा प्रयास
- जो संस्था जमीन लेकर विकास कार्य शुरू नहीं कर रहे हैं उनका एलॉटमेंट रद्द करें

विशेष संवाददाता। रांची

राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा है कि रांची स्मार्ट सिटी में आधारभूत संरचना का विकास हो चुका है. उन्होंने कहा कि अगर कोई भी संस्था जमीन लेकर विकास कार्य नहीं शुरू करती है, तो उनका एलॉटमेंट रद्द करें. अब यहां कुछ बिग प्लेयर्स को आमंत्रित करने की जरूरत है, जिससे विकास को और गति मिलेगी.

उन्होंने जीआरडीए क्षेत्र में विकसित हो रहे कोर कैपिटल के विकास को लेकर भी नयी गाइडलाइन जारी करने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि आरआरडीए क्षेत्र में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य हो यह सुनिश्चित करें. उक्त बातें नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कही. बैठक में राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार आदि मौजूद थे.



नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा करते प्रधान सचिव सुनील कुमार.

#### कई योजनाओं की हुई समीक्षा

बैठक में वरीय अधिकारियों द्वारा नगर निवेशन, नागरिक सुविधा, परिवहन मद, जलापूर्ति, स्थापना मद,15वें वित्त आयोग के तहत चल रही योजनाओं और उनकी अद्यतन जानकारी भी प्रधान सचिव को दी गयी. अगले क्रम में रांची स्मार्ट सिटी, जीआरडीए, आरआरडीए, माडा और राज्य शहरी विकास अभिकरण के अंतर्गत चल रही योजनाओं की समीक्षा होगी.

#### दिए गए निर्देश

- रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में रीवर फ्रंट डेवलपमेंट और अन्य पार्क डेवलपमेंट के लिए टेंडर और डीपीआर की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश.
- जीआईएस सब स्टेशन हटिया ग्रिड से कनेक्ट है, इसे बुढ़मू ग्रिड से जोड़ने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा.
- कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर से एआई आधारित चालान भेजना अविलंब शुरू करें.
- ई ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू करें और कोशिश करें कि कुछ बिग प्लेयर्स स्मार्ट सिटी में निवेश करें. इसके लिए बड़ी कंपनियों को रांची स्मार्ट सिटी एबीडी क्षेत्र में निर्मित आधारभूत संरचना का परिभ्रमण कराएं.
- प्रधान सचिव ने जीआरडीए के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वो उन सभी संस्थाओं को नोटिस देकर उनकी कार्य योजना की जानकारी लें कि जो उन्होंने यहां जमीन ली है, उसपर विकास कार्य क्यों नहीं शुरु हुआ.
- कोर कैपिटल क्षेत्र में जमीन लेने वाली संस्थाओं के लिए एक गाइडलाइन जारी करें कि किस प्रकार का विकास यहां हो सकता है. गाइडलाइन के निर्धारण में रांची नगर निगम की मदद ली जाए.
- इस क्षेत्र में विकास का तौर तरीका कैसा होगा, भवन कैसे होंगे ? ये सभी बातें एसओपी में होनी चाहिए. निर्माण के लिए समय सीमा का भी निर्धारण होना जरूरी है.
- नक्शा पास करते वक्त आसपास की सड़कों की चौड़ाई, निर्माण के दौरान एफएआर आदि की जानकारी दें.
- बायलॉज और मास्टर प्लान का अनुपालन कराएं.
- महत्वपूर्ण पदों पर प्रतिनियुक्ति जल्द की जाएगी.
- प्राधिकार क्षेत्र में उपलब्ध 3,522 एकड़ जमीन का स्टेटस उपलब्ध कराएं.
- रांची स्मार्ट सिटी के तर्ज वहां विकास की योजना बनाएं,सरकार मदद करेगी.
- तोपचांची झील के आसपास सौंदर्यीकरण हो.
- तोपचांची झील के पास आधारभूत संरचना का विकास कर पर्यटकों को आकर्षित करें.
- शहरी क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की योजनाओं में गति लाएं.
- जहां जमीन की अनुपलब्धता या एनओसी को लेकर समस्या है, विभाग समन्वय स्थापित कर जिला प्रशासन से बात करें.
- स्वच्छता, अमृत योजना और नमामि गंगे की परियोजनाओं से संबंधित डीपीआर, टेंडर और प्रशासनिक स्वीकृति के कार्य में गति लाएं.
- पाइपलाइन के कार्य के दौरान जुडको यह सुनिश्चित करें कि वो रोड कटिंग नहीं करेंगे,खासकर ब्लैक टॉप सड़क को टच न करें, अगर बहुत जरूरी हुआ तो तुरंत सड़क मरम्मत करें.

## महिला चिकित्सक की हत्या के विरोध में झामुमो ने निकाला कैंडल मार्च



विशेष संवाददाता। रांची

कोलकाता मे महिला डॉक्टर के साथ हुए निंदनीय घटना और हत्या के विरोध मे साथ ही दोषी को सजा की मांग को लेकर झामुमो महिला मोर्चा रांची जिला व महानगर समिति ने कैंडल मार्च निकाला. जो जिला स्कूल शहीद चौक से मेन रोड अलबर्ट एक्का चौक रांची तक गया. झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नयनतारा उरांव ने कहा कोलकाता की यह घटना काफी निंदनीय है, हम यह मांग करते हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि आने वाले समय मे कोई भी ऐसी हिम्मत ना करे. महिला मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष संध्या गुड़िया व अन्य पदाधिकारियों ने भी संयुक्त रूप से दोषियों की सजा की मांग की.

रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि यह घटना काफी निंदनीय और शर्मसार करने वाली है. ऐसे घृणित कार्य करने वालों के लिए सख्त से सख्त दंड का प्रावधान किया जाना चाहिए.इस अवसर पर मंजू महतो, अंशु लकड़ा, सचिव शांति तिर्की, संगठन सचिव मुसर्रत परवीन, राधा बाउरी, पुष्पा बैरदेवा, सारों सांगा, सुशाना केरकेट्टा, मंजू श्रेष्ठ, नीता तिर्की, रीता होरो, अंजली अंजना, अख्तरी रहमान, गजाला परवीन, डॉ बिंदु किस्पोट्टा, संध्या गुड़िया, सुषमा बरदेवा, संगठन सचिव सुनीता लिंडा, संयुक्त सचिव सीमा लकड़ा, अनिमा केरकेट्टा, गुलअफसा सानी सहित कई उपस्थित थे.

## सीसीएल को मिला सीएसआर लीडरशिप अवार्ड

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को सीएसआर योजना सीसीएल के लाल व सीसीएल की लाडली के लिए इंडिया सीएसआर लीडरशिप अवार्ड 2024 (लार्ज इम्पैक्ट) का विजेता घोषित किया गया. 22 अगस्त,2024 को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पद्मश्री सुभाष पालेकर द्वारा कंपनी को अवार्ड प्रादान किया गया. नमन श्रीवास्तव और ओम प्रकाश ( कंपनी के आईआईटीयन अधिकारी- सह- इस योजना के शिक्षक) ने पुरस्कार प्राप्त किया. इस सीएसआर पहल के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष सीसीएल के संचालन क्षेत्र के गांवों से चयनित आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 20 लड़कों और 20 लड़कियों को निःशुल्क शिक्षा एवं कंपनी के आईआईटियन अधिकारियों द्वारा आवासीय एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग प्रदान की जाती है.

## सेवा सदन पथ में जल जमाव का यथाशीघ्र निदान हो: चैंबर

संवाददाता। रांची

सेवा सदन पथ और उसके आसपास के क्षेत्र में जल जमाव से उत्पन्न समस्या के स्थायी समाधान के लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर प्रशासक को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रांची नगर निगम क्षेत्र में ड्रैनेज सिस्टम को ठीक करने के लिए बडी-बडी एजेंसियों को जिम्मेवारी दी गई, किंतु चिंतनीय है कि आज भी रांची में ड्रैनेज सिस्टम डैमेज है. चैंबर अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष बरसात के समय पूरा शहर जलमग्न हो जाता है किंतु निगम द्वारा कभी भी गंभीरता से नाला और नाली की सफाई के लिए कोई विशेष अभियान नहीं चलाया जाता. परिणामस्वरूप निगम को एक भारी भरकम टैक्स अदायगी करनेवाले शहर के टैक्सपेयर्स दूषित जल जमाव के बीच जीवनयापन करने के लिए विवश हैं. दूषित जल जमाव के कारण तेजी से मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है.

नगर प्रशासक को प्रेषित पत्र में चैंबर द्वारा कहा गया कि सेवा सदन पथ और इसके आसपास के क्षेत्र की गलियों में जल-जमाव से स्थानीय व्यवसायी परेशान हैं. सेवा सदन पथ का दूषित पानी, इसके अतिरिक्त वर्षा जल निकासी की उपयुक्त सुविधा नहीं होने के कारण इस क्षेत्र में अवस्थित दुकानें और घर जलमग्न हैं, जिससे इस क्षेत्र में निवास कर रहे लोगों को काफी असुविधा हो रही है. क्षेत्र में जल जमाव होने से इस क्षेत्र का व्यवसाय पूरी तरह बंद हो गया है और व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान अतिरिक्त बोझ हो गया है. इस मार्ग में पूरे राज्य से मरीज सेवा सदन अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं. साथ ही श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं दो धर्मशाला सहित सैकड़ों दुकानों में पानी घुस जाता है. आग्रह किया गया कि सेवा सदन पथ से जल निकासी के लिए निगम द्वारा युद्धस्तर पर कार्रवाई की जाए.

#### अवकाश से लौटी वार्डन को ज्वाइन नहीं कराया

**रांची।** झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) की महिला छात्रावास की वार्डन रूपा कुमारी को मातृत्व अवकाश से लौटने पर दोबारा ज्वाइन नहीं कराया गया. रूपा कुमारी के अनुसार, सितंबर 2023 में जेएसएसपीएस में बतौर महिला वार्डन उन्होंने काम शुरू किया. 29 जनवरी 2024 को रूपा ने मातृत्व अवकाश के लिए आवेदन दिया. एक फरवरी से 22 अप्रैल तक मातृत्व अवकाश में रहने के बाद जब रूपा जेएसएसपीएस कार्यालय पहुंची, तो उन्हें ज्वाइनिंग लेटर जमा करने को कहा गया. लेकिन लगभग चार महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें दोबारा ज्वाइन नहीं कराया गया. रूपा ने जेडीएसपीएस के कर्मियों पर धमकी देने का भी आरोप लगाया. इस मामले को लेकर रूपा ने झारखंड खेल मंत्री हफीजुल हसन को पत्र सौंपा, झारखंड खेल निदेशक और जेएसएसपीएस के अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रही है. रूपा ने बताया कि उसकी माली हालत बहुत खराब है. पैसे के अभाव में उसे गांव लौटना पड़ा है.

### सीएनजी ऑटो चालक महासंघ, जिला ऑटो चालक यूनियन की बैठक

# मांगें पूरी नहीं हुईं तो 26 को मार्च

संवाददाता। रांची

झारखंड सीएनजी ऑटो चालक महासंघ, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन और रांची जिला ई-रिक्शा चालक यूनियन ने संयुक्त रुप से गुरुवार को बैठक की. इस बैठक के दौरान सैकड़ों की संख्या में ऑटो चालक व मालिक शामिल हुए. बैठक के दौरान ऑटो चालकों ने चार जोन 17 रूट और ई रिक्शा चालकों के लिए 113 रूट का पुरजोर विरोध जताया. इस दौरान बैठक में उपस्थित यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो हम 26 अगस्त को रातू रोड ऑटो स्टैंड से कमिश्नर चौक विरोध मार्च निकालेंगे और आरटीए सचिव, निगम के आयुक्त व यातायात एसपी का पुतला दहन करेंगे. बताया गया कि अगर मांग पूरी नहीं होती है, तो 27 अगस्त को शहर के सभी ऑटो व ई-रिक्शा चालक पूरी तरह से हड़ताल पर चले जाएंगे और जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी, तब तक वह उग्र आंदोलन करते रहेंगे. बैठक के दौरान



बैठक में मौजूद सैकड़ों की संख्या में ऑटो चालक.

झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडे, प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह, संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव, शैलेंद्र वर्मा सुरेंद्र पांडे, सुनील कुमार सिंह, विनोद सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, शमीम अंसारी, रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन के संरक्षक उत्तम यादव, रांची महानगर अध्यक्ष भोला सिंह, अमित संजय, गुड्डू समेत अन्य लोग शामिल थे.

#### ऑटो चालकों की मुख्य मांगें

- सभी सीएनजी ऑटो मालिकों के लिए 4 जॉन 17 रूट को तत्काल खारिज करते हुए 0 से 20 किलोमीटर का परमिट निर्गत किया जाए.
- ई-रिक्शा मालिकों के लिए 113 रूट को खारिज किया जाए. इसके साथ ही कम से कम 3000 हजार ई-रिक्शा मालिकों को सिटी पास निर्गत किया जाए.

#### हाई कोर्ट ने स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन के एमडी को किया तलब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. कोर्ट ने इस मामले में झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी को 27 अगस्त को तलब किया है. गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि भवन निर्माण के डीपीआर तैयार करने में झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन को प्रोजेक्ट के कुल लागत का 10 प्रतिशत खर्च आएगा. यह राशि उसे उपलब्ध कराई जाए, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के लिए अतिरिक्त भवन सहित आधारभूत संरचना के लिए राज्य सरकार ने 25 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो काफी कम है. कोर्ट ने कहा कि ऐसे में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन को लेकर डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेक्ट के कुल लागत की 10 प्रतिशत की राशि कहां से आएगी.

### बैठक | आजसू पार्टी की निर्माण संकल्प सभा आठ को, कल से शिक्षित युवाओं का डेटा लेंगे

# बेरोजगारी के सवाल पर आजसू ने हेमंत सरकार को घेरा

संवाददाता। रांची

आजसू पार्टी की बैठक में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला. बैठक में पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव, केंद्रीय उपाध्यक्ष, केंद्रीय महासचिव, विधानसभा प्रभारी, जिला अध्यक्ष (पुरुष एवं महिला) और सभी अनुषंगी इकाई के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संयोजक, प्रदेश महासचिव शामिल हुए.

सुदेश महतो ने अपने संबोधन में कहा कि आजसू राज्य में जवाबदेह राजनीति स्थापित करने की जिम्मेदारी का निर्वहन करेगी. इसके लिए पार्टी में सभी स्तर के पदाधिकारी



पाटी पदाधिकारियों के साथ बैठक करते आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो.

और कार्यकर्ता जनता से जुड़ाव के साथ भावी कार्यक्रमों को सफल बनाने की दिशा में काम करें. समाज के सभी वर्गों का भरोसा आजसू पर है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है.

सुदेश कुमार महतो ने पार्टी के भावी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने अपने किए वादों को पूरा न कर के सबसे अधिक युवाओं को छला है. सरकार का ध्यान बेरोजगार युवाओं की ओर आकृष्ट करने के लिए हम बेरोजगारी का डेटा सरकार को देंगे. इसके लिए राज्य के हर प्रखंड में युवा आजसू और उस प्रखंड के स्थानीय युवाओं के नेतृत्व में 24 अगस्त से डोर टू डोर जाकर शिक्षित बेरोजगार युवाओं का डेटा एकत्रित किया जाएगा. यह कार्य ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जाएगा.

बैठक में पार्टी के भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई. मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. कांग्रेस पार्टी के पाकुड़ जिला महासचिव अलोक जॉय पॉल के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण करनेवालों में जिला सचिव संजीव पासवान, सनी तिवारी, असलम हुसैन, हाजिकुल शेख, मो. अय्यूब, सुजीत विद्यार्थी आदि शामिल थे.

**आजसू पार्टी के भावी कार्यक्रम :** नवनिर्माण संकल्प सभा - रांची में 8 सितंबर को नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा. 9 सितंबर से हर विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा करेंगे. जन जगरण अभियान- हेमंत सरकार की वदाख़िलाफियों से राज्यवासियों को अवगत कराने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा. यह अभियान कई चरणों में होगा, जिसका पहला चरण 26 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगा.

# युवा आक्रोश रैली को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

संवाददाता। रांची

राजधानी में शुक्रवार को भाजपा की युवा आक्रोश रैली होनी है. रैली को लेकर रांची शहरी क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है. साथ ही रैली में आने वाले वाहनों की पार्किंग की जगह भी सुनिश्चित की गयी है. शुक्रवार को सुबह छह से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों की शहर में नो एंट्री रहेगी. साथ ही रांची शहर की ओर आने वाली सभी प्रकार की बसें, चार पहिया सवारी गाड़ी एवं अन्य बड़े वाहन (स्कूल बस एवं अन्य आकास्मिक सेवा वाहन को छोड़ कर) निर्धारित स्थान तक ही आ सकेंगे. वहीं मोरहाबादी मैदान की ओर आनेवाली सड़कों पर वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा.

#### बड़े वाहन इन स्थानों तक ही आ सकेंगे

- रिंग रोड से रांची वाया बोड़ेया आनेवाले वाहन का पड़ाव - बोड़ेया रिंग रोड
- चाईबासा-खूंटी से रांची आनेवाले वाहन का पड़ाव - तुपुदाना चौक व धुर्वा गोलचक्कर चौक
- पलामू गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, एवं चतरा से आनेवाले वाहन का पड़ाव - तिलता चौक
- गुमला-सिमडेगा से रांची आनेवाले वाहन का पड़ाव : आईटीआई बस पड़ाव
- जमशेदपुर, सरायकेला-खरसावां चाईबासा से रांची आनेवाले वाहन का पड़ाव - नामकुम चौक
- जमशेदपुर से रांची वाया सदाबहार चौक आनेवाले वाहन का पड़ाव - कुसई/ घाघरा
- पतरातू वाया पिठोरिया से रांची आनेवाले वाहन का पड़ाव - लॉ यूनिवर्सिटी चौक
- हजारीबाग, धनबाद, कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़, बोकारो एवं संथाल परगना से रांची आने वाली वाहन का पड़ाव - नेवरी चौक

## ब्रीफ खबरें

### कैंब्रियन स्कूल में संस्कृत सप्ताह महोत्सव मना

**रांची।** कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह महोत्सव मनाया जा रहा है. इसके तहत गुरुवार को विशेष सभा का आयोजन किया गया एवं कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने किया. इस दौरान छात्रों द्वारा 'संस्कृत गंगाधरा' संस्कृत गीत एवं 'उमापति महादेव' गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया. छठी कक्षा की छात्रा अदिति आर्या ने वेद मंत्रों का पाठ किया. साथ ही नवीं कक्षा के छात्र शैलोज सिंह ने संस्कृत और दसवीं कक्षा की छात्रा रचिता सिंह ने अंग्रेजी भाषा में संभाषण प्रस्तुत किया.

### शनि मंदिर में अमावस्या महोत्सव तीन को होगा

**रांची।** श्रीशनिदेव मंदिर, पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार में तीन सितंबर को धूमधाम से भादवी अमावस्या महोत्सव मनाया जाएगा. दिन के दस बजे नवग्रह हवन-पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसके बाद दोपहर 12 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित कर श्रद्धालुओं के बीच महाभोग बांटा जाएगा. पुजारी केशर देव महाराज ने बताया कि शाम सात बजे महाआरती उतारी जाएगी. फिर भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा. स्थानीय और बाहर से आए कलाकार भजन रस धारा बहाएंगे.

### सशक्त हिंदू समाज का निर्माण ही ध्येय: वीरेंद्र

**रांची।** सशक्त हिंदू समाज का निर्माण ही विहिप का ध्येय है. गोरक्षा, धर्म-संस्कृति और मानविन्दुओं की रक्षा के साथ धर्मान्तरण रोकने, भेद-भाव मुक्त समरस सामाज के निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं. उक्त बातें गुरुवार को क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल ने कही. श्रीअरविन्द आश्रम, हेसल में आयोजित संगठन के षष्ठीपूर्ति सम्मेलन में वे विचार व्यक्त कर रहे थे. प्रदेश संगठन मंत्री देवी सिंह, विभाग संगठन मंत्री कल्याण सामल, महानगर मध्यक्ष कैलाश केसरी, नगर सह संघ चालक अनिल पाठक, रमेश सिंह, बद्रीनाथ झा आदि मौके पर मौजूद थीं.

### सुहागिनों ने की अखंड सौभाग्य की कामना

**रांची।** भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि गुरुवार को भी बड़ी संख्या में सुहागिनों ने कजरी तीज व्रत धारण कर अखंड सौभाग्य की कामना की. तीज पूजा के लिए तृतीया तिथि का प्रारंभ वैसे तो बुधवार शाम 05:06 मिनट से हो गया था, लेकिन तृतीया तिथि का समापन गुरुवार को दिन के 01:46 मिनट पर हुआ. ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 22 अगस्त को भी व्रत मान्य रहा. माना जाता है कि इस व्रत से सुहागिनों का सौभाग्य सदा बना रहता है. सुख-समृद्धि और शांति जीवन में बनी रहती है. कुंवारी कन्याओं ने भी सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए व्रत धारण किया. व्रतधारी महिलाओं ने सांझ ढलते चंद्रमा को अर्घ्य देकर पारण किया.

### सीएन होंडा वर्कशॉप में 26 यूनिट रक्त का संग्रह

**रांची।** सीएन होंडा वर्कशॉप, बरियातू रोड में गुरुवार को रक्तदान शिविर लगाया गया. जिसमें दानकर्ताओं ने 26 यूनिट रक्तदान किया. प्रो. विशाल शाह ने इसमें संयोजक की भूमिका अदा की. लायन विजय जैन ने इसमें मुख्य योगदान दिया. सचिव मनीष गड़ोदिया ने रक्तदाताओं का आभार जताया. दिलीप बंका, मनोज माहेश्वरी, तरुण अग्रवाल मौके पर मौजूद थे.

राज्यस्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आगाज, माध्यमिक शिक्षा निदेशक बोले

# झारखंड के विद्यालयों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं : उत्कर्ष

**खास बातें**

- माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं खेल निदेशक ने किया उद्घाटन
- बालक वर्ग की प्रतियोगिताओं में रांची ने जीत से की शुरुआत

खेल संवाददाता। रांची



नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता में शपथ लेते अधिकारी एवं खिलाड़ी.

झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय नेहरू कप 2024-25 का गुरुवार को उद्घाटन हुआ. समारोह में माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता और खेल निदेशक संदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए. मौके पर उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि राज्य के विद्यालयों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, हमारे छात्र लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवा रहे हैं. राज्य सरकार इन प्रतिभाओं को मंच देने और इन्हें प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है. समारोह में खेल निदेशक संदीप कुमार ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है. खेल विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए इन प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है. भविष्य में भी भव्य और राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों की मेजबानी का अवसर राज्य को मिला है, विभाग की ओर से खिलाड़ियों को हर संभव सहायता दी जाएगी. उद्घाटन समारोह में मेजर ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सह हॉकी प्रशिक्षक सुमराई टेटे, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय कुमार सिंह, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंदु दुबे, हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार उपस्थित थे.

**अंडर 17 बालिका वर्ग के परिणाम**

- खूंटी की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चतरा को 14-0 से दी मात
- लोहरदगा बनाम हज़ारीबाग़ के बीच हुए मुक़ाबले में हज़ारीबाग़ ने लोहरदगा को 9-0 से दी शिकस्त
- गिरिडीह बनाम सरायकेला के बीच हुए मुक़ाबले में गिरिडीह की बालिका टीम ने एक गोल कर जीत दर्ज की
- पश्चिमी सिंघभूम बनाम बोकारो के बीच हुए मुक़ाबले में बोकारो की बालिका टीम ने एक गोल कर जीत दर्ज की
- गुमला बनाम रामगढ़ के बीच हुए मुक़ाबले में आज गुमला की बालिका टीम ने 13-0 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की

**अंडर 17 बालक वर्ग के परिणाम**

- चतरा बनाम सरायकेला के बीच हुए मुक़ाबले में चतरा की बालक टीम ने 3-0 से सरायकेला को पराजित किया
- रांची बनाम गिरिडीह के बीच हुए मुक़ाबले में रांची की बालक टीम ने गिरिडीह को 4-0 से दी शिकस्त
- पश्चिमी सिंघभूम बनाम गुमला के बीच हुए मुक़ाबले में गुमला की बालक टीम ने पश्चिमी सिंघभूम को 3-0 से दी शिकस्त

**अंडर 15 बालक वर्ग के परिणाम**

- रांची की बालक टीम ने सरायकेला को 10-0 के बड़े अंतर से किया पराजित

### मेकॉन क्रिकेट टीम के लिए कोच का चयन 8 को

**रांची।** मेकॉन क्रिकेट टीम के लिए मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 8 सितंबर को सत्र 2024-25 के लिए क्रिकेट कोच का चयन किया जाएगा. मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पीके दास ने बताया कि मेकॉन स्टेडियम में 8 सितंबर को कोच के उम्मीदवारों का इंटरव्यू होगा. उम्मीदवार को अपने करियर के दौरान कम से कम 10 मैचों के लिए सीनियर स्टेट चैंपियनशिप टूर्नामेंट खेलने का अनुभव होना चाहिए. जिला क्रिकेट टीम या किसी भी सार्वजनिक उपक्रम की क्रिकेट टीम के साथ कोचिंग का अनुभव हो. चयनित उम्मीदवार मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के दिशा-निर्देशों के अनुसार अभ्यास सत्रों में भाग लेने के लिए फिट हो और वर्तमान में किसी भी क्लब/क्रिकेट टीम के साथ खिलाड़ी के रूप में पंजीकृत नहीं हो. उम्मीदवार मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के क्रिकेट विंग के सचिव विकास कुमार सिंह को रिपोर्ट करेंगे.

ध्वजारोहण के साथ विहंगम योग का दो दिवसीय विश्वशांति महायज्ञ प्रारंभ

# मानव जीवन ईश्वर का महान प्रसाद हमारे भीतर अनंत शक्ति : विज्ञानदेव

संवाददाता। रांची



विश्व शांति यज्ञ के प्रारंभ में सद्गुरु की अगुवाई में निकाली गयी शोभायात्रा में श्वेत ध्वज के साथ शामिल श्रद्धालु.

प्रभात तारा मैदान में गुरुवार को विहंगम योग का दो दिनी 5101 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ ध्वजारोण के साथ प्रारंभ हो गया. सदाफलदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत विज्ञानदेव जी ने शाम सात बजे 'अ' अंकित श्वेत ध्वज फहरा कर शांति का संदेश दिया. दीप प्रज्वलित कर मंगल कामनाएं कीं. संस्थान के प्रणेता सदाफलदेव महाराज की 137वीं जन्म जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुयायियों संग रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी खास तौर से हिस्सा लिया. सभी ने सद्गुरु जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा अर्पित की. अपने पथप्रदर्शक का आशीर्वाद पाया. इसके बाद भजन-संकीर्तन का कार्यक्रम रात आठ बजे तक चला. भक्तों ने ईश्वर और गुरु की भक्ति में कई भजन प्रस्तुत किए. फिर विज्ञान देव जी महाराज ने आशीर्वचन प्रदान करते हुए भक्ति और ज्ञान-ध्यान की बातें बतायी. उन्होंने कहा कि मानव जीवन, ईश्वर का महान प्रसाद है. हमारे अंदर अनंत शक्ति विद्यमान है, आनंद का अनंत स्रोत प्रवाहित हो रहा. आत्मा में साक्षात ईश्वर विराजमान हैं, लेकिन अज्ञानता के कारण हम उन्हें महसूस नहीं कर पाते. आवश्यकता है, आध्यात्मिक ज्ञान की, स्वर्वेद सद्ज्ञान की, विहंगम योग के ध्यान की, जिसके साये में साधक का जीवन का सर्वोन्मुखी विकास होता है. अध्यात्म मानव जीवन की अपरिहार्य जरूरत है. इसके हमारे जीवन का संपूर्ण विकास होता है. उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं है. अच्छाइयां और बुराइयां सब में है. हमें घबराना नहीं है. आध्यात्मिक शक्ति से सहजता से कठिनाइयों को दूर किया जा सकता है.

**सद्गुरु की अगुवाई को निकाली शोभायात्रा :** दिल्ली से यहां पधारने पर विज्ञानदेव जी का विहंगमयोगियों ने भव्य स्वागत किया. गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में अगुवाई करते हुए एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक साथ आए. यात्रा से मनोहारी छटा शाम चार से सात बजे तक छायी रही. आगे-आगे विज्ञान देव जी की पुष्पो से सजी सवारी चल रही थी, दोनो किनारे लाल और काले परिधानो में अनुयायी 'अ' अंकित श्वेत ध्वज लहराते हुए, श्रद्धा, भक्ति और उत्साह की सतरंगी छटा बिखेरते बढ़ रहे थे. विश्वशांति महायज्ञ के अंतिम दिन शुक्रवार को सुबह छह बजे से आसन-प्राणायाम, प्रशिक्षण और सभा होगी. इसके बाद विज्ञानदेव के सान्निध्य में यज्ञानुष्ठान कर मंगल कामनाएं की जाएंगी. गुरुकुलम, वाराणसी के विद्यार्थी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराएंगे. 5101 यज्ञ कुंडों में यज्ञाहुति अर्पित की जाएगी.

**अनवरत चल रहा भंडारा**

यज्ञस्थल पर अनुयायियों के लिए अनवरत भंडारा वृहत रूप में चलाया जा रहा है. किसी को भोजन व्यवस्था में दिक्कत न हो इसके लिये चार बड़ा भोजनालय बनाए गए हैं. 40 काउंटर से लोग के बीच भोजन परोसा जा रहा है. साथ ही विहंगम सेवा केंद्र की ओर से कई स्थल भी लगाए गए हैं, जहां आश्रम से प्रकाशित साहित्य और औषधियों आदि दी जा रही है.

## न्यूज अपडेट

### रक्तदान कर दूसरों की जान बचाएं : हफीजुल



**करांची।** सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कांटाटोली के वाईएमसीए हॉल में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार में मंत्री हफीजुल हसन व . इरफान अंसारी शामिल हुए. मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने भी रक्तदान किया और सभी से रक्तदान कर दूसरों की जान बचाने को कहा. इस दौरान इरफान अंसारी ने सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी को एक एंबुलेंस देने का और हफीजुल हसन ने सोसाइटी को हर संभव मदद देने का वादा किया. मौके पर पूरे प्रदेश से सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य मौजूद थे.

### इनर व्हील क्लब ने मोरहाबादी में किया विरोध प्रदर्शन



**रांची।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की हत्या व बलात्कार के विरोध में चारों इनर व्हील क्लब ने विरोध प्रदर्शन किया. क्लब की सदस्याओं ने गुरुवार सुबह मोरहाबादी में एक शांति मार्च निकालकर अपना विरोध जताया. इस दौरान उन्होंने बैनर व पोस्टर के माध्यम से महिला डॉक्टर को जल्द से जल्द इंसाफ दिलाने की मांग की. इसके साथ ही क्लब की सदस्याओं ने देश के अन्य हिस्सों में महिलाओं के साथ हो रही उत्पीड़न की निंदा की और तुरंत न्याय की भी मांग की. इस दौरान इनर व्हील क्लब साउथ की प्रेसिडेंट नीलम, कांति, रमा, तनुजा, पूनम, लाजवंती, रंजना सहित अन्य क्लब की भी अन्य सदस्य मौजूद थीं.

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष का स्वागत



**रांची।** ईसाई समुदाय की ओर से गुरुवार को आयोजित एक समारोह में अल्पसंख्यक आयोग के नव मनोनीत उपाध्यक्ष प्राणेश सोलोमन का अभिनंदन किया गया. प्राणेश सोलोमन का अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन झारखंड अनुसूचित जाति जनजाति अल्पसंखयक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा किया गया है.अल्पसंख्यक कार्यालय रांची में आयोजित उक्त कार्यक्रम मे ईसाई समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने सोलोमन के मनोयन पर मुख्यमंत्री एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया.

### श्रीश्याम मंदिर में धूमधाम से मनेगी जन्माष्टमी

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में 26 अगस्त को धूमधाम से जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. श्रीश्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों के बीच उत्सव के सफल आयोजन को लेकर विविध कार्यभार बांटे गए हैं. मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि सुबह दैनिक पूजन का नित्य कार्यक्रम चलेगा. शाम सात बजे मुख्य समारोह की शुरुआत ग्वाल भोग और ग्वाल आरती से होगी. इसके बाद साढ़े आठ बजे से भजन-संकीर्तन कर श्रद्धालु बाल गोपाल और खाटू नरेश के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगे. लड्डू गोपाल जी का महास्नान वैदिक रीति रिवाज किया जाएगा. इस अवसर पर झूलन उत्सव, नंद उत्सव हर्षोउल्लास से मनाया जाएगा. इस संबंध में विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इस दौरान धनबाद की सिमरन कौर भक्ति गीतों की अविरल धारा प्रवाहित करेंगी. मंडल के श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, साकेत ढानढनिया, सलज अग्रवाल सोनू, अनुज मोदी, मनोहर केडिया, पंकज गाड़ोदिया, किशन शर्मा, वेदभूषण जैन, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल आदि भी भजन प्रस्तुत करेंगे. उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी के मौके पर दस हजार पुष्पों से आकर्षक साज-श्रृंगार किया जाएगा.

# नीट यूजी झारखंड स्टेट मेरिट लिस्ट के टॉप 20 में बायोम के 11 छात्र

संवाददाता। रांची




- प्रथम चरण की मेधा सूची जारी

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) की ओर से राज्य के मेडिकल कॉलेजों में नामांकन को लेकर काउंसेलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. पहले चरण की काउंसेलिंग के तहत राज्य मेधा सूची जारी हुई है. सूची के टॉप 20 में बायोम इंस्टीट्यूट के 11 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनायी है. इनमें हलिमा (रैंक 03, बीसी - 1), फैजान (रैंक 04, बीसी-1), किरण (रैंक 08, बीसी-1), कुंदन (रैंक 08, बीसी-2), प्रेम (रैंक 10, बीसी-2), श्रेष्ठ (रैंक 15, जेनरल इडब्ल्यूएस), आयुष (रैंक 16, जेनरल), अपूर्व (रैंक 16, एससी), प्रियांशु (रैंक 17, बीसी-1), आयुष (रैंक 19, जेनरल), अनिल (रैंक 20, बीसी-1) शामिल है. इसके अलावा स्टेट मेरिट लिस्ट के टॉप 40 में अन्य 10 विद्यार्थी - श्रुति (रैंक 22, जेरनल इडब्ल्यूएस), अमित (रैंक 26, जेनरल इडब्ल्यूएस), अतुल (रैंक 27, जेरनल इडब्ल्यूएस), सूरज (रैंक 30, एससी), लव (रैंक 30, बीसी-1), इजाफा (रैंक 32, बीसी-2), विशाल (रैंक 33, बीसी-1), मरिया (रैंक 34, बीसी-1), अंजली (रैंक 37, एसटी), तन्वी (रैंक 40, बीसी-1) ने अपनी जगह बनायी है. बायोम इंस्टीट्यूट के निदेशक पंकज सिंह ने चिह्नित हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### स्वाति का गाना 'कहानी तेरी कहानी मेरी' जन्माष्टमी पर रिलीज होगा



**रांची।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रांची की रहने वाली प्लेबैक सिंगर स्वाति प्रसाद का नया गाना 'कहानी तेरी कहानी मेरी' रिलीज किया जायेगा. गाने को यूट्यूब चैनल स्वाति प्रसाद ऑफिशियल पर 26 अगस्त को जारी किया जायेगा. पीवीवी इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले इस गाने का टीजर यूट्यूब चैनल पर लॉन्च कर दिया गया है. एक मिनट से अधिक के वीडियो में दिखाया गया है कि द्वापर युग से चले रहे राधा कृष्ण का प्रेम आज भी आधुनिक युग में प्रासंगिक है. आधुनिक युग में भी राधा कृष्ण एक दूसरे को पहचान लेते हैं. स्वाति प्रसाद ने 'कहानी तेरी कहानी मेरी'गाने को गाया और इस गाने में एक्टिंग भी की है. स्वाति ने इसमें राधा और शिमला के रहने वाले संचित मेहता ने इसमें भगवान कृष्ण का रोल निभाया है.

# जेवियर्स की मेजबानी में 26वीं एएसआईसीएस मीट का शुभारंभ



संवाददाता। रांची

संत जेवियर्स स्कूल रांची की मेजबानी में आयोजित 26वीं एएसआईसीएस (एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट) मीट का शुभारंभ गुरुवार को बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में हुआ. इस कार्यक्रम का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टर इंद्रजीत सिंह ने किया. उन्होंने इस दौरान सभी प्रतिभागियों से कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है. सफलता सिर्फ और सिर्फ कड़ी मेहनत से मिलती है. जीवन में एक खिलाड़ी के तौर पर हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, पर सफलता पाने के लिए हमें सब परेशानियों का डटकर सामना करना पड़ेगा. बता दें कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न जोन के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है, जिनमें भागलपुर, पटना, देवघर, रांची, जमशेदपुर व धनबाद जोन शामिल है. प्रतियोगिता के पहले दिन रांची जोन सबसे आगे चल रही है. प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में रांची के विभिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति भी दी गई.

**कृतज्ञता** समाज सेवी स्व. नारायण प्रजापति की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

# भवानी चौक का नाम स्व नारायण प्रजापति करने का प्रस्ताव

विशेष संवाददाता। रांची



चूना भट्ठा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौजूद गणमान्य नागरिक.

रांची के प्रमुख समाजसेवी और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय नारायण प्रजापति (नेताजी) की 14वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कृष्ण प्रजापति आवासीय परिसर में किया गया. सभा की अध्यक्षता मोहल्ले के प्रमुख बुद्धिजीवी समाजसेवी सुरेश गोप जी ने किया. इस मौके पर नारायण प्रजापति के गली का नामकरण नारियल फोड़कर श्री नारायण प्रजापति पथ किया गया. इस मौके पर स्वर्गीय नारायण प्रजापति के पुराने साथियों व मुहल्लेवासियों ने यह कहा कि इस क्षेत्र के विकास में नारायण प्रजापति उर्फ नेता जी का अहम योगदान रहा है. चूना भट्ठा चौक स्थित भवानी चौक का निर्माण भी नारायण प्रजापति के अथक प्रयास से हुआ है. कुम्हार टोली को चूना भट्ठा, चूना भट्ठा को मधुकम, कुम्हार टोली-चूना भट्ठा को महुआ टोली खादगढ़ा से जोड़ना, इरगू टोला को जोड़ने में इनकी अहम भूमिका रही है. शुरुआत के दिनों में इस क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी की सुविधा दिलाने में में नारायण प्रजापति का अहम योगदान है. यह क्षेत्र नारायण प्रजापति का आजीवन कृतज्ञ रहेगा. अगर जय भवानी चौक का नामकरण स्वर्गीय नारायण प्रजापति के नाम से कर दिया जाए, तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. इसमें कई मोहल्ले के गणमान्य लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया.

इस मौके मिथिलेश नारायण झा, उदय वर्मा, अनिल गुप्ता, जगदीश वर्मा, सुनील गुप्ता, प्रेम वर्मा, विक्रांत विश्वकर्मा, दशरथ साहू, उदय चौधरी, राहुल चौधरी, संतोष दादा, दिनेश प्रजापति, अर्जुन चौधरी, अजय तिर्की, कृष्ण निषाद, सुनील वर्मा, लक्ष्मण बरनवाल, जगदीश रजक, भोला साहू, मनोज तिवारी, कृष्ण प्रजापति, विक्रांत प्रजापति, ब्रिज किशोर प्रसाद गुप्ता, प्रकाश तिर्की, वीरेंद्र गोप, सावन लिंडा, बबन मिश्रा, अंकित सोनी, पिंटू सोनी, विश्वनाथ साहू, पवन विश्वकर्मा, शैलेंद्र प्रजापति, प्रसाद महतो, बजरंगी प्रजापति, राजेश प्रजापति, दिनेश प्रजापति, प्रसाद महतो, सत्यजीत कुमार, विश्वनाथ ठाकुर, परिवार के सदस्य हरि प्रजापति प्रभु प्रजापति, एच मयुख, अमित प्रजापति, नारायण प्रजापति की धर्मपत्नी तारा देवी, पुत्र कौशल आनंद, दामाद आभास कुमार, बहू जयंती देवी, बहू मोनिका कुमारी, पोता अधिराज और मयंक राज सहित सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया और श्रद्धासुमन अर्पित किया.

झारखंड टेनिस एसोसिएशन की महिला राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता

# लक्ष्मी और अदिति के बीच होगा फाइनल

खेल संवाददाता। रांची



ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में झारखंड टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित महिला राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 23 अगस्त तक खेलगांव स्थित टेनिस स्टेडियम में किया जा रहा है. गुरुवार को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया. एकल स्पर्धा में पहला सेमी फाइनल तमिलनाडु की लक्ष्मी अरुणकुमार और पश्चिम बंगाल की यूबरानी बनर्जी के बीच खेला गया. इसमें को लक्ष्मी अरुणकुमार ने यूबरानी बनर्जी को 1/6, 6/2, 6/3 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया. वहीं दूसरे सेमी फाइनल में हरियाणा की अदिति रावत ने महाराष्ट्र की सेजल गोपाल भूटादा को 3/6, 6/3, 6/3 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया. शुक्रवार को लक्ष्मी अरुणकुमार और अदिति रावत के बीच एकल स्पर्धा का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा. पुरस्कार वितरण में भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल शामिल होंगे.

### गुरुवार को खेले गये डबल्स मैचों के परिणाम

- अदिति रावत (हरियाणा) व स्निग्धा पतिबंदला (असम) की जोड़ी ने मेधावी सिंह और आयुषी सिंह (बिहार) की जोड़ी को 6/2, 5/7, 10/2 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया
- विधि निमेश जैन और दिव्य भारद्वाज (गुजरात) की जोड़ी ने दिव्य शर्मा (हरियाणा) और जिया पेरेयरा (महाराष्ट्र) की जोड़ी को 4/6, 6/2, 10/3 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया.

### इटकी प्रखंड में आयोजित अल्पसंख्यक सम्मेलन में विधायक नेहा बोलीं-अल्पसंख्यक को अच्छी तालीम की जरूरत

# नफरत फैलाने का भाजपाई मंसूबा पूरा नहीं होगा : बंधु तिर्की

संवाददाता। इटकी

पूर्व मंत्री व झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि फिरकापरस्त ताकतों को भाजपा और उसके नेता हमेशा संरक्षण देते हैं. लेकिन नफरत फैलाने और लोगों को बांटने का भाजपाई मंसूबा कभी भी पूरा और कामयाब नहीं होगा. इटकी प्रखंड में आयोजित अल्पसंख्यक सम्मेलन में



इटकी में अल्पसंख्यक सम्मेलन में मौजूद बंधु तिर्की, नेहा शिल्पी तिर्की व अन्य.

तिर्की ने कहा कि सद्भावना और आपसी एकता भारतीय समाज के साथ ही यहां की राजनीति की भी पहचान है और उनका पूरा जीवन इसी सिद्धांत के प्रति समर्पित है. सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए मांडर विधान सभा क्षेत्र की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिये झारखंड में नफरत का माहौल बनाने का प्रयास करती रही है मगर महागठबंधन की सरकार उनके सपने को पूरा नहीं होने देगी.

तिर्की ने कहा कि न केवल महागठबंधन की सरकार बल्कि झारखंड का हर वह व्यक्ति उनके मंसूबे को विफल करेगा जो झारखंड को एकजुट और अटूट रखना चाहता है. तिर्की ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को अच्छी तालीम की जरूरत है. उन्होंने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए संगठित रहने, संघर्ष करने, आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों के मध्य सामंजस्य के साथ ही भाजपा से हमेशा सावधान रहने की जरूरत पर बल दिया. उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिये हमारी पार्टी और सरकार पूरी तरह से समर्पित है. कार्यक्रम में मुख्य रूप मजकूर आलम सिद्दीकी, अबू माज़, मौलाना मंजूर, उरुज अंसारी, हाजी मुश्ताक, मौलाना मनीरूद्दीन, हाजी एनामूल, अब्बास अंसारी, तस्लीम अंसारी, हाजी मोईन, मौलाना बेलाल, मास्टर जुबेर, तबरेज़ खान, अहमद अंसारी, अबरार इमाम, हाजी अली हसन, खुर्शीद आलम, सहित इटकी प्रखंड के सभी गांवों के सदर, सेक्रेटरी, सम्मानित व्यक्ति, अग्रणी समाजसेवी आदि उपस्थित थे.

# पत्रकार के परिवार पर हमले से मीडियाकर्मी आक्रोशित

- डीजीपी से मिल कर कार्रवाई की मांग दोहरायी

संवाददाता। रांची

रातू के पत्रकार शेख मुजिबुल के परिवार पर 28 जुलाई की शाम जानलेवा हमले, दुकान में तोड़फोड़ और लूटपाट मामले को लेकर थाने में दर्ज कांड में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से मीडियाकर्मी आक्रोशित हैं. घटना में प्रयुक्त कार के अब तक जब्त नहीं होने से नाराज रांची जिला पत्रकार संघ का पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने गुरुवार को



डीजीपी अनुराग गुप्ता से मिलकर ज्ञापन सौंपा. गुप्ता ने आरोपियों की गिरफ्तारी और गाड़ी जब्त कराने का भरोसा दिलाया है. शिष्टमंडल में शिवप्रकाश नंद तिवारी, रामाशीष पांडेय, रंगनाथ चौबे, शेख मुजिबुल व चंद्रशेखर राम उपाध्याय शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### सामुदायिक अस्पताल ने लगाया हेल्थ कैंप

**सिल्ली/मुरी।** सामुदायिक अस्पताल सिल्ली की ओर से गुरुवार को टुटकी नवाडीह में स्वास्थ्य शिविर लगाकर दस्त और उल्टी से ग्रसित मरीजों का चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विवेक कुमार द्वारा इलाज किया गया. कुछ गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को सदर सिल्ली अस्पताल में रेफर किया गया. रोगियों को चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि दस्त और डिहाईड्रेशन से बचाव के लिए गर्म पानी का निरंतर सेवन करें और शुद्ध, स्वच्छ और पीने योग्य पानी पीए एवं किसी प्रकार के इंफेक्शन से बचने के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें.

### कूर्गी बस्ती में 20 दिनों के बाद ट्रांसफार्मर लगा

**इटकी।** जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि संजय गोप व समाजसेवी सिरिल लकड़ा की पहल पर कूर्गी बस्ती में 20 दिनों के बाद ट्रांसफार्मर लगाया गया. इससे ग्रामीणों के बीच ख़ुशी का माहौल देखने को मिला. ज्ञात हो कि गत 2 अगस्त को वज्रपात की वजह से 200 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया था. तब से कूर्गी बस्ती अंधकार में डूबी हुई थी. ग्रामीणों को पेयजल के अलावा बच्चों की पढ़ाई सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था.

### रक्तदान शिविर का आयोजन 25 को

**डकरा।** हेसालौंग शिव मंदिर स्थित मैक्लुस्कीगंज में गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों की बैठक मुखिया पुतुल देवी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अगस्त को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया. रांची के सदर अस्पताल में इलाजरत थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ यह रक्तदान शिविर सिविल सोसायटी खलारी-डकरा के बैनर तले आयोजित किया जाएगा. ग्रामीणों ने कहा कि इस बार भी 100 से अधिक रक्तदाता रक्तदान कर यह संदेश देने का काम करेंगे कि खलारी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गांव के लोग भी रक्तदान करने के मामले में काफी जागरूक हैं.

### बड़ा तालाब में सफाई करने उतारी मशीन

**बुंडू।** बड़ा तालाब में जलकुम्भी भर गया है, जिसकी सफाई में अब रांची नगर निगम सफाई मशीन उतारनी पड़ी है. यह मशीन तालाब के अंदर घुसकर जलकुम्भी को छानकर और किनारे लाकर उड़ेल रहा है, जिसे देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ लगी है. जलकुम्भी का एक गुण यह है कि तालाब में उसका एक टुकड़ा भी रहता है तो वह 12 गुना रफ्तार से बढ़ता है. इस संदर्भ में वहां काम करा रही एजेंसी के लोगों बताया कि किनारे जमा किये जा रहे जलकुम्भी की सफाई ट्रैक्टर और जेसीबी की मदद से करायी जायेगी.

### बेड़ो के सब्जी व्यवसायी के पुत्र प्रिंस पांडे के पेट में लगी है गोली

# बेड़ो में युवक पर बाइक सवारों ने की फायरिंग

सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो

बेड़ो बिजली ऑफिस टिकरा के समीप रात्रि करीब 11:30 बजे के आसपास अज्ञात बाइक सवार बेड़ो के सब्जी व्यवसायी लमकाना निवासी ओमप्रकाश पांडे के 20 वर्षीय पुत्र प्रिंस पांडे के ऊपर जानलेवा हमला कर फरार हो गए. बताया जा रहा है कि प्रिंस पांडे के पेट में गोली लगी है. दो गोलियां चली थीं, जिनमें एक उसके पेट में लगी. घटना के बाद प्रिंस पांडे को तत्काल लोग इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया. प्रिंस पांडे का ऑपरेशन जसलोक हॉस्पिटल में किया गया. जसलोक हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि पेट के निचले हिस्से में कूल्हे के पास गोली लगी थी. गोली पेट अंदर के आंत को छेदती हुई ओमेंटम कूल्हे की हड्डी के पास फंसी हुई थी, जिसे ऑपरेशन कर सफलता पूर्वक निकाल ली गई है. प्रिंस पांडे खतरे से बाहर है.

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रिंस पांडे रात में अपने दोस्तों के साथ बिजली ऑफिस, टिकरा के पास खस्सी पार्टी में गया था. वह अपने दोस्तों क्रमशः राहुल सिंह उर्फ टेंशन, विश्वा यादव, विनोद साहु, निशांत



जसलोक हॉस्पिटल में इलाजरत प्रिंस पांडेय.

मिश्र के साथ खाया पिया. पार्टी के दौरान सभी ने जश्न मनाया. तभी उसका दोस्त राहुल सिंह उसे अपनी बाइक में बैठाकर उसके घर छोड़ने जा रहा था. इसी दौरान अचानक पल्सर बाइक में सवार अज्ञात अपराधियों ने उसके ऊपर गोलियां चलाईं. अपराधी ब्लू कलर की अपाचे बाइक में सवार होकर आए थे. पुलिस सूत्रों के अनुसार पांचों दोस्तों रात लगभग 9:30 बजे साईं मंदिर रोड स्थित शराब की दुकान में हंगामा भी किया था. सूचना मिलने पर पुलिस ने वहां पहुंचकर सभी को खदेड़ा. थाना प्रभारी नकुल शाह ने कहा कि गोली किसने चलाई यह अभी स्पष्ट नहीं है. हो सकता है दोस्तों में से ही किसी ने गोली चलाई हो. यह जांच का विषय है. सभी से पूछताछ के बाद ही निष्कर्ष निकाला जा सकता है. पुलिस के पदाधिकारी ने बताया कि पांचों दोस्त पीने खाने वाले थे. इनकी संगत ठीक नहीं थी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. घायल प्रिंस पांडे के पिता सब्जी व्यवसायी ओम प्रकाश पांडेय ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है. उन्होंने लिखित रूप से बेड़ो पुलिस को आवेदन दे दिया है, जिसमें उन्होंने अज्ञात अपाचे बाइक सवारों पर गोली चलाने का आरोप लगाया है.

### कुएं में मिला व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र की जिंतू पंचायत के बारसालडीह गांव के सड़क किनारे के एक कुएं से पुलिस ने 34 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया है. शव की पहचान बुंडू थाना क्षेत्र के पारमडीह गांव निवासी पुष्कर मुंडा के रूप में हुई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि पुष्कर मुंडा मंगलवार की शाम ससुराल सोनाहातू थाना क्षेत्र के पुंड़दाग गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था. ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह सोनाहातू थाना पुलिस को कुएं में शव होने की जानकारी दी. थाना प्रभारी चंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया. इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया. शव की आंख और गले में चोट के निशान देखकर परिजनों का कहना है कि किसी ने मार कर कुएं में डाल दिया है. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुटी है.

# राज्यपाल से मिला प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता। रांची

पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राम टहल चौधरी के नेतृत्व में ग्यारह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलकर उनके समक्ष राज्य की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को रखा.

मुख्य समस्याओं में झारखंड की विस्थापन, रोजगार, प्राकृतिक संसाधन का बेहतर उपयोग के साथ- साथ राज्य में पर्यावरण संरक्षण सहित पर्यटन स्थलों के विकास जैसे मसले पर राज्य की वर्तमान स्थिति सहित अन्य मुद्दों पर प्रतिनिधिमंडल ने अपनी बात रखते हुए सकारात्मक पहल की जरूरत पर बल दिया. सभी विषयों



राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलते भाजपा नेता.

को राज्यपाल ने गंभीरतापूर्वक सुना और इनके समाधान की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल में डॉ पारस नाथ महतो, डॉ रूद्र नारायण महतो, डॉ प्रणव कुमार बब्बू, प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, रणधीर चौधरी, राजीव रंजन सिन्हा, डॉ धनेश्वर महतो, कैलास महतो, रघु बेदिया, हर्षराज शामिल थे.

### किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**लापुंग।** प्रखंड की देवगांव पंचायत के सकरपुर गांव में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के बैनर तले वैदिक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी, रांची द्वारा किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार इसका शुभारंभ किया. अनुज कुमार ने बताया कि किसान जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं. साथ ही कम लागत में उत्पादन कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं. जैविक उत्पाद का प्रयोग अपने भोजन के रूप में करके हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं. मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर अमन कुमार, क्षेत्र पदाधिकारी संतोष उरांव, चरवा उरांव आदि मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### रेल लाइन के नीचे सड़क का काम अब तक अधूरा



**सिल्ली/मुरी।** मुरी में रेलवे लाइन के नीचे से होकर जाने वाले दो सब-वे के नीचे के सड़क निर्माण का काम अब तक अधूरा है. इसको पूरा करने के लिए रेलवे प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है. इस सब-वे के रास्ते पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं. सब-वे के नीचे गड्ढों में घुटने भर से ज्यादा पानी भर जाने के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है. रेल लाइन के आरपार जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. एक किमी दूरी तय करने के लिए चार किमी घूम कर जाना पड़ रहा है. सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है. रेल लाइन के पार जाने वाले कई बच्चों ने तो स्कूल ही जाना छोड़ दिया है. अभिभावकों ने बताया कि इसकी जानकारी रेलवे के अधिकारियों को दी जा चुकी है लेकिन इसे पूरा करने के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा है. इस बारे में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) ने बताया कि सड़क का कार्य शुरू कर दिया गया है. अगले दो महीने के अंदर कार्य पूरा कर लिया जाएगा.

### कांग्रेस पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**खलारी।** कांग्रेस पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का पार्टी की प्रदेश सचिव इंदिरा देवी तूरी ने स्वागत किया. इंदिरा देवी के नेतृत्व में कांके विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के दिल्ली से रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया. नागरिक अभिनंदन समारोह में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को बुके एवं माला पहनाकर स्वागत किया. इस मौके पर खलारी प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू, जाकिर अंसारी, सलामत अंसारी, बिनोद मुंडा, उस्मान खान, मदन महतो, गुलजार अहमद, बिनोद साव, मुस्ताक आलम, सरताज, सुरेश मुंडा, राजेंद्र मुंडा, रूपेश मिश्रा, कुदुश अंसारी, नीलू विश्वकर्मा, सुमन देवी, अनिता देवी, लिली स्टेला, बबिता देवी, शीला देवी, उर्मिला देवी, पूजा देवी आदि उपस्थित थे.

### पूर्व मंत्री राजा पीटर 28 अगस्त को पैदल मार्च करेंगे

**बुंडू।** क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु पूर्व विधायक व मंत्री राजा पीटर 28 अगस्त को तमाड़ के भुईयाडीह से लेकर बुंडू अनुमंडल कार्यालय तक पैदल मार्च करेंगे. इस आशय की घोषणा गुरुवार को उन्होंने बुंडू में की. उनकी मांगों में सलगाडीह से लांदुपडीह और सलगाडीह से राउता बाजार तक की जर्जर सड़क की अविलंब मरम्मत, तमाड़ पूर्वी और बाराबंकी को प्रखंड घोषित करने, छात्रों का जाति व स्थानीय सर्टिफिकेट अविलंब बनाने, बुंडू को जिला घोषित करने इत्यादि मांगें प्रमुख हैं.

**कई कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी छोड़ी :** बुंडू। तमाड़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के कई मुखिया और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को आजसू पार्टी से इस्तीफा दे दिया. इस संबंध में किसान जनाधिकार मंच के अध्यक्ष मथुरा साहू ने पत्रकारों को बताया कि आजसू पार्टी में सभी लोग बड़ी उम्मीद से शामिल हुए थे. लेकिन यहां कार्यकर्ताओं की पूछ नहीं है.

### मनरेगा कर्मियों की हड़ताल 31वें दिन भी जारी रही

**रांची।** राज्य के मनरेगा कर्मियों की हड़ताल 31वें दिन भी जारी रही. हड़ताल की वजह से मनरेगा योजना काफी प्रभावित हो रही है. वर्तमान में मनरेगा योजना से मिलने वाला रोजगार अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है. झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर संगठन की ओर से जिला मुख्यालय में धरना भी दिया जा रहा है. मनरेगा कर्मियों अपने स्थायीकरण और वेतनमान की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं. प्रदेश उपाध्यक्ष जीतेंद्र झा ने कहा कि अब तक की सभी सरकारों ने मनरेगा कर्मियों को ठगने का काम कर रही है. विकास पांडेय ने कहा कि मनरेगा कर्मी पिछले 31 दिनों से हड़ताल पर हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने एक बार भी समस्या जानने के लिए प्रतिनिधिमंडल को नहीं बुलाया है.

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर घर में घुसा, दबकर मजदूर की मौत



संवाददाता। रातू

सरकार के कड़े रुख के बाद बालू के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस सख्त हो गयी है. गुरुवार को दिन के करीब एक बजे बॉडीगार्ड अजित ठाकुर और गुलाम हशनैन खान एटीएम व बैंक चेकिंग के लिये बोलेरो से निकले थे. थानेदार शशिभूषण चौधरी को गुप्त सूचना मिली कि ट्रैक्टर में अवैध बालू जा रहा है. पुलिस को देख चालक ट्रैक्टर समेत फुटकलटोली के रतन गोप के घर में घुस गया. इससे 20 वर्षीय नीरज मुंडा के चक्का के नीचे दबने से मौत हो गयी. वहीं, श्री गोप का मकान क्षतिग्रस्त हो गया. सूचना पाकर बालू कारोबारी जुटे और नीरज को आर्या हॉस्पिटल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके उपरांत, शव का बिना पोस्टमार्टम कराये अंतिम संस्कार कर दिया गया. इससे पूर्व पुलिस ने एहतियात के तौर पर जिला से अतिरिक्त बल मंगा लिया ताकि, घटना को लेकर संभावित विरोध प्रदर्शन को रोका जा सके.

**एकलौती संतान था नीरज :** नीरज, एतवा मुंडा उर्फ भांटा का एकलौती संतान था. उसके परिवार में पिता समेत मां, दो बहनें पूनम व छोटी, पत्नी और दो बच्चे हैं. इसमें 3 साल की बेटी और 9 माह का एक पुत्र है. दुर्घटना में उसके आकस्मिक निधन से पीड़ित परिवार का सहारा ही छिन गया है. परिजनों ने बताया कि वह गांव के ही शमशेर खान के बालू डंपिंग यार्ड में काम करता था. गुपचुप तरीके से उसके शव को जला दिया गया. ग्रामीणों को इसकी भनक भी नहीं लगी. हालांकि, खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल चुकी है.

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल हुए ग्रामीण विकास विभाग के अफसर

# पेड़ों को बचाने का संकल्प लें : सिंह

संवाददाता। बेड़ो/रांची

एक पेड़ मां के नाम महोत्सव का गुरुवार को बेड़ो प्रखंड में आयोजन किया गया. इस आयोजन में ग्रामीण विकास विभाग के अफसर शामिल हुए. बेड़ो प्रखंड में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विभाग के संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में जल- जंगल और जमीन हमेशा से ही हमारे जीने का जरिया रहा है. लेकिन, आज हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित जंगल की जगह कंक्रीट के जंगल ने ले ली है. इसका सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है. प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है. अगर हम अब भी नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा. आज जरूरत इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण की खातिर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के अभियान का हम हिस्सा बनें और पेड़ों को बचने का संकल्प लें.

**एक दिन में बदलाव नहीं आ सकता, पर शुरुआत तो होनी चाहिए :** संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आज प्राकृतिक असंतुलन और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की वजह से बाढ़ और सुखाड़ जैसी कई प्राकृतिक आपदाओं



### हम सभी एक पेड़ मां के नाम महोत्सव का हिस्सा बनें

संयुक्त सचिव ने कहा कि एक ऐसा भी वक्त था, जब झारखंड जैसे प्रदेश में वन महोत्सव मनाने की कोई जरूरत नहीं थी. पूरा राज्य हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित था. चारों तरफ जंगल ही जंगल दिखते थे. लेकिन, विकास की रफ्तार जैसे-जैसे बढ़ती गई, जंगल सिमटते चले गए और इसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा. यही वजह है कि आज वन महोत्सव मनाने की एक परंपरा की शुरुआत हुई, जो आज भी चली आ रही है . यह समय की भी मांग है कि हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की मुहिम में अपनी भागीदारी निभाएं. एक पेड़ मां के नाम महोत्सव में अवर सचिव चंद्र भूषण, प्रखंड विकास पदाधिकारी बेडो, उपनिदेशक अनुपम भारती , परियोजना पदाधिकारी ऋतुराज, कुमार सौरभ मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी, तारक नाथ दास राज्य समन्वयक एवं प्रखंड के कई मुखिया, उप मुखिया ग्रामीण उपस्थित थे.

का सामना करना पड़ रहा है. मौसम चक्र में बदलाव से कृषि प्रभावित हो रही है. ऐसे में जरूरत इस बात की है कि प्राकृतिक व्यवस्था का कम से कम नुकसान कैसे हो, इस दिशा में हम सभी आगे बढ़े. इसके लिए जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं , ताकि प्राकृतिक व्यवस्था को जो नुकसान हो चुका है, उसकी थोड़ी सी भी भरपाई हो सके .

### प्रदर्शन | कंप्यूटर ऑपरेटर संघ ने किया राज्यस्तरीय महा धरना कार्यक्रम, सौंपा ज्ञापन

# कंप्यूटर ऑपरेटरों ने मांगों से सरकार को अवगत कराया

संवाददाता। ओरमांझी

झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का राज्य स्तरीय महा धरना कार्यक्रम गुरुवार को जाकिर हुसैन पार्क, रांची के समीप कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार आजाद की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार सिंह नयन एवं झारखंड राज्य सामाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद हबीब आलम, उपसचिव लोकेश कुमार यादव, प्रदेश संघर्ष समिति अध्यक्ष प्रसनजीत कुमार डे, प्रदेश संघर्ष समिति सचिव शाह फैसल, रविंद्र क्वेरी, जयप्रकाश महतो, अनुज



कुमार सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष, गौरव कुमार, प्रधान मुकेश कुमार राणा एवं राजभर से कुल 168 कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे. मौके पर अशोक कुमार सिंह "नयन" ने राज्य के सामाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर ऑपरेटरों की मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया. झारखंड राज्य सामाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर संघ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम मांग पत्र सौंपा.

**कम्प्यूटर ऑपरेटरों की मांगें :** सामाजिक सुरक्षा, कम्प्यूटर ऑपरेटरों के मानदेय में विसंगति को दूर करते हुए झारखंड राज्य में एकरूपता लायी जाय. पूर्ण बचाव का अवसर दिये बगैर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की छटनी पर रोक लगाई जाय. सभी कार्यरत सामाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर एवं अन्य कार्यरत कर्मी की सेवा सामाजिक सुरक्षा के स्वीकृत रिक्त लेखा लिपिक के पद पर एकमुश्त सेवा वरीयता के आधार पर समायोजित किया जाय तथा सामाजिक सुरक्षा के तहत अन्य सुविधा के साथ-साथ 60 वर्ष उम्र सीमा तक सेवा की गारंटी दी जाय. आउटसोर्स, दैनिक मजदूरी, संविदा एवं अनुबंध पर कार्यरत सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर की एक साथ वरीयता सूची प्रकाशित की जाय. कार्य की महत्ता को देखते हुए आउटसोर्स पर कार्यरत कर्मी की एक समान वरीयता सूची में स्थान दिया जाय. पीएफ, बीमा के दायरे में लाकर कार्यरत सभी कर्मियों को लाभ दिया जाय.

### श्री मदन मोहन मंदिर में मनाई जाएगी जन्माष्टमी

**कांके।** बोड़ेया के ऐतिहासिक श्री मदन मोहन मंदिर में 26 अगस्त को धूमधाम से जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा. इसके लिए मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है. मंदिर में जन्माष्टमी के दिन सुबह से ही पूजा शुरू हो जाती है. जन्माष्टमी के दिन प्रात 8:00 बजे आरती होगी एवं तत्पश्चात श्रद्धालुओं के लिए पूजा पाठ के लिए मंदिर खोल दिया जाएगा. संध्या 7:30 बजे महाआरती होगी एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा. रात्रि 8:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष सुधांशु नारायण तिवारी. सचिव मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष गोपाल नारायण तिवारी, संरक्षक गोविंद नारायण तिवारी. अजय मिश्रा. विनय नारायण तिवारी. राकेश नारायण तिवारी. मनोहर तिवारी आदि मौजूद थे.





## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** विदेश यात्रा या कोई यात्रा का योग है. रोग या व्याधि में खर्च होगा. आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा. अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा. विवेक से कार्य करें. स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी.

**वृष** दिन का शुरुआत अनुकूलता प्रदान करेगा. लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. शत्रु भय रहेगा. व्यापार-व्य-वसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी. नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी. मशक्कत करने से लाभ होगा. चिंता होगी.

**मिथुन** कार्य की नई योजना बनेगी. मान-सम्मान मिलेगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. स्त्री कष्ट संभव. कलह से बचें. कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे. विवेक से कार्य बनेंगे. पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना. वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग. किस्मत का साथ मिलेगा.

**कर्क** समय सामान्य है.चन्द्र राहु का योग है. मानसिक तनाव होगा. कानूनी बाधा दूर होगी. देव दर्शन होंगे. राज्य से लाभ होने की संभावना. मातृपक्ष की चिंता. वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें. धनागम की संभावना.

**सिंह** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. झंझटों में न पड़ें. आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना. शत्रु पराजित होंगे. लाभ होगा. स्वास्थ्य ठीक न हो. अनजाना भय सताएगा.

**कन्या** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. राजकीय बाधा दूर होगी. नेत्र पीड़ा की संभावना. धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा. शत्रु से परेशान होंगे. अपमान होने की संभावना. कष्ट की संभावना. धनहानि. कष्ट-पीड़ा.

**तुला** स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. भागदौड़ रहेगी. भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. धनागम सुस्त रहेगा. कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा. दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है. कुछ लाभ की संभावना.

**वृश्चिक** शिक्षा में किया गया प्रयास सार्थक होगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना. कुसंग से हानि. धनागम सुखद रहेगा. प्रेमिका मिलेगी. गुरु ग्रह को बल दे.

**धनु** गृह निर्माण में खर्च होगा. माता के स्वास्थ पर ध्यान दे. लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा. दुःसमाचार प्राप्त होंगे. हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा. भयकारक दिन रहेगा.

**मकर** बेकार के बहस से दूर रहेंगे. कोई सत्कर्म के लिए किया गया प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा के योग बनेंगे. कुछ कष्ट होने की संभावना. लाभ के योग बनेंगे. स्त्री वर्ग को कष्ट. कुसंग से कष्ट. कलहकारक दिन रहेगा.

**कुंभ** धन के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. आय में वृद्धि होगी. विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना. चिंताएं जन्म लेंगी.

**मीन** दिन की शुरुआत शुभ समाचार से होगा. समय बहुत ही उत्तम है. किया गया कार्य लाभ देगा. परिवार की चिंता रहेगी. लाभ होगा. अस्वस्थता का अनुभव करेंगे. चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी. शत्रु दबे रहेंगे. कलह-अपमान से बचें. संभावित यात्रा होगी.

## हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना पुलिस ने अवैध हथियार व कारतूस के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए अपराधियों में सरईडीह गांव निवासी रंजन कुमार (20), उलगाड़ा गांव निवासी लाल सूरज यादव (26) व गढ़गांव पिपराटांड निवासी गोल्डेन आलम (20) शामिल हैं. तीनों के पास से दो अवैध देशी कट्टे और 8 एमएम का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है व उनकी गिरफ्तारी पांकी थाना क्षेत्र के सरईडीह और उलगाड़ा गांव से हुई है. इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई है. गिरफ्तारी के दौरान अपराधियों के पास से एक टीवीएस आपाची मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन समय रहते उन्हें पकड़ लिया गया. पुलिस अब इनके आपराधिक इतिहास और अन्य संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रही है, ताकि इनसे जुड़े अन्य मामलों का भी खुलासा हो सके.

## लिपुंगा के जंगलों में नक्सली गतिविधियां बढ़ने से पुलिस अलर्ट

**किरीबुरु।** गुवा थाना के कोल्हान वन क्षेत्र के लिपुंगा गांव क्षेत्र के जंगलों में भाकपा माओवादी नक्सलियों की गतिविध अचानक बढ़ गई है. इससे कई गांवों के ग्रामीण परेशान व दहशत में हैं. उल्लेखनीय है कि इसी गांव क्षेत्र के जंगल में जुलाई माह में पुलिस व सीआरपीएफ ने भाकपा माओवादी के पांच कुख्यात नक्सलियों कांडे होनहागा व अन्य को मार गिराया था. सारंडा के हतनाबुरु गांव निवासी एरिया कमांडर पांडू हांसदा व एक महिला नक्सली को जिंदा पकड़ा गया था. इस मुठभेड़ में पांडू हंसदा की पत्नी सपनी हांसदा भी मारी गई थी. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लिपुंगा क्षेत्र के जंगलों में 22 अगस्त की अहले सुबह हथियारबंद नक्सलियों की गतिविधियां देखी गयी थी. इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है. अगर पुलिस व नक्सली आमने-सामने हुए तो मुठभेड़ तय है. इस वजह से ग्रामीण दहशत में हैं और जंगल की ओर जाने से कतरा रहे हैं.

### राज्य में आतंकी साया : सूबे में 13 साल में 28 आतंकी हुए गिरफ्तार

# झारखंड के सात जिले बने आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल

- रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़ और गिरिडीह शामिल
- कई सालों से आतंकी गतिविधियों की रुपरेखा तैयार करते थे

सौरव सिंह। रांची

झारखंड के रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग समेत सात जिला आतंकवादी संगठनों के स्लीपर सेल का ठिकाना बना हुआ है. इन सात जिलों में रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़ और गिरिडीह जिला शामिल है. ये सभी जिले आतंकियों के स्लीपर सेल को पनाह देती रही है. यहां कई सालों से आतंकी अपनी गतिविधियों का रोड-मैप व साजिश की रूपरेखा तैयार करते रहे हैं. पिछले 13 साल के दौरान राज्य इन सभी सातों जिले से आतंकवादी संगठनों के 28 स्लीपर सेल गिरफ्तार हो चुके हैं.

### पिछले कुछ सालों में सुरक्षा बलों को मिली सफलता

**05 जून 2011:** मध्य प्रदेश एटीएस ने मानगो के जाकिर नगर रोड नंबर 13 वेस्ट में दो मंजिला मकान में छापेमारी कर इंडियन मुजाहिद्दीन के आतंकी अबू फैजल और इरशाद को एक महिला के साथ गिरफ्तार किया था.

**जून-2011:** वर्ष-2008 में अहमदाबाद में सीरियल बम ब्लास्ट मामले में रांची के बरियातू का रहने वाला इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी दानिश रियाज उर्फ शाकिन उर्फ अफाक इकबाल बड़ोदरा में पकड़ा गया था.

**29 फरवरी 2012:** हजारीबाग स्थित पगमिल मोहल्ले के कश्मीर हाउस से लश्कर के आतंकी तौफिक को गिरफ्तार किया गया था.

**04 मार्च 2013:** अहमदाबाद में सीरियल बम ब्लास्ट मामले में रांची के बरियातू का मंजर इमाम उर्फ जमील उर्फ अबू हनीफा कांके थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था.

**27 अक्टूबर 2013:** पटना के गांधी मैदान में नरेंद्र मोदी की रैली के दौरान सीरियल बम ब्लास्ट के बाद पटना में ही मोहम्मद इम्तियाज व मोहम्मद तारिक पकड़ाए थे. मोहम्मद तारिक विस्फोट में जख्मी हो गया था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी. दोनों रांची के धुर्वा के सिठियो गांव के रहने वाला था.

**30 अक्टूबर 2013 :** डोरंडा के मनीटोला स्थित फिरदौस नगर से उज्जैर अहमद को एनआईए ने गिरफ्तार किया था. उस पर कुख्यात आतंकी यासीन भटकल का सहयोगी होने का आरोप है.

**21 मई 2014 :** पटना ब्लास्ट के बाद फरार चल रहे धुर्वा सिठियो गांव के दो अन्य युवक नुमान उर्फ नोमान व मोहम्मद तौफिक के अलावा ओरमांझी के चकला गांव का मुजिबुल्ला व इरम लॉज में मुजिबुल्ला का रूम पार्टनर हैदर अली पकड़ा गया था.

**अक्टूबर 2014 :** एटीएस ने पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान में हुए बम विस्फोट मामले में जमशेदपुर के आजाद नगर से शीश महमूद नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था.

**19 अप्रैल 2015:** जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश का सक्रिय सदस्य और वर्धमान बम बलास्ट के आरोपी इब्राहिम शेख पाकुड से गिरफ्तार हुआ था.

**08 अगस्त 2018:** बोधगया और कोलकाता विस्फोट मामले में कोलकाता पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स ने झारखंड के पाकुड़ से जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के एक और संदिग्ध आतंकवादी दिलबर हसन को गिरफ्तार किया था.

**29 सितंबर 2015:** रामगढ़ से जमात-उल-मुजाहिद्दीन के पांच लाख के ईनामी आतंकी तरीकुल इस्लाम उर्फ सादिक गिरफ्तार.

**16 दिसंबर 2015:** ओडिशा पुलिस ने अलकायदा आतंकी अब्दुल रहमान कटकी को गिरफ्तार किया था. उसने कबूला कि जमशेदपुर में वो कई युवकों को प्रशिक्षित कर चुका था.

**18 जनवरी 2016:** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित धतकीडीह निवासी अब्दुल समी को हरियाणा से दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था.

**25 जनवरी 2016:** जमशेदपुर के धातकीडीह से मसूद और अख्तर गिरफ्तार हुआ था. उसके पास से हथियार बरामद हुआ था.

**09 अगस्त 2017:** अलकायदा के संदिग्ध आतंकी जमशेदपुर आजादनगर निवासी जीशान अली को दिल्ली की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया था.

**21 सितंबर 2019:** झारखंड एटीएस ने आतंकी संगठन से जुड़े होने के आरोप में मानगो निवासी कलीमुद्दीन को टाटानगर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था.

**25 दिसंबर 2020:** अंडरवर्ल्ड सरगना दाउद इब्राहिम के करीबी मोस्ट वांटेड अब्दुल माजिद कुट्टी को गुजरात एटीएस ने जमशेदपुर से गिरफ्तार किया.

**15 मार्च 2022:** गिरिडीह जिला के गावां थाना क्षेत्र का रहने वाला इनामुलहक उर्फ इनाम इम्तियाज का नाम आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था. उसे यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था.

**18 जुलाई 2023:** लोहरदगा में आईबी, एनआईए और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर आईएसआईएस का आतंकवादी शहबाज को गिरफ्तार किया था.

**02 अक्टूबर 2023:** हजारीबाग का रहने वाला आईएसआईएस आतंकी शाहनवाज को दिल्ली से एनआईए ने गिरफ्तार किया था.

**19 दिसंबर 2023:** एनआइए ने जमशेदपुर में छापेमारी कर आइएसआइएस एजेंट शाहबाज को गिरफ्तार किया था.

### कांग्रेस व अन्य दल के सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

# झारखंड में इंडी गठबंधन का वजूद खतरे में : बाबूलाल

- भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित
- डूबती नाव से भाग रहे लोग
- संघर्ष के साथियों का भाजपा में स्वागत

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन का वजूद खतरे में है. डूबती नाव से लोग भाग रहे हैं. वे गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि कि भाजपा अभी प्रदेश में संघर्ष कर रही है. सत्तारूढ़ दल को छोड़कर भाजपा में शामिल होकर इस संघर्ष का साथी बनना एक बड़ी बात है. आप लोगों के योगदान से केवल सरायकेला, जमशेदपुर ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में पार्टी को ताकत और बल मिलेगा. साथ ही इससे राज्य में एक अच्छा मैसेज भी जाएगा. संघर्ष के साथियों का भाजपा में स्वागत है.

**झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल :** मरांडी ने कहा कि आज झारखंड प्रदेश की जो हालत है, वह किसी से छुपा हुआ नहीं है. झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल है. राज्य सरकार ने राज्य के युवा, किसान, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़ा यानि सभी वर्गों को ठगने का काम किया है. वर्तमान झारखंड सरकार के पाप का घड़ा पूरी तरह भर चुका है, यह सरकार बस अब कुछ दिनों की मेहमान है. विधानसभा चुनाव अब काफी नजदीक है. हम सबों को मिलकर इस वर्तमान भ्रष्ट और निक्कमी सरकार को यहां से हटाना बहुत जरूरी है.

**बहू-बेटियों की इज्जत भी सुरक्षित नहीं :** मरांडी ने कहा कि आज प्रदेश की कानून व्यवस्था की क्या हालत है, यह बतलाने की जरूरत नहीं है. चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण चरम पर है, बहू बेटियों की इज्जत भी सुरक्षित नहीं है. जब तक किसी भी प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक नहीं होगी, भय का वातावरण जब तक समाप्त नहीं होगा, तब तक कोई भी प्रदेश प्रगति नहीं कर सकता है. आज झारखंड की यही स्थिति है. इस स्थिति में बाहर के निवेशकों की तो छोड़िए जो घर के संपन्न लोग होंगे, वह भी जंगलराज से तंग होकर राज्य छोड़ने को मजबूर होंगे. मरांडी ने 23 अगस्त को राज्यव्यापी युवा आक्रोश रैली में मिलन समारोह में पार्टी का दामन थामने वालों सहित राज्य के युवाओं व लोगों से अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया. सभी के सहयोग से 2024 के विधानसभा चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकना है.

**इन्होंने थामा भाजपा का दामन :** मिलन समारोह में कांग्रेस नेता सह इंटक के प्रदेश सह सचिव चंदन कुमार सिंह, आम आदमी पार्टी के प्रदेश उप संयोजक प्रेम कुमार, सरायकेला खरसावां कांग्रेस के जिला महामंत्री विनोद कुमार सिंह, सरायकेला खरसावां कांग्रेस के जिला सचिव राम विचार राय, कांग्रेस नेता नीरज कुमार सिंह, शैलेश गुप्ता, पंकज कुमार सिंह राघवेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.




मिलन समारोह में भाजपा में शामिल होते कार्यकर्ता

### राज्य सरकार से जनता हर हाल में पाना चाहती है मुक्तिः रवींद्र राय

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय ने कहा कि राज्य सरकार से जनता हर हाल में मुक्ति पाना चाहती है. वह घड़ी नजदीक आ चुकी है. इस दौरान पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह, गणेश महली भी उपस्थित थे. मंच संचालन झारखंड प्रदेश के मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया.

### चंपाई सोरेन मामले में कल्पना ने तोड़ी चुप्पी, कहा-

# अपनी बातें पार्टी अध्यक्ष से कहते तो अच्छा होता

विशेष संवाददाता। रांची

पिछले एक सप्ताह से पूर्व सीएम चंपाई सोरेन को झारखंड की राजनीति में उठापठक के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी. उन्होंने कहा कि चंपाई वरिष्ठ नेता हैं और उन्होंने मन की बात लिखी है, इसपर मैं कुछ कहना नहीं चाहती हूं. उन्होंने कहा कि मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा की सिपाही हूं. चंपाई भी जेएमएम के सिपाही, उन्हें जो भी बात कहनी थी उसे पार्टी के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष से कहते तो अच्छा रहता. कल्पना से जब पूछा गया कि चंपाई के जाने से पार्टी को कितना नुकसान हो सकता. इस सवाल को उन्होंने टाल दिया.



चंपाई सोरेन



कल्पना सोरेन

**अपने विस क्षेत्र में सुनी लोगों की समस्या :** इससे पहले गुरुवार की दोपहर में कल्पना सोरेन गिरिडीह परिसदन भवन पहुंचीं. यहां पर सदर विधायक सुदिव्य कुमार और झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं से बात की और उनकी समस्या को समझा. इसके अलावा कई लोग यहां अपनी फरियाद लेकर पहुंचे तो उनकी भी बातों को कल्पना सोरेन ने सुना.

### लोगों को दिया चेक

परिसदन भवन में ही कल्पना सोरेन के हाथों आपदा राहत, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना समेत विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों को राहत का चेक दिया गया. यहां डीडीसी और उपनगर आयुक्त संग बैठक करते हुए कई निर्देश भी दिए.

## गांजा की खेती करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**प्रतापपुर (चतरा)।** अवैध रूप से गंजा की खेती करने के आरोपी प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ननई गांव निवासी राजू साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया. इस संदर्भ में थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ननई गांव निवासी रामवृक्ष साव का पुत्र राजू साव अपने खेत में गंजा की खेती किए जाने को लेकर एनडीपीएस एक्ट में कांड संख्या 7/22 का आरोपी है और फरार चल रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया.

## बीबीएमकेयू, धनबाद के कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई शुरू हो

### राज्यपाल को सौंपा मांग पत्र

संवाददाता । रांची

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) धनबाद के अंगीभूत महाविधालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को चालू करने को लेकर सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो ने राज्यपाल से मुलाकात की. उन्होंने राज्यपाल को मांग पत्र सौपा. आनंद महतो ने बताया कि बीबीएमकेयू से अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को बंद कर देने से छात्र-छात्राओं का पढ़ाई बाधित हो रही है. इन कॉलेजों में गरीब मजदूर परिवार से आने वाले बच्चे पढाई करते है. बीबीएमकेयू के अंतर्गत 13 अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू होने से लगभग 15,000 छात्र नामांकन ले सकेंगे.

आनंद महतो ने बताया कि राज्य के दूसरे विश्वविद्यालयों के अंगीभूत कॉलेजो में इंटर की पढ़ाई को सुचारू रूप से चल रहा है. इसलिए उन्होंने राज्यपाल महोदय को सारे विषय वस्तु से अवगत कराया है. साथ ही बीबीएमकेयू में इंटर की पढ़ाई को शुरू करने के लिए आग्रह किया गया. राज्यपाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी को इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरु करने की प्रक्रिया चालू करने का निर्देश दिया है. आनंद महतो के साथ मासस के केंद्रीय सचिव कॉमरेड चंद्रदेव महतो, पंसस रोहित कुमार महतो थे मौजूद थे.

# कांग्रेस ने ईडी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

विशेष संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कांग्रेस ने रांची सहित पूरे देश में ईडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया. यह प्रदर्शन अडाणी महाघोटाला जांच के लिए जेपीसी गठन कर कराने की मांग की गयी. इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस द्वारा अडाणी महाघोटाले की जांच की मांग बार-बार की गई, मगर केंद्र सरकार द्वारा इसे हमेशा नकारा गया. अभी हिंडनबर्ग के ताजा खुलासे से कांग्रेस के आरोप सच साबित हो रहे हैं. कांग्रेस द्वारा जांच के लिए जेपीसी की मांग की जा रही है लेकिन केंद्र सरकार का इससे भागना ही साबित करता है कि वह अपने मित्रों को बचाना चाहती है.

उन्होंने कहा कि देश की जांच एजेंसी केंद्र सरकार के हथियार के रूप में काम कर रही है. जो सत्ता के इशारे पर विरोधी नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल भेजने और राज्यों की गैर भाजपा शासित सरकारों को गिराने में केंद्र के टूल किट के रूप में उपयोग हो रही है. उन्होंने इडी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र में हमारी सरकार बनेगी, तब सारा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा.




ईडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते कांग्रेसी.

### देश बड़े आर्थिक घोटाले की जद में : रामेश्वर उरांव

कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि देश आर्थिक घोटाला की जद में है, मध्यम वर्गीय परिवारों के पैसों की रखवाली करने वाली सेबी जैसी संस्थाएं भी इस सूची में शामिल हो गई हैं लेकिन केंद्र सरकार सोई हुई है. अगर अडानी महाघोटाले की जांच जेपीसी करती है तो केंद्र सरकार में बैठे हुक्मरानों का पर्दाफाश हो जाएगा शायद इसी वजह से इस मामले पर पीएम मोदी चुप हैं. कार्यक्रम में मंत्री दीपिका पांडे सिंह, प्रदीप यादव, ममता देवी, अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, अजय नाथ शाहदेव, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, गुंजन सिंह, राकेश महतो आदि शामिल थे.

**कार्यक्रम** | मेकॉन में वेंडर विकास कार्यक्रम और संपर्क सत्र का आयोजन

# वेंडर्स को वित्तीय पहलुओं व टेंडर प्रक्रिया की जानकारी दी

संवाददाता । रांची

मेकॉन लिमिटेड ने यूटिलिटी उपकरण निर्माताओं और ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए एक दिवसीय वेंडर विकास कार्यक्रम और संपर्क सत्र का आयोजन किया. मेकॉन कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय इस्पात उद्योग में संभावित आवश्यकताओं के बारे में वेंडरों को जागरूक करना और भविष्य की व्यावसायिक संभावनाओं के लिए मजबूत वेंडर बेस बनाना था.

कार्यक्रम में देश भर के करीब 100 कांट्रैक्टर्स ने भाग लिया. मेकॉन के वित्त निदेशक मुकेश कुमार, परियोजना निदेशक पीके दीक्षित, मुख्य सतर्कता अधिकारी सतीश कुमार, कार्यपालक निदेशक एसके भट्टाचार्जी आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया. वित्त निदेशक मुकेश कुमार ने कार्यक्रम में वित्तीय पहलुओं की जानकारी दी. साथ ही टेंडर प्रक्रिया के संबंध में बताया. परियोजना निदेशक पीके दीक्षित ने सामग्रियों के भंडारण व रख-रखाव में कंपनियों की भूमिका और जिम्मेदारी पर चर्चा की. मुख्य सतर्कता अधिकारी ने वेंडर विकास कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह सभी के लिए फायदेमंद है.

मेकॉन की संविदा विभाग और द्रव प्रणाली एवं पाइपिंग प्रभाग (एफएसएंडपीडी) ने जल, गैस एवं एचवीएसी समूह के बारे में प्रेजेंटेशन दिया. साथ ही वेंडरों, ईपीसी कांट्रेक्टरों और मेकॉन के अधिकारियों के बीच चर्चा इस पर चर्चा की गई. सभी ईपीसी से आग्रह किया कि मेकॉन से जुड़े रहें.

### देशभर के 100 प्रतिभागियों ने लिया भाग



एक दिवसीय वेंडर विकास कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी.

### प्रदेश जदयू कार्यालय में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम

# सरयू के आने से झारखंड में एक विधायक जदयू का हो गयाः खीरू

प्रमुख संवाददाता। रांची

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने कहा है कि सरयू राय के आने से झारखंड में जदयू का एक विधायक हो गया है. साथ ही झारखंड में पार्टी को एक मजबूत और वरिष्ठ नेता मिला है. वे हमलोगों का मार्गदर्शन करेंगे. खीरू गुरुवार को प्रदेश जदयू कार्यालय में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस दौरान सरयू राय का नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया. अभिनंदन कार्यक्रम में सरयू राय ने कहा कि सरकार असली मुद्दों से भटकाते हुए भावनात्मक मुद्दों को आगे कर रही है. असली मुद्दों पर चर्चा से सरकार पीछे हट रही है. राज्य में घुसपैठ पर राय ने कहा कि जो 125 साल से झारखंड में रह रहे हैं. अपना काम कर रहे हैं, उन्हें बाहरी कहना ठीक नहीं.

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद :** पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कामेश्वर दास, श्रवण कुमार, उपेंद्र सिंह, बिगा मिंज, राजू महतो, मनोज दूबे, अशोक शर्मा, अनुराधा शर्मा, रूद्रकांत लाल दास, हारून रशीद, धनलाल दूबे, महेश्वर चौधरी, प्रदीप महतो, संजय सिंह, सागर कुमार, दुष्यंत पटेल, अखिलेश राय, आशा शर्मा, आशा सोनी सहित अन्य नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### पेज 1 का शेष...

## गिद्धों की चाहत से...

कुछ लोग कल्याण मार्ग का रास्ता पूछ रहे हैं. ऐसी ही दुआएं तब भी की जा रही थीं जब श्रीलंका में उथल-पुथल मची थी. उस समय उनकी दुआएं कुबूल नहीं हुईं, लेकिन इस बार तैयारी पहले से है. हमारे एक बड़े नेता विदेश में जाकर अमेरिका, यूरोप से मदद की मांग कर ही चुके हैं. युवा प्रधानमंत्री को डंडे से मारेंगे, यह अभिलाषा प्रकट हो चुकी है. कोई माथा फोड़ना चाहता है, कोई बोटी-बोटी काटने पर आमादा है. कोई उन्हें हिटलर की मौत मारना चाहता है तो कोई कुत्ते की तरह मरने की कामना कर रहा है. तो क्या भारत में ये प्रार्थनाएं, कामनाएं स्वीकार होंगी ? प्रधानमंत्री ने इस बार लाल किले के प्राचीर से इंगित कर दिया है कि चुनौतियां अंदर से भी हैं और बाहर से भी. लेकिन इन चुनौतियों को चुनौती देने का सामर्थ्य भारतवासियों में है.

वैसे भी गिद्धों की चाहत से गाय नहीं मरती है. हमारा लोकतंत्र न आयातित है, ना ही थोपा हुआ. लोकतंत्र हमारी रगों में है. इसकी जड़े मजबूत हैं. यों नहीं भारत लोकतंत्र की जननी है. जब इमरजेंसी के दौरान सभी नागरिक अधिकार छीन लिये गये थे, नेताओं, युवाओं को जेल में डाल दिया गया था, तब भी इस देश में सशस्त्र या हिंसक विरोध नहीं हुआ. आंदोलन के अगुआ जयप्रकाश नारायण का आदेश था कि विरोध हिंसक नहीं होना चाहिए. इंदिरा गांधी की कुर्सी गई तो चुनाव से, लोकतांत्रिक हथियार से. 1984 में उनकी हत्या भी हुई तो उसके पीछे कोई षडयंत्र या विरोध प्रदर्शन नहीं था. स्वर्ण मंदिर में गोलियां चलवाने के कारण सिख नाराज थे और दो सिरफिरे संतरियों ने यह घृणित कर्म कर दिया था. फिर भी राजीव गांधी बिना किसी विरोध के प्रधानमंत्री बने. राजीव गांधी की हत्या भी किसी फौजी या पुलिसवाले ने नहीं, लिट्टे के आतंकवादियों ने की थी.

पाकिस्तान और बांग्लादेश 1947 तक तो भारत का ही हिस्सा थे. लेकिन विभाजन के बाद उनके यहां वह जम्हूरी तमीज, तहजीब विकसित नहीं हुई जिसकी जड़ें भारत में पहले से गहरी थीं और आज भी भीतरी-बाहरी साजिशों के बावजूद उन जड़ों में मट्ठा डालने की हैसियत किसी की नहीं है. फिर भी हमें देश में छिपे बहुरंगी, बहुभाषी, बहुभेषी गद्दारों की शिनाख्त तो करनी ही चाहिए और उनसे सचेत भी रहना चाहिए. हमारे लोकतंत्र की मजबूती का एक बड़ा कारण हमारा सनातन होना या सनातनियों का बाहुल्य भी है. सनातन में ष्शास्त्रार्थ की परंपरा रही है. हम विष्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं. हम सबके स्वस्थ सुखी रहने की कामना करते हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे बुजुर्गों ने आजाद भारत को ऐसा संविधान दिया है जिसकी अवहेलना कोई नही एंकर सकता है, न विधायिका, न कार्यपालिका, न न्यायपालिका और ना ही फौज.

# रिटेल सेक्टर में उतार-चढ़ाव

भारत में एक ओर जहां खुदरा व्यापार में तेज वृद्धि की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर संगठित रिटेल सेक्टर (खुदरा व्यापार) पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में किन हालात से गुजरा, इसकी एक झलक अब सामने आई है. यह खबर आम भारतीयों की माली हालत का एक आईना भी है. पिछले वित्त वर्ष में संगठित रिटेल सेक्टर में हजारों कर्मचारियों की छंटनी की गई. सिर्फ पांच बड़े रिटेलर्स-रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिटेल शाखा, टाइटन, रेमंड, पेज और स्पेन्सर्स ने अपने 52 हजार कर्मचारी हटा दिए. रिटेल सेक्टर में कर्मचारियों की कटौती की सूचना खुद कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से सामने आई है. अब संगठित रिटेल का यह हाल हो तो असंगठित क्षेत्र का अंदाजा लगाया जा सकता है. उल्लेखनीय है कि कृषि के बाद रिटेल सेक्टर ही भारत में सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार मुहैया कराता है. इस क्षेत्र के जानकारों ने कहा है कि 2022 की दिवाली के बाद से रिटेल सेक्टर मंदा पड़ने लगा. उपभोक्ताओं ने वस्त्र, लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि पर खर्च घटा दिए. साथ ही बाहर जाकर खाने के चलन में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है. कुल मिला कर पिछले वित्त वर्ष में रिटेल सेक्टर के कारोबार में चार प्रतिशत की गिरावट आई. कोरोना महामारी के बाद इस क्षेत्र में उछाल देखने को मिला था, लेकिन वह दौर अब गुजर चुका है. रिटेल सेक्टर में मंदी की पुष्टि एक दूसरे आंकड़े से भी होती है. बीते पांच साल से इस क्षेत्र में नए स्टोर खोलने के लिए क्षेत्र विस्तार की दर गिरती चली गई है. जाहिर है, जब बाजार में मांग बढ़ रही होती है तो नए स्टोर खुलते हैं और उनमें नई नौकरियां पैदा होती हैं. मांग का सीधा संबंध आय बढ़ने से है, जबकि भारत की असल कहानी यह है कि औसत वास्तविक आय में गिरावट दर्ज हुई है. कमरतोड़ महंगाई ने लोगों की आमदनी का मूल्य गिरा दिया है. परिणामस्वरूप कारोबार सिकुड़े हैं और नौकरियां घटी हैं. इस तरह देश एक दुश्चक्र में फंस गया है. यह बात आम शख्स से लेकर विशेषज्ञ अर्थशास्त्रियों तक के सामने स्पष्ट है. यह सिर्फ केंद्र सरकार ही है, जो इस सच को स्वीकार नहीं करती और गढ़े गए आंकड़ों के जरिए फर्जी कथानक तैयार करने में जुटी रहती है. कियर्नी रिसर्च के अनुसार, भारत का खुदरा उद्योग 2019-2030 के दौरान 9% की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो 2019 में 779 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2026 तक 1,407 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 2030 तक 1.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा. भारत के प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग का मूल्य 2025 के अंत तक 7.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है. भारत में ई-रिटेल शॉपर्स की संख्या तीसरी सबसे ज़्यादा है (चीन और अमेरिका से पीछे). नए ज़माने के लॉजिस्टिक्स प्लेयर्स से 2030 तक 2.5 बिलियन डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर शिपमेंट डिलीवर करने की उम्मीद है. अगले 10 सालों में ऑनलाइन यूज़्ड कार ट्रांजैक्शन की पहुंच नौ गुना बढ़ने की उम्मीद है. हाल ही में आई इंडस्ट्री रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स इंडस्ट्री ने ऑर्डर वॉल्यूम के मामले में साल दर साल 36.8% की शानदार वृद्धि देखी है.

> कमरतोड़ महंगाई ने लोगों की आमदनी का मूल्य गिरा दिया है. परिणामस्वरूप कारोबार सिकुड़े हैं और नौकरियां घटी हैं. इस तरह देश एक दुश्चक्र में फंस गया है. यह बात आम शख्स से लेकर विशेषज्ञ अर्थशास्त्रियों तक के सामने स्पष्ट है.

## सुभाषित

**अर्थाः भवन्ति गच्छन्ति लभ्यते च पुनः पुनः।**
**पुनः कदापि नायाति गतं तु नवयौवनम्।।**

घन मिलता है, नष्ट होता है. नष्ट होने के बाद फिर से मिलता है, परन्तु जवानी एक बार निकल जाए तो कभी वापस नहीं आती. इसलिए उस अवधि में पुरुषार्थ को सिद्ध करने की दिशा में प्रयत्न किया जाना चाहिए. एक बार समय हाथ से निकल जाये तो वह वापस नहीं आता.

# दिलचस्प होगा झारखंड विधानसभा चुनाव

**रांची में भी भाजपा ने उत्कृष्ट जीत दर्ज की है. आजसू पार्टी ने भी तिकोना संघर्ष में 35. 67% मतों के साथ विजय पताका फहरायी है. राजनीतिक पंडित लोकसभा चुनाव के विधानसभा क्षेत्रवार परिणाम के आलोक में आगामी चुनाव परिणाम को देखते हैं, पर यह एक भ्रम सिद्ध होता रहा है. उदाहरण स्वरूप 2019 लोकसभा चुनाव में विधानसभा सीट वाइज अधिक वोट और सीट पाने वाली भाजपा विधानसभा चुनाव में 25 पर ही सिमट कर रह गयी.**



• देश-काल



अयोध्या नाथ मिश्र

जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा की चुनावी घोषणा के उपरांत स्पष्ट हो गया है कि झारखंड और महाराष्ट्र राज्य विधानसभा के चुनाव समय पर ही होंगे. परंतु इन दोनों राज्यों में भी अब चुनावी हलचल तेज हो गयी है. महाराष्ट्र में जहां दो मोर्चों (युति) के बीच संघर्ष स्पष्ट है, वहीं झारखंड में भी कमोबेश लड़ाई एनडीए और इंडी अलायंस के बीच ही है. हालिया लोकसभा चुनाव में दोनों का आंकड़ा 9 और 5 का रहा है. पूर्व में 11 लोकसभा सीटों पर काबिज भारतीय जनता पार्टी आठ पर सिकुड़ गई है तो उसके सहयोगी आजसू पार्टी को गिरिडीह में मिली विजय को 2024 में भी बचाने में महारत मिली है. 2024 के चुनाव में न केवल दरका है, अपितु मतों का अनुपात भी नीचे खिसका है. विशेष कर अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पांच सीटों में चार पर मिले वोट 40% से कम पर आ गए हैं. मात्र एक सीट दुमका में भाजपा उम्मीदवार को 44.32% वोट मिले. 2019 में दुमका सीट भाजपा की झोली में थी, पर इस बार का प्रयोग नया रहा. केंद्रीय मंत्री और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री तथा झारखंड के लोकप्रिय नेता अर्जुन मुंडा को भी खूंटी में( शायद जीवन की पहली) करारी हार देखनी पड़ी. लोहरदगा चाईबासा और राजमहल के सारे प्रयोग धरे के धरे रह गए और सभी ट्राइबल सीटों पर इंडी एला. ने कब्जा जमा लिया, जबकि तीन सीटों पर 2019 में भाजपा को सफलता मिली थी. भाजपा का सीता-गीता प्रयोग भी काम नहीं आया. दूसरी ओर भाजपा ने सामान्य सीटों पर बेहतर अनुपात में मतों के साथ शत प्रतिशत सफलता हासिल की है, तो पलामू के आरक्षित सीट को भी बरकरार रखने में सफलता पाई है. कोडरमा, गोड्डा, चतरा, धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, पलामू में मतों की उपलब्धि 50% से अधिक रही है. रांची में भी भाजपा ने उत्कृष्ट जीत दर्ज की है. आजसू पार्टी ने भी तिकोना संघर्ष में 35. 67% मतों के साथ विजय पताका फहरायी है. राजनीतिक पंडित लोकसभा चुनाव के विधानसभा क्षेत्रवार परिणाम के आलोक में आगामी चुनाव परिणाम को देखते हैं, पर यह एक भ्रम सिद्ध होता रहा है. उदाहरण स्वरूप 2019 लोकसभा चुनाव में विधानसभा सीट वाइज अधिक वोट और सीट पाने वाली भाजपा विधानसभा चुनाव में 25 पर ही सिमट कर रह गयी. प्रायः चुनाव पार्टी, उम्मीदवार, कार्यकर्ता, प्रबंधन, कार्य, राज्य- क्षेत्र, मुद्दों पर निर्भर करते हैं. इसमें अब जाति की भूमिका बहुत बड़ी हो गई है. मतदाता चर्चा संवाद में भले ऊंची-ऊंची बातें कर लें, बड़ा धड़ा चुनाव में इन्हीं संकरी गलियों से गुजरता है. ऐसे में राष्ट्रीय पार्टियों विशेष कर मुद्दों, समस्याओं, प्रश्नों को लेकर मैदान में उतरने वाले दलों के लिए वातावरण बहुत अनुकूल नहीं होता! उदाहरण के तौर पर गिरिडीह के हालिया चुनाव को देखा जा सकता है. एक नवोदित उम्मीदवार को 27 % से अधिक मत मिले. झारखंड विधानसभा के चुनावी ट्रेंड में कोई भारी उथल-पुथल होगा, ऐसा नहीं लगता. भाजपा और इंडी ग्रुप अर्थात झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस अपने-अपने ढंग से नॉरेटिव गढ़ रहे हैं, पर छिटपुट घटनाओं को छोड़कर कोई बड़ी हलचल मतदाताओं में दिखाई नहीं देती. जनजातीय क्षेत्र जहां से 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को बड़ी सफलता प्राप्त हुई थी, वहां उनके सामने अपनी सीटों की रक्षा का प्रश्न है तो महज दो सीटों पर सिमटी भाजपा के लिए बढ़त बनाना सामान्य चुनौती नहीं है. विगत आम चुनाव में भाजपा को केवल खूंटी और तोरपा से ही जीत मिली थी, दूसरी ओर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नौ सीटों में से भाजपा ने छः सीटों अर्थात देवघर, सिमरिया, जमुआ, चंदन क्यारी, कांके और छतरपुर पर कब्जा जमाया था. पर अनुसूचित जनजाति सीटों से भाजपाई खूंटा उखड़ सा गया था.

अबकी बार जहां जनजातीय क्षेत्रों में भाजपा को भारी मशक्कत करनी होगी, वहीं अनारक्षित क्षेत्र में जाति, समीकरणों, क्षेत्रीय समस्याओं से दो हाथ भी करना पड़ेगा. वहीं इंडी अलायंस के झामुमो को जनजातीय सीटों को बचाने के लिए जद्दोजहद करनी होगी. जोबा मांझी, नलिन सोरेन जैसे दो दिग्गजों की खाली सीटें भी चुनौती देगी. इसी प्रकार लाख प्रयास के बावजूद सत्ता की इनकम्बेंसी और चंपई सोरेन प्रकरण के साथ संथाल क्षेत्र की बदलती डेमोग्राफी तथा सरकार की क्षीण उपलब्धियां भी राह में रोड़ा बनेंगी. आज का राजनीतिक प्रशासन बड़ी तेजी से कर राजस्व के बूते अनुत्पादक रेवड़ियां बांटकर वोट का प्रबंध करता है .यह तात्कालिक प्रभाव तो उत्पन्न करता है, पर इसका दूरगामी परिणाम समग्रता में हितकर नहीं होता! पर चलन तो इसी का है ? भाजपा ने अपनी सांगठनिक पद्धति के अनुकूल क्षेत्र प्रभारी, राज्य प्रभारी, संगठन महामंत्री के ऊपर दो मूर्धन्य संगठन महारथियों को इस चुनाव के लिए झारखंड में उतारा है. तात्कालिक रूप से कार्यकर्ताओं में बेहतर संचार संपर्क एवं संवाद की स्थिति बनने की उम्मीद लोग कर रहे हैं, पर मतदाताओं के ऊपर विशेष कर जनजाति क्षेत्र में यह प्रयोग कितना प्रभावी होगा, सफल होगा देखने की बात है. झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा- झामुमो में कांटे का टक्कर होगा, यह तो संभावित है, पर कांग्रेस और आजसू भी अपनी मजबूत स्थिति के लिए संघर्ष को तेज करेंगे, इसकी भी उम्मीद की जाती है. इसी बीच कहीं-कहीं अन्य क्षेत्रीय पार्टियां भी अपनी पहचान के लिए कुलांचें मारेंगी. इधर एनडीए के घटकों में से कई कुछ दल इस बार चुनाव को प्रभावित करने की कवायद में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं. संभव है उपस्थिति दर्ज करायें. कुल मिलाकर झारखंड विधानसभा का आगामी चुनाव कई मामलों में दिलचस्प होगा, महत्वपूर्ण भी.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष सुज्ञ



## जैसा अन्न, वैसा मन

हमारे मनीषियों ने काफी साधना और विचार मंथन के बाद शास्त्रों और पुराणों ने स्पष्ट किया कि मनुष्य के मनोमस्तिष्क पर आहार और व्यवहार का सीधा प्रभाव पड़ता है. आपके आहार के अनुसार आपकी मनोवृत्ति में परिवर्तन होता चला जाएगा और आपको पता भी नहीं चलेगा. इसलिए भोजन की शुद्धता पर अधिक जोर दिया गया है, ताकि लोगों का मनोमस्तिष्क संतुलित रह सके. यदि भोजन अशुद्ध होगा तो उसका प्रभाव तत्काल समझ में आने लग जाएगा.भोजन की शुद्धता इस बात पर भी निर्भर करता है कि जो अन्न आप ग्रहण कर रहे हैं, उसका उपार्जन कैसे हुआ है. अगर उपार्जन का स्रोत गलत होगा तो उससे प्राप्त अन्न भी उचित प्रभाव नहीं दे पाएगा. इसका एक दृष्टांत है- एक साधु ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए जा रहे थे और एक गांव में प्रवेश करते ही शाम हो गई. ग्रामसीमा पर स्थित पहले ही घर में आश्रय मांगा,वहां एक पुरुष था, जिसने रात्रि विश्राम की अनुमति दे दी और भोजन के लिए भी कहा. साधु भोजन कर बरामदे में पडी खाट पर सो गया. चौगान में गृहस्वामी का सुन्दर हृष्ट पुष्ट घोडा बंधा था. साधु सोते हुए उसे निहारने लगा. साधु के मन में दुर्विचार ने डेरा जमाया, 'यदि यह घोडा मेरा हो जाय तो मेरा ग्रामानुग्राम विचरण सरल हो जाय'. वह सोचने लगा, जब गृहस्वामी सो जायेगा आधी रात को मैं घोडा लेकर चुपके से चल पडूंगा. गृहस्वामी को सोया जानकर साधु घोड़ा ले उडा. कोई एक कोस जा कर पेड़ से घोड़ा बांधकर सो गया. प्रातः उठकर नित्यकर्म निपटाया और घोडे के पास आकर फ़िर उसके विचारों ने गति पकडी. 'अरे! मैंने यह क्या किया? एक साधु होकर मैंने चोरी की? यह कुबुद्धि मुझे क्योंकर सूझी?' उसने घोडा गृहस्वामी को वापस लौटाने का निश्चय किया और उल्टी दिशा में चल पडा. उसी घर में पहुंच कर गृहस्वामी से क्षमा मांगी और घोडा लौटा दिया. साधु ने सोचा कल मैंने इसके घर का अन्न खाया था, कहीं मेरी कुबुद्धि का कारण इस घर का अन्न तो नहीं, जिज्ञासा से उस गृहस्वामी को पूछा- 'आप काम क्या करते हैं, आपकी आजीविका क्या है?' अचकचाते हुए गृहस्वामी ने साधु जानकर उसे अपनी सारी सच्चाई बता दी- 'महात्मा जी मैं चोर हूँ और चोरी करके अपना जीवनयापन करता हूं'. साधु का समाधान हो गया, चोरी से उपार्जित अन्न का आहार पेट में जाते ही उसके मन में कुबुद्धि पैदा हो गई थी. जो प्रातः नित्यकर्म में उस अन्न के निहार हो जाने पर ही सद्बुद्धि वापस लौटी. नीति-अनीति से उपार्जित आहार का प्रभाव प्रत्यक्ष था.

# जम्मू-कश्मीर : बनते बिगड़ते गठबंधन

• चुनाव चर्चा

कल्याणी शंकर

जम्मू और कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे, जिसमें 90 विधायकों का चुनाव होगा. अगस्त 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 के निरस्त होने और राज्य के विभाजन के बाद यह पहला चुनाव होगा.नये चुनाव कराने में देरी कई सालों से विवाद का विषय रही है. हालांकि, समय-सीमा तय करने में हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश महत्वपूर्ण था. अब जब चुनावों की घोषणा हो गई है, तो सभी राजनीतिक दलों ने इसका स्वागत किया है.कश्मीर लंबे समय से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है. दोनों देश कश्मीर पर दावा करते हैं, हालांकि वे इसके केवल एक हिस्से पर शासन करते हैं. पाकिस्तान ने इस मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण भी कर दिया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र में भी लाया गया है.2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राज्य को विभाजित करने के फैसले के बाद मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आईं. इस फैसले के कारण कश्मीर ने अपना झंडा, आपराधिक संहिता और संवैधानिक सुरक्षा खो दी. कश्मीरियों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर कम हो गये और अब वे गैर-निवासियों के लिए खुले हैं. चुनौतियों के बावजूद, राज्य ने सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव देखे हैं. प्रधानमंत्री की पहल ने विकास को बढ़ावा दिया है और जम्मू-कश्मीर में निवेश करने में खाड़ी देशों की बढ़ती दिलचस्पी एक आशाजनक भविष्य का संकेत देती है, जिससे निवासियों में उम्मीद जगी है. गृह मंत्रालय ने बताया कि 2019 में सुरक्षा बलों की हताहतों की संख्या 80 से घटकर 2023 में 33 हो गई है और 2019 में 44 से घटकर 2023 में 12 नागरिकों की मौतें हुई हैं.पिछले राज्य चुनाव 2014 में हुए थे. 2024 के लोकसभा चुनावों में उच्च मतदान ने विधानसभा चुनावों को कराने के उत्साह को जन्म दिया है. कश्मीर में हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक 58.46 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2019 के आम चुनाव से 30 अंकों की वृद्धि है. सरकार ने 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 को हटाने और विभाजन के बाद 2022 में परिसीमन अभ्यास पूरा किया. 2022 के परिसीमन के बाद जम्मू और कश्मीर में विधानसभा सीटें 87 से बढ़कर 114 हो गईं, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की 24 सीटें शामिल हैं. सीटों में यह वृद्धि संभावित रूप से सत्ता के संतुलन को बदल सकती है और आगामी चुनावों में राजनीतिक दलों की रणनीतियों को प्रभावित कर सकती है. राजनीतिक दलों ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें प्रचार रणनीति, गठबंधन और उम्मीदवार चयन शामिल हैं. कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने चुनावों की योजना बनाने के लिए बैठकें की. यदि विधानसभा चुनाव निर्धारित समय पर होते हैं, तो घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा. इसके अलावा, लोकसभा चुनावों के दौरान जिस ध्रुवीकरण और अलगाववादी कथानक ने जोर पकड़ा था, वह विधानसभा चुनावों के दौरान और तेज हो जायेगा. 2014 के जम्मू-कश्मीर चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था. 49 दिनों तक राष्ट्रपति शासन लागू रहा, जब तक कि पीडीपी की महबूबा मुफ़्ती को भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री नहीं बना दिया गया. बाद में भाजपा ने सत्तारूढ़ गठबंधन से अपना समर्थन वापस ले लिया, जिसके कारण फिर से राष्ट्रपति शासन लागू हो गया. नवंबर 2018 में विधानसभा भंग कर दी गई और दिसंबर 2018 में राष्ट्रपति शासन फिर लागू कर दिया गया. तब से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है. सरकार को यह तय करना होगा कि नरम अलगाववाद से निपटने के लिए कश्मीर घाटी में हस्तक्षेप करना है या चुनाव से पहले पुनर्गठन योजना पर विचार करना है. संसदीय चुनावों के दौरान, कांग्रेस और एनसी ने गठबंधन किया था. एनसी ने कश्मीर में तीन सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने जम्मू और उधमपुर में चुनाव लड़ा. इंडिया गठबंधन का हिस्सा पीडीपी को समायोजित नहीं किया गया और उसने नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ कश्मीर में तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे. आगामी विधानसभा चुनावों के लिए परिदृश्य स्पष्ट नहीं है. कांग्रेस और एनसी एक साथ जा सकते हैं. उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी के साथ गठबंधन करना मुश्किल होगा क्योंकि संसदीय चुनाव में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए थे.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> कश्मीरियों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर कम हो गये और अब वे गैर-निवासियों के लिए खुले हैं. चुनौतियों के बावजूद, राज्य ने सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव देखे हैं. प्रधानमंत्री की पहल ने विकास को बढ़ावा दिया है और जम्मू-कश्मीर में निवेश करने में खाड़ी देशों की बढ़ती दिलचस्पी एक आशाजनक भविष्य का संकेत देती है, जिससे निवासियों में उम्मीद जगी है.

# आंदोलनों के बाद चुनावी चौराहे पर श्रीलंका

• देशांतर

पुष्परंजन

पद राष्ट्रपति का हो, या फिर प्रधानमंत्री का, श्रीलंका में दोनों को चुनाव के ज़रिये सत्ता में आना है. अमेरिका में शरणागत बेसिल राजपक्षे ने संसदीय चुनाव पहले कराने का दबाव डाला था. राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने बेसिल राजपक्षे से कहा था कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव ही पहले होना है, लेकिन, अगर आपके सभासदों को जल्दी संसदीय चुनाव की आवश्यकता है, तो उन्हें संसद में इस आशय का प्रस्ताव पारित करवाना चाहिए था. इसके लिए केवल साधारण बहुमत की आवश्यकता है. महिंदा राजपक्षे ने भी पहले संसदीय चुनाव के प्रस्ताव का समर्थन किया था. महिंदा राजपक्षे को लगता है कि रानिल विक्रमसिंघे कोई बड़ा खेल कर रहे हैं, इस वजह से अपने पुत्र नमल को चुनाव मैदान में उतारा है. संसद के 225 सदस्यों में से 196 आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली के माध्यम से 22 चुनावी जिलों से चुने जाते हैं. शेष 29 को प्रत्येक पार्टी के सचिव द्वारा पार्टी को प्राप्त मतों की संख्या के अनुपात में नियुक्त किया जाता है. 2020 में संसदीय आम चुनाव महिंदा राजपक्षे की पार्टी 'श्रीलंका पोडुजना पेरमुना (एसएलपीपी)' ने सबसे अधिक सीटें प्राप्त की थीं. 2022 में विद्रोह, और राजपक्षे कुनबे को कुर्सी से खदेड़ दिये जाने के बावजूद संसद भंग नहीं हुई, चुनांचे संसदीय चुनाव 2026 में ही होंगे. श्रीलंका में राष्ट्रपति का डिप्टी, प्रधानमंत्री होता है, जो संसद में सत्तारूढ़ दल का नेता भी होता है. संसद में अविश्वास प्रस्ताव पारित होने की स्थिति में राष्ट्रपति, मौजूदा मंत्रिमंडल को भंग करने और नए मंत्रिमंडल की नियुक्ति करने के लिए जिम्मेदार होता है. नवम्बर 2019 में महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई गोटबाया राजपक्षे ने श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी. उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी, सत्तारूढ़ यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के सजित प्रेमदासा ने हार स्वीकार करते हुए कहा कि वह 'लोगों के फैसले का सम्मान करेंगे.' प्रेमदासा इस बार फिर राष्ट्रपति के लिए चुनाव मैदान में हैं. 2019-20 के कालखंड में पूरा राजपक्षे कुनबा बेशर्मी से सत्ता पर क़ाबिज़ हुआ था. महिंदा राजपक्षे प्रधानमंत्री, गोटबाया राजपक्षे राष्ट्रपति, एक और भाई चमल राजपक्षे सिंचाई मंत्री, सबसे छोटे भाई बेसिल राजपक्षे वित्त मंत्री, पुत्र नमल खेल मंत्री मंत्री.75 साल के गोटबाया राजपक्षे और 78 साल के महिंदा राजपक्षे शारीरिक रूप से थकने, और जनता द्वारा तिरस्कृत किये जाने के बावजूद, अपनी विरासत को बचाने की कवायद में नमल राजपक्षे की इंट्री कराई है. 38 साल के नमल को राष्ट्रपति चुनाव में उतारकर महिंदा राजपक्षे परीक्षण करना चाहते हैं कि श्रीलंका की राजनीति में उनके कुनबे को स्वीकार या नकार की क्या स्थिति है. लंदन विश्वविद्यालय से कानून स्नातक नमल पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के सबसे बड़े बेटे हैं. पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में नमल 'एसएलपीपी' का फ्रंटलाइन चेहरा बनकर उभरे हैं, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि नमल राजपक्षे की लोकप्रियता का ग्राफ अब कहां जाकर टिका है? नमल राजपक्षे की इंट्री ने राष्ट्रपति चुनाव में मुकाबले को चतुष्कोणीय बना दिया है. राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में नमल राजपक्षे के अलावा निवर्तमान राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे, मुख्य विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा और मार्क्सवादी जेवीपी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके भी शामिल हैं. नमल की देर से इंट्री हुई है, उससे पहले राजपक्षे की पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद रानिल विक्रमसिंघे की निर्दलीय उम्मीदवारी को समर्थन देने का अहद कर चुके थे. एसएलपीपी आलाकमान ने रनिल विक्रमसिंघे का समर्थन करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा है.रानिल विक्रमसिंघे महिंदा राजपक्षे के लिए भरोसे के आदमी नहीं रहे. राजपक्षे कुनबे को लगता है, कि यदि रानिल विक्रमसिंघे की जड़ें मज़बूत हुई, तो हमारा कुनबा ज़मीन से उखड़ जायेगा.सत्ता से भगाये राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के सबसे छोटे भाई और पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे की भी रानिल विक्रमसिंघे से नहीं बन रही थी. ऐसा लगता है, कि कोलंबो 'पूर्ण परिवर्तन' के लिए राष्ट्रपति चुनाव चाहता है. न केवल 'पूर्ण परिवर्तन' बल्कि एक बहुत बड़ा परिवर्तन, जिसमें संपूर्ण राज्य तंत्र और स्थानीय निकायों तक की राजनीति का पुनर्गठन शामिल है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> संसद के 225 सदस्यों में से 196 आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली के माध्यम से 22 चुनावी जिलों से चुने जाते हैं. शेष 29 को प्रत्येक पार्टी के सचिव द्वारा पार्टी को प्राप्त मतों की संख्या के अनुपात में नियुक्त किया जाता है. 2020 में संसदीय आम चुनाव महिंदा राजपक्षे की पार्टी 'श्रीलंका पोडुजना पेरमुना (एसएलपीपी)' ने सबसे अधिक सीटें प्राप्त की थीं.

## मीडिया में अन्यत्र

# आर्थिक जनगणना की दिशा में ठोस पहल

**केंद्र सरकार** ने आठवीं आर्थिक जनगणना की तैयारी शुरू कर दी है. माना जा रहा है कि अगले वर्ष उसकी औपचारिक शुरुआत कर दी जाएगी. आर्थिक जनगणना एक अहम उपाय है जो देश भर के प्रतिष्ठानों के ढांचों और परिचालन को लेकर विस्तृत डेटा मुहैया कराता है. इसके आधार पर आर्थिक गतिविधियों, स्वामित्व और श्रम शक्ति संबद्धता को लेकर अंतर्दृष्टि हासिल की जा सकती है. यह आंकड़ा राज्य और जिला स्तर पर सामाजिक आर्थिक नियोजन के लिए भी महत्त्वपूर्ण है. बहरहाल चिंताएं बरकरार हैं. सबसे ताजा आंकड़े छठी जनगणना के हैं जो 2013 में हुई थी. इसके नतीजे 2016 में प्रकाशित किए गए. सातवीं आर्थिक जनगणना 2019 में हुई थी लेकिन उस दौरान कई बाधाएं आईं. आरंभ में प्रक्रिया कोविड-19 महामारी से बाधित हुई थी और उसके बाद संग्रहित आंकड़ों की गुणवत्ता को लेकर तमाम चिंताएं उत्पन्न हो गईं. सातवीं गणना के आंकड़ों का जारी होना जरूरी है ताकि अलग-अलग अवधि को लेकर सार्थक तुलना और विश्लेषण किया जा सके. एक तथ्य यह भी है कि यह प्रक्रिया बिना किसी आधिकारिक स्पष्टीकरण के बाधित हुई. इससे प्रक्रिया की ईमानदारी को लेकर तमाम सवाल पैदा होते हैं. यह समूची सांख्यिकी प्रणाली की मजबूती पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है. आंकड़ों की गुणवत्ता और पुराने अनुभवों से सीखे गए सबक की बात करें तो इसके लिए पारदर्शिता बहुत आवश्यक है और डेटा को सार्वजनिक किया जाना चाहिए. इससे न केवल कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी बल्कि सांख्यिकीय प्रक्रिया में विश्वास बहाल होगा तथा यह सुनिश्चित हो सकेगा कि भविष्य में होने वाली ऐसी गणना में आंकड़ों तथा विश्वसनीयता का ध्यान रखा जाए. इसके अलावा सरकार नैशनल सैंपल सर्वे के 80वें दौर को अंजाम देने पर विचार कर रही है जिसमें स्वास्थ्य, घरेलू यात्रा और पर्यटन संबंधी व्यय आदि शामिल होंगे. सेवा क्षेत्र का एक व्यापक सर्वेक्षण भी उसके तत्काल बाद कराया जा सकता है. इससे राष्ट्रीय स्तर पर डेटा संग्रह के प्रयासों का दायरा बढ़ेगा. इसके साथ ही सरकार ने हाल ही में कई बड़े सैंपल सर्वे के आंकड़े जारी किए हैं. उदाहरण के तौर पर परिवार खपत व्यय सर्वे के आंकड़े 2011 के बाद पहली बार जारी किए गए. इन कोशिशों को राष्ट्रीय सांख्यिकी और अन्य प्रमुख सूचकांकों के लिए आधार वर्ष में परिवर्तन के लिए सलाहकार समितियों की स्थापना के जरिये पूरा किया जाता है. इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश की सांख्यिकीय प्रणाली की प्रासंगिकता बरकरार रहे और वर्तमान आर्थिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करे. नीति निर्माण को बेहतर बनाने तथा समग्र सांख्यिकीय ढांचे को मजबूत बनाने के लिए अद्यतन और बेहतर आंकड़ों का होना आवश्यक है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### ढूंढना/ढूंढ़ना

**आज** जब कॉलम लिखने बैठा, तो एकाग्रता बन ही नहीं रही थी. सोचा कि कुछ पुराने गाने सुन लूं. लता के गीत यू-ट्यूब पर सुनने लगा. पहला गीत फिल्म 'बेमिसाल' का था, जिसे राखी और अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया है. गीत लिखा है आनंद बख्शी ने और गाया है लता मंगेशकर ने. बोल थे 'ए री पवन, ढूंढे किसे तेरा मन चलते-चलते...' गीत सुनते ही बूढ़ा बंदर गुलाटी मारने लगा. आपने वह लोकोक्ति सुनी है, न कि बंदर कितना भी बूढ़ा हो जाए, गुलाटी मारना नहीं भूलता. इसी तर्ज पर कहना चाहता हूं कि भले मन एकाग्र न हो, लेकिन शब्दों को सुनने-समझने की लत है, तो वह जोर मारती रहेगी. यही हुआ मेरे साथ भी. गीत सुनते ही ध्यान गया कि गीत में 'पवन' का इस्तेमाल स्त्रीलिंग रूप में हुआ है, जबकि हिंदी के तमाम शब्दकोश 'पवन' को पुंल्लिंग बताते हैं. इसी गीत में लता के उच्चारण की ओर भी ध्यान गया कि वह 'ढूंढे किसे तेरा मन' गा रही हैं, यानी 'ढूंढ़े' नहीं. ध्यान आया कि 1974 में बनी फिल्म ठोकर के लिए मुकेश ने भी एक गीत गाया था, जिसके बोल थे 'मैं ढूंढता हूं जिनको...' मुकेश ने भी 'ढूंढना' ही गाया है 'ढूंढ़ना' नहीं. इसी तरह फिल्म घरौंदा का भी एक गीत है जिसमें 'ढूंढना' शब्द का इस्तेमाल हुआ है. अमोल पालेकर और जरीना वहाब पर फिल्माए गए इस गीत को भूपेंद्र और रुना लैला ने गाया है, गीत लिखा है गुलजार ने. बोल हैं 'दो दीवाने शहर में, रात में या दोपहर में आबुदाना ढूंढते हैं इक आशियाना ढूंढते हैं'. वास्तव में 'आबुदाना' शब्द फारसी का 'आब-ओ-दाना' है, जिसका मतलब जल और अन्न है यानी अन्न-जल, दाना-पानी है. यहां भी 'ढूंढते' ही गाया गया है, 'ढूंढ़ते' नहीं. फिल्म मदर इंडिया में नरगिस पर फिल्माया गाना है 'नगरी-नगरी द्वारे-द्वारे, ढूंढूं रे सांवरिया...' लता ने यहां भी 'ढूंढूं' ही गाया है. मुझे कालिका प्रसाद का कोश ध्यान आया, जिसमें 'ढूंढ़ना' बताया गया है. यानी अब 'ढूंढ़ना' का 'ढ़' बदल कर 'ढ' हो चला है और प्रचलन में 'ढूंढना' हो चुका है.

# मेरे मोहल्लेवाले रखते हैं व्रत

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय



हिंदुस्तान में व्रत रखने की बहुत ही प्राचीन परम्परा है. और हिन्दुस्तानी परम्परा को बनाये रखना जानते हैं. किसी भी रूप में ही सही. यह इनकी अनेकों खासियतों में से एक है. पहले हमारे ऋषि-मुनि व पूर्वज व्रत रखा करते थे. आज भी व्रत रखा ही जाता है. मेरे मोहल्ले में बहुत से लोग व्रत रखते हैं. यह तो खुशी की ही नहीं, बल्कि गर्व की बात है. दीगर है कि बहुत से लोग बिना कोई व्रत लिए ही व्रत रखते हैं. वैसे व्रत रखने के लिए कई चीजों का व्रत लेना पड़ता है. जैसे अन्न न ग्रहण करने का व्रत. संयमित दिनचर्या का व्रत, आदि . आराध्य-आराधना भी व्रत का एक प्रमुख अंग होता ही है. कुछ भी हो व्रत रखने वालों में मेरे मोहल्लेवालों और वालियों का कोई जोड़ नहीं है. आजकल मेरे मोहल्ले में व्रत की धूम है. मेरे एक पड़ोसी हैं जो व्रत नहीं रखते. लेकिन इनकी श्रीमतीजी व्रत के मामले में माहिर हैं. मेरे पड़ोसी के पास एक से एक खबर है. बता रहे थे कि तिवारीजी कहते हैं कि व्रत रखने का मतलब यह नहीं है कि अपनी काया जला डालो. इसलिए वे दिन भर व्रत रखते हैं और शाम को पूरी-सब्जी, दाल-भात आदि दबा कर खाते हैं. मतलब अन्न से कोई परहेज नहीं और व्रत भी रख लेते हैं. श्रीमती शर्मा, तिवारी जी की बहुत बुराई करती हैं. इनका कहना है कि भूखे नहीं रह सकते तो न रहें. लेकिन अन्न क्यों खाते हैं ? मैं तो अन्न को हाथ नहीं लगाती. सिंगाड़े का आटा लाती हूँ. उसी की पूड़ी और आलू-टमाटर की सब्जी बनाती हूँ. सेंधा नमक इस्तेमाल करती हूं. बाकले की दाल और तिन्नी का चावल तथा चौराई का साग. यही सब खाकर व्रत रखती हूं. लेकिन अन्न नहीं छूती हूं. श्रीमती वर्मा जी के घर में उनकी देवरानी व्रत नहीं रखती. लेकिन इनके फलाहार का सारा इंतजाम करती है. दिन भर में कम से कम डेढ़ किलो दूध, दो दर्जन केला, दो किलो सेब, संतरा, अंगूर आदि तथा जूस और दही मिला चीनी का रस, मूंगफली, बादाम, छुहारा, किसमिस इत्यादि ऊपर से. कल दोनों में कुछ खटपट हो गयी. देवरानी किसी से बोली कि दीदी के फलाहार का इंतजाम करने जा रही हूं. आधा घंटा कम से कम लग जाता है. इस पर वर्मा जी बोलीं कि भूखी न पियासी और फलाहार के लिए लबर-लबर किये रहती हैं. अब देवरानी की बारी थी बोली इतना सब खाकर व्रत रखना हो तो कौन नहीं रख लेगा ? मैं तो हंसी-खुशी महीनों रह जाऊं. सच है व्यवस्था और इतनी व्यवस्था हो तो कुछ लोग तो कई महीने तक व्रत रखने के लिए तैयार हो जायेंगे. बहुत से लोग दर्शन के बहाने शहर निकल जाते हैं. और पार्कों आदि में घूम कर आनंद मनाते हैं. कुछ लोग तो सिनेमा देखकर व दिखाकर मनोरंजन करते हैं. एक महिला जो पूरे दिन घूम कर आई थी. सहेली से बता रही थी, शेर देखा हाथी देखा. अब तक तो ठीक था. सुनने वाले समझते थे कि दर्शन करके आई है. लेकिन आगे और सुनने पर पता चला कि वह चिड़ियाघर देख कर आई थी. खैर कुछ लोग कुछ भी देखने को और दिखाने को ही दर्शन बोलते हैं. आज का समय ही ऐसा है कि हर चीज की परिभाषा बदल रही है.


# सुकून



**मोटिवेशन**

## ‘क्या अदा, क्या जलवे!’

**उदित नारायण का एक सुप्रसिद्ध गाना है - 'क्या अदा क्या जलवे तेरे पारो.” हर स्त्री की अपनी अदाएं और जलवे होते हैं. अफसोस, पुरुष इन अदाओं और जलवों को अनदेखा करने की गलती कर बैठते हैं. जाने-अनजाने गलतियां करते हैं और महिलाओं के कोपभाजन का शिकार बनते हैं. ऐसी कई आदतें हैं जो महिलाओं को खास बनाती हैं. अगर रिश्ते में मिठास चाहिए तो पुरुषों को इन आदतों को समझना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए. चलिए, जानते हैं महिलाओं की कुछ अनोखी आदतों के बारे में और पुरुषों को उन आदतों को कैसे लेना चाहिए !**



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

1. **सलाह** : महिलाएं जब कुछ बता रही हों, तो आप पूरे ध्यान से सुनें. भले ही आप वह बात 10 बार सुन चुके हों. और कुछ नहीं तो, कम से कम सुनने का दिखावा ही करें. टीवी या मोबाइल में न उलझें. माइंड इट, आपको सिर्फ सुनना है, सलाह नहीं देनी. सलाह देने का मतलब है आग में घी डालना, जो अधिकांश पुरुष करते हैं. महिलाएं/पत्नियां अपनी भड़ास निकाल कर हल्का महसूस करती हैं. ‘सही बोल रही हो,’ ‘बिल्कुल सही,’ ‘तुम्हारी बातों से मैं पूरी तरह सहमत हूं,’ ‘सच, कितनी दूर की सोचती हो तुम!’ ऐसे जुमलों का प्रयोग बीच-बीच में करते रहें. यकीन मानिए, आपकी 75% समस्याएं निपट जाएंगी. आपको अंदाजा भी न होगा कि सिर्फ सुनने से आपके रिश्ते कितने मजबूत हो सकते हैं.

2. **तारीफ** : पत्नी के सामने किसी अन्य महिला की तारीफ! सपने में भी न करें. महिला मित्र या सहकर्मी की तो बिल्कुल नहीं, बल्कि अपनी चहेती फिल्म अदाकारा की भी नहीं. किसी दूसरी महिला की तारीफ सुनकर उनके तन-बदन में आग लग जाती है. और यह आग बुझने वाली नहीं होती, लंबे समय तक सुलगने वाली होती है. समझदार पुरुष जिस महिला की तारीफ करनी होती है, सिर्फ उसी के सामने करते हैं. समझे आप? अगर तारीफ करनी ही है, तो अपनी पत्नी की कीजिए. जितनी ज्यादा तारीफ करेंगे, उतने फायदा में रहेंगे.

3. **बहस** : किसी महिला से बहस! तौबा-तौबा! आप किसी भी महिला से, चाहे वह सब्जी वाली हो या आपकी पत्नी या बॉस, इस जन्म में बहस नहीं जीत सकते. आपको उनकी बात कितनी भी गलत लगे, व्यक्त न करें. अपने पर कंट्रोल करें. यही आपकी सेहत के लिए बेहतर होगा. महिलाओं का अपना ही लॉजिक होता है जो पुरुषों के लॉजिक से बिल्कुल मैच नहीं करता. इसलिए समझाने का बीड़ा न उठाएं. जब सीता मैया को लक्ष्मण जी स्वर्ण मृग की मायावी उपस्थिति का तर्क देकर न समझा सके, तो आप किस खेत की मूली हैं?

4. **सीक्रेट** : औरतों के पेट में कोई बात नहीं पचती, यह मुहावरा तो आपने सुना ही होगा. मुहावरे ऐसे ही हवा में थोड़े ना बनते हैं. समझदारी इसी में है कि पत्नी को उतनी ही बात बताएं, जितनी बताने से काम चल जाए. पुरुष ‘कल क्या खाया था या पहना था,’ याद नहीं रखते, और महिलाएं? हिस्ट्री में भले कमजोर हों, लेकिन उनके अपने रिसेप्शन में किसने क्या पहन रखा था, किसने क्या दिया था, किसने क्या कहा था, सब याद रहता है. आप कोई बात पत्नी के साथ शेयर कर भूल जाते हैं, पर वह इस बात को कब, कहां, हथियार की तरह इस्तेमाल कर लेगी, खुदा भी नहीं जानता. पत्नी को डार्क में न रखें लेकिन ऑफिस, दोस्त, रिश्तेदार आदि से जुड़ी बातें कम से कम शेयर करें. चैन से रहिएगा.

5. **शॉपिंग** : पत्नी शॉपिंग के लिए जाना चाहती है, तो जाने दें. ऑनलाइन कुछ मंगा रही है, तो मंगाने दें. “कल ही तो गई थी,” “पिछले सप्ताह ही तो खरीदा था,” “इसकी क्या जरूरत है” जैसे वाक्य बोलकर घंटों प्रवचन सुनने का बीड़ा न उठाएं. उनके फेवरेट सीरियल के बीच खाने-पीने की फरमाइश करने से बचें. जब वह मां-बहन से वह गुफ्तगु कर रही हो, तो बीच में खलल न डालें. इससे घर की आवोहवा में ताजगी बनी रहेगी. समझ रहे हैं न आप मेरी बात!

**मूल मंत्र** फिल्म ‘सफर’ में मुकेश ने कितना सही गाना गाया है – “जो तुमको है पसंद वही बात करेंगे, तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे.” खुशहाल वैवाहिक जिंदगी का यह मूल मंत्र है, याद रखें. खुदा ने स्त्री और पुरुष को अलग-अलग आदतों से नवाजा है. दोनों एक-दूसरे को बदलने की कोशिश न करें, बल्कि एक-दूसरे की आदतों को समझें और उनका सम्मान करें.

# प्रकृति पर निछावर बेफिक्री के पल

*जिस आसमान पर कबूतर, शफ़क़, पतंग और सितारे न हों, ऐसे आसमान की तरफ़ नज़र उठा कर देखने को जी नहीं चाहता... शायर मुश्ताक अहमद यूसुफी की ये पंक्तियां हमारे-आपके दिल को ही तो बयां करती है. आज का दौर कुछ ऐसा ही हो रहा कि जहां सिर उठाएं तो आसमां की जगह कंक्रीट के ऊंचे-ऊंचे पहाड़ से नजर आते. कौवे और बुलबुल ने आंगन या मुंडेर पर आना छोड़ दिया है. विकास के रथ पर सवार हो कर हम आगे तो बढ़ रहे, पर जैसे हरियाली की कीमत पर. कंक्रीट का जंगल जैसे जैसे बढ़ रहा, हरियाली को लेकर हमारी तलब भी उतनी ही बढ़ रही. कितना सुकून देती है हरियाली. नजरों भर आकाश हो, पांवों तले हरी घास. कलकल करता झरना तो मन के तारों को झंकृत सा कर जाता है.*

प्रकृति की गोद में जाकर हम जैसे रिचार्ज हो जाते. ऐसा लगता है मानों जिंदगी की परेशानियों से जूझने के लिए नई ऊर्जा से मिल गई. पर कहां मौका मिल पाता है कि प्रकृति की इस सुंदरता पर अपने कुछ बेफिक्र पल न्यौछावर कर दें. यह सच है कि हम सब चाहते हैं किसी प्राकृतिक स्थल पर जाना, पर हर बार यह सुयोग कहां बन पाता है. जी हां, कभी हम छुट्टियों का रोना रोते हैं तो कभी जेब की हालत हमारे इस ख्वाब को पूरा होने से रोकती है. आइए, कुछ ऐसे उपाय ढूंढे जिससे कंक्रीट के जंगल में रहते हुए भी प्रकृति के सौन्दर्य को निहारने का मौका मिल जाए. ऐसी कोशिश करते हैं जिससे भले हम प्राकृतिक स्थल तक नहीं पहुंचे, प्रकृति ही हमसे मिलने आ जाए.

### महसूस करें पानी की आवाज

दोपहर का खाना ऑफिस में अपने डेस्क की बजाय ऑफिस कैंपस या पास के किसी फाउंटेन के नीचे बैठकर लेने की कोशिश करें. अमेरिकन साइकोलॉजिस्ट मिलिया ऑक्टन कहती हैं कि इस दौरान सांसों की गति थोड़ी धीमी रख कर करीब पांच से दस मिनट तक पानी की आवाज को महसूस करने की कोशिश करें. अगर फाउंटेन सहज उपलब्ध नहीं तो इन दिनों सहज हो रही बारिश की आवाज को ही महसूस करें. बेलगाम दिमाग को शांत करने में पानी कितना असरदायक है, आप खुद महसूस करेंगे.

### फूलों की खूशबू, पत्तों की हरियाली

आपके घर के आसपास, दफ्तर के रास्ते में कभी किसी हरी-हरी पत्तियों से भरे पेड़, सुगंधित फूलों से लदी डाली, सुन्दर टहनियों ने आपके कदम रोके हैं. शायद नहीं. आने जाने की हड़बड़ाहट में कभी ठहरे ही कहां आप. इस बार कुछ पल प्रकृति के सौन्दर्य को महसूस करने में गुजारें. उसकी खूबसूरती को निहारें. कमरे की खिड़की को खोल कर फैलाएं अपनी आंखों को. सामने जो पेड़ दिख रहा, उसे निहारें. उसकी पत्तियों और डालियों की खूबसूरती पर जरा ठिठकें. हवा के साथ पत्तियों के हिलने का संगीत महसूस करें. वैज्ञानिक मोर्टाली कहते हैं कि प्रकृति पर मोहित होने के ये कुछ पल आपकी ध्यान शक्ति में इजाफा करेंगे, वहीं काम करने की क्षमता भी बढ़ेगी.

### समेट लाएं घर में

आपकी आंखों को हक है हरियाली निहारने का. इसके लिए बाग, बगीचे और मुक्कमल जगह आपके घर हो ही, इसकी दरकार नहीं. आप अपनी बालकोनी, विंडो स्पेस, बरामदे और ऑफिस के डेस्क पर भी हरियाली समेट सकते. स्पाइडर प्लांट, जेड, मनी प्लांट, पीस लिली जैसे प्लांट दीवारों के भीतर हरियाली समेटने का खूबसूरत माद्दा रखते हैं. ऑफिस वर्क प्लेस हो या खिड़की का एक छोटा सा कोना, लगा कर देखिए इन पौधों को....थकान कम होगी, आंखों को सुकून मिलेगा और मूड बेहतर होगा.

### कुछ पल इनके पास

टहलने के लिए तो सुबह या शाम आप पार्क, बगीचे आदि जगहों पर जाते ही होंगे. क्या इस दौरान कोई ऐसा पेड़ दिखता है जहां मन जरा ठिठक सा जाता है. कुछ फील गुड सा होता है. कुछ पल को ऐसे ही किसी पेड़ के नीचे बैठ जाएं, और आंखों में सांसों के आने जाने को महसूस करें. पेड़ों के आसपास गुजर रही हवा को महसूस करें. कुछ ही दिनों में आपको इस प्रैक्टिस के लाभ महसूस होंगे. अभ्यास के बाद आंखें खोल कर अपने परिवेश को महसूस करें. अगर एक निश्चित जगह कुछ दिनों तक लगातार आप यह करते हैं तो संभव है कुछ दिनों बाद प्रकृति के सूक्ष्म बदलावों से आप आश्चर्यचकित से रह जाएं. इतना तय है कि प्रकृति के साथ आपका रिश्ता इससे मजबूत होगा.



### पन्नों पर करें कैद

आसमां में झुंड बना कर उड़ती चिड़ियां कितनी खूबसूरत लगती हैं. बारिश की बूंदों के बीच किसी पेड़ के पत्तों के बीच बचने की कोशिश करता नन्हां परिंदा, अपनी चहचहाहट से आपका ध्यान खींच लेने वाले पक्षी, चोंच में तिनका लेकर आशियाने का ख्वाब बुनता परिंदा, उगता सूरज, कल फिर आने का वादा करके दूर कहीं आसमां में डूबता सूरज, मानसून में लुकाछिपी खेलता सा सूरज, फूल, पौधे, किसी बगीचे में फुदकते नन्हें खरगोश, कहीं किसी खिड़की से झांकती बिल्ली....क्या प्रकृति का यह सौन्दर्य आपके भीतर हलचल नहीं जगाता. मन नहीं करता उकेर दूं इन्हें कैनवास पर या फिर शब्दों में ढाल कर इन्हें अपनी डायरी के पन्नों में समेट लूं. इस बार प्रकृति के बीच कागज, कलम और ब्रश के साथ पहुंचे. जो महसूस करें, उसे लिखने की कोशिश करें या फिर रेखाचित्र में उकेरें. संभव है चिड़ियों की चहचहाहट, बादलों के रंग, सूरज का डूबना या किसी फूल का खिलना आपके कागज पर कविता बन सिमट जाए या रंगों का खूबसूरत जादू कैनवास पर बिगड़ जाए. बेशक इसके लिए लंबे अभ्यास की दरकार है, पर एक बार यह सध गया तो आपके मन को सुकून देगा. दूसरों को भी प्रेरित करेगा.

### हरी दूब पर आपके पांव

बाहर जब भी निकलती हैं, सैंडल, जूते, चप्पल पहन कर ही. धूल गंदगी ये बचाने के लिए जुराबें पहनन भी अच्छा लगता है. पर इस बार जब पार्क जाएं तो संभव हो तो नंगे पांव टहलें. शोधकर्ताओं का कहना है कि नंगे पांव जब हम टहलते हैं तो पृथ्वी के तत्वों से जुड़ने का मौका मिलता है. बेहतर तो होगा कि पार्क की हरी घास में टहले, पर यदि वह उपलब्ध नहीं तो पार्क के कंक्रीट पर ही जूते उतार कर टहलें. पृथ्वी की सतह के मुक्त इलेक्ट्रॉनों से जुड़ने का मौका मिलेगा. धरती की स्थिरता को महसूस करेंगे. यह आपके दिमाग को शांत करेगा.

### खुशबू का माद्दा

सुकून और बेफिक्री के पलों में भीनी भीनी खुशबू....आह! अहसास ही मन में उमंग घोल देता है. घर की बालकोनी या विंडो स्पेस में बागवानी करती हैं तो कुछ पौधे सुगंध के लगाएं. रजनी गंधा, रात की रानी, मोगरे, बेली, जूही, चंपा के पेड़ अच्छे विकल्प हैं. रेडिमेड बिना परेशानी के कुछ आजमाना चाहती हैं तो एक बढ़िया टूल एसेंशियल ऑयल डिफ्यूजर है. शोध में जाहिर हुआ है कि पाइन ट्री की सुगंध हमारे नर्वस सिस्टम को सुकून देने का माद्दा रखती है. इससे हमारी प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बढ़ती है. साइप्रस, एवरग्रीन और पाइन के एसेंशियल ऑयल इसके लिए बहुत लाभप्रद हैं.

# एकाग्रता बढ़ाएगा मंत्र ध्यान



ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट

**हमारा दिमाग दिन भर में लाखों विचारों को प्रोसेस करता है. हालाकि, कुछ विषय ऐसे होते हैं जो हमारे दिमाग में घर कर जाते हैं और हमें परेशान करते रहते हैं. यह आपको मानसिक रूप से थका सकता है. इस कारण ना तो आप किसी काम पर फोकस कर पाते हैं और ना ही इसके लिए कोई समाधान खोज पाते हैं. ऐसे में ध्यान दिमाग को आराम देने के लिए प्रभावी तरीकों में से एक है.**



### मंत्र ध्यान क्या है?

मंत्र ध्यान किसी ध्वनि, शब्द (जिसे मंत्र कहा जाता है) का जोर से या चुपचाप उच्चारण करके मन को शांत करने और ध्यान केंद्रित करने की प्रक्रिया है. मंत्र ध्यान का उद्देश्य आध्यात्मिक विकास, या मन की शांति के लिए है. मंत्र एक संस्कृत शब्द है, जिसमें मन का अर्थ है मन और त्र का अर्थ है मुक्ति. मंत्र का उपयोग करने से जागरूकता बढ़ती है और एकाग्रता में सुधार होता है. चूंकि यह आपको ध्यान केंद्रित रखने में मदद करता है, इसलिए इससे ध्यान से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं.

### मंत्र मेडिटेशन करने का सही तरीका

सबसे पहले मेडिटेशन करने का समय चुनें. आप इसे कभी भी कर सकते हैं लेकिन सुबह के समय यह अधिक फायदेमंद है. ऐसी जगह चुनें जहां कोई आपको परेशान न कर सके. आपको किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और किसी भी व्यक्ति से पूरी तरह मुक्त होना चाहिए. आप शांतिपूर्ण जगह चुनें. अब आंखें बंद कर लें और किसी भी चीज़ पर अपना ध्यान फोकस करें. यह कोई वस्तु, भगवान का मुख या कोई अन्य चीज़ हो सकती है. अब आप जिस भी मंत्र को पसंद करते हैं, या जो मंत्र आपके याद है या जिसमें आप आस्था रखते हैं उसका उच्चारण करें. आप चाहें तो ध्वनि के साथ या फिर मन में ही इसे दोहरा सकते हैं. आप मंत्र की जगह कोई भी शब्द, शब्दों का समूह या वाक्य को दोहरा सकते हैं जो कि आपको शांति देता हो या प्रेरित करता है. मंत्र के जाप के साथ-साथ गहरी सांस लेते रहें और छोड़ते रहें. इस दौरान अपनी सांसों पर ध्यान दें और फोकस हटने ना दें. जितनी देर आप सहज हों, उतनी देर इसका अभ्यास करें. धीरे-धीरे आप समय बढ़ा सकते हैं.

### मंत्र मेडिटेशन के फायदे

मंत्र मेडिटेशन उन विचारों को कम करता है जो आपके दिमाग को भटकाते हैं और यह जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है. यह दिमाग को शांत करते आपको रिलैक्स करने में मदद करता है. साथ ही तनाव को दूर करता है. यह नर्वस सिस्टम को शांत करता है, साथ ही इसके अभ्यास से आप सेल्फ-केयर के महत्व को समझने लगते हैं. इस मेडिटेशन के जरिए तनाव, क्रोध, ईर्ष्या और दिमाग की अन्य नकारात्मक अवस्थाओं को दूर करने में मदद मिल सकती है.

**मैं आपको कुछ मंत्र बताता हूं जिन्हें आप मंत्र ध्यान के दौरान जप सकते हैं :**

**1. गायत्री मंत्र :**

ॐ भूर्भुव : स्व :
तत्सवितुर्वरेण्यम
भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो यो न : प्रचोदयात।।

**2. शांति मंत्र**

ॐ सह नाववतु।
सह नौ भुनक्तु।
सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।।
ॐ शान्ति : शान्ति : शान्ति :।।

**3. ॐ' का ऊंचारण**

**निष्कर्ष :** आप अपनी पसंद के अनुसार किसी भी मंत्र का जाप कर सकते हैं.

**रमता जोगी**

# शेक्सपीयर का यह गांव



नूपुर अशोक

*कोई देश या समाज अपनी विरासत पर कितना गर्व करता है यह इससे पता चलता है कि उसने अपने साहित्य और साहित्यकारों का कितना संरक्षण किया है. शेक्सपीयर से हम सब परिचित हैं. परिचित हम प्रेमचंद और जयशंकर प्रसाद से भी हैं. लेकिन जितना संरक्षण इंग्लैंड ने शेक्सपीयर का किया है हम उसके आसपास भी कहीं नहीं हैं.*

- **आज भी होता है वहां नाटकों का मंचन**

टेम्स नदी के किनारे ग्लोब थियेटर के नाम से उस नाट्यशाला को आज भी देखा जा सकता है जहां शेक्सपीयर के नाटकों का मंचन उनके जीवनकाल में हुआ करता था. आज भी यहां उनके ही नाटकों का मंचन होता है, हर दिन होता है और हॉल लगभग भरा हुआ रहता है, हालांकि इसके टिकटों की कीमत कुछ कम नहीं है. आज भी यहां वही पुरानी व्यवस्था है – ऊपर से खुला हुआ वृत्ताकार हॉल, लकड़ी की बेंचें, मंच के सामने हॉल के बीच में खुला हुआ आंगन, किसी माइक का कोई इस्तेमाल नहीं. आंगन के टिकट सबसे सस्ते होते हैं लेकिन यहां आप बैठ नहीं सकते और अगर बारिश होने लगे तो भीग भी सकते हैं. लकड़ी की बेंचों पर आप चाहें तो अतिरिक्त शुल्क देकर कुशन ले सकते हैं. हमने यहां शेक्सपीयर का ‘मच अडो अबाउट नथिंग’ देखा. उसी काल की वेषभूषा में सज्जित कलाकारों के अभिनय ने पूरे तीन घंटे दर्शकों को बांधे रखा. बिना माइक के भी एक-एक शब्द स्पष्ट था और बीच में हुई बारिश के बावजूद खुले आंगन में खड़े दर्शकों में से कोई भी नहीं हिला.

- **संरक्षित है जन्मस्थल**

शेक्सपीयर के जन्मस्थान स्ट्राट्फोर्ड ऑन एवॉन, जो लंदन से कुछ ही दूरी पर है, को भी पूरी तरह से संरक्षित रखा गया है. उनका घर, उनका स्कूल, वह थियेटर जहां उन्होंने शुरुआत की थी, उसके अंदर उस समय व्यवहार की जाने वाली वस्तुएं – सब कुछ पर्यटकों के लिए प्रदर्शित है. छोटे से इस गांव में हर दिन हजारों पर्यटक आते हैं और टिकट लेकर एक-एक जगह देखते हैं.

- **कविता के संग मानवीय संवेदना**

सबसे अधिक जिस बात ने मेरा ध्यान आकर्षित किया, वह थी लंदन की रेलों के अंदर प्रदर्शित कविताएं. जहां आज एक-एक इंच जगह विज्ञापनों से भर दी जाती है, उसमें कविता के लिए जगह बनाना एक सुसंस्कृत समाज का परिचायक है। ऐसा नहीं कि वहां विज्ञापन नहीं थे, लेकिन उनके बीच जगह-जगह पर ‘पोएट्री ऑन द अंडरग्राउंड’ शीर्षक से छोटी-छोटी कविताएं भी प्रदर्शित थीं. हर दिन की आपाधापी के बीच मानवीय संवेदना को जगाए रखने के लिए कविता का महत्व जिस देश और समाज ने समझ लिया हो उसने मुझे यह सोचने पर विवश किया कि हम महानता के नारे तो लगाते हैं, लेकिन हमने किस साहित्यकार को और किस साहित्य को इस तरह संरक्षित करके रखा है?और अगर कहीं भूले-भटके कोई छोटी सी जगह हो भी तो कितने लोग उसके बारे में जानते हैं? कितने लोग वहां जाने में रुचि रखते हैं? मनसा-वाचा-कर्मणा में से हम केवल ‘वाचा’ यानी बातों में ही उलझे हुए हैं. मन और कर्म से अपनी विरासत के प्रति अपने प्रेम को, अपने गर्व को हम कब प्रदर्शित करेंगे?









संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ईस्ट बंगाल एएफसी चैलेंज लीग में नेजमेह, बंसुधरा किंग्स और पारो के साथ




**कुआलालंपुर ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब ईस्ट बंगाल को एएफसी चैलेंज लीग के ग्रुप ए में लेबनान के क्लब नेजमेह एससी, बांग्लादेश के बंसुधरा किंग्स और भूटान के पारो एफसी के साथ रखा गया है. ग्रुप ए के मुकाबले थिम्पू में चांगलिमिथांग स्टेडियम में खेले जायेंगे. ईस्ट बंगाल ने इस साल कलिंगा सुपर कप में खिताब की बदौलत इस प्रतियोगिता में जगह बनाई. इस महीने के शुरु में ईस्ट बंगाल ने एएफसी चैम्पियंस लीग दो के लिए क्वालीफाइंग मैच खेले थे, जिसमें उसे तुर्कमेनिस्तान के एल्टिन असिर एफसी से 0-2 से हार मिली थी, जिससे वह एएफसी चैलेंज लीग में रेलीगेट हो गई थी.

## सतीश जापान ओपन के दूसरे दौर में हारे

**योकोहामा (जापान)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सतीश कुमार करूणाकरन ने गुरुवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में थाईलैंड के कंटाफोन वांगचारोएन के खिलाफ हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की. सतीश (23 साल) 70 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी से पहले गेम की बढ़त गंवाकर 21-18 18-21 8-21 से हार गये. इस तरह टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी खत्म हो गई.

## कभी कभार थोड़े से भाग्य की जरूरत होती है : द्रविड़

**मुंबई ।** महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ मानते हैं कि कभी कभी थोड़ी सी किस्मत भी बड़े मैच के नतीजों को प्रभावित कर सकती है जिसके लिए उन्होंने वनडे विश्व कप फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार और अपनी टीम की टी20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार जीत का उदाहरण दिया. भारत पिछले साल लगातार 10 मैच में जीत के बाद वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचा था लेकिन टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम जब खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ी तो उसके लिए कुछ भी कारगर नहीं था.

### बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें लिया गया निर्णय, पूर्व अध्यक्ष लंदन चले गए हैं

# फारूक अहमद ने बीसीबी के नए अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला

**भाषा । ढाका**



नजमुल हसन पापोन



फारुख अहमद

पूर्व क्रिकेटर और मुख्य चयनकर्ता फारूक अहमद को नजमुल हसन पापोन की जगह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. बीसीबी ने बुधवार को एक आपात बैठक की, जिसमें 58 वर्षीय अहमद को अध्यक्ष चुना गया.

नजमुल हसन ने देश में व्याप्त राजनीतिक अशांति के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और वह अभी अपनी पत्नी के साथ लंदन में हैं. उनका बीसीबी अध्यक्ष के रूप में यह चौथा कार्यकाल था. नजमुल हसन 2009 से शेख हसीना की अगुवाई वाली पार्टी अवामी लीग के सांसद थे. उन्होंने 16 अन्य निदेशकों के साथ पांच अगस्त को ढाका छोड़ दिया था. बांग्लादेश में व्याप्त अशांति के बीच शेख हसीना की सरकार को बर्खास्त कर दिया गया थाऔर उसकी जगह अंतरिम सरकार ने कामकाज संभाला.

क्रिकबज के अनुसार फारूक ने कहा, मैंने पहले चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि मैंने इस व्यवस्था का विरोध किया था. अब मेरा लक्ष्य एक ऐसी प्रणाली बनाना है जो बोर्ड को सुचारू रूप से चला सके. फारूक ने 1988 और 1999 के बीच बांग्लादेश के लिए सात वनडे मैच खेले. उन्होंने दो बार (2003 से 2007 और 2013 से 2016 तक) बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम किया. उन्होंने चयन प्रक्रिया पर असहमति के बाद अपना दूसरा कार्यकाल पूरा किए बिना ही इस्तीफा दे दिया था.

इस बीच राष्ट्रीय खेल परिषद (एनएससी) ने जलाल यूनुस और अहमद सज्जादुल आलम की जगह अहमद और एक प्रमुख स्थानीय कोच नजमुल आबेदीन को अपना नया निदेशक नियुक्त किया. बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने स्टार क्रिकेटर और अवामी लीग के विधायक शाकिब अल हसन को पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलने अनुमति दे दी, लेकिन फारूक ने कहा कि वह इस ऑल राउंडर की स्थिति पर चर्चा करेंगे. उन्होंने कहा, हम शाकिब की स्थिति पर चर्चा करेंगे और यह भी देखेंगे कि क्या वह मौजूदा परिस्थितियों में खेलना जारी रख सकते हैं. हम दौरे के दौरान खिलाड़ियों के आचरण के संबंध में नियमों को जोड़ने पर भी विचार कर रहे हैं. बीसीबी अध्यक्ष ने चंडिका हथुरुसिंघा को राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में बरकरार नहीं रखने पर भी अपना रुख दोहराया.

उन्होंने कहा, मुझे चंडिका हथुरुसिंघा के साथ अनुबंध के बारे में विस्तार से पता नहीं है लेकिन इस बारे में मेरी राय पहले की तरह ही है. मैंने पहले जो कहा था, मैं अब भी उस पर कायम हूं.फारूक ने कहा था कि अगर वह अध्यक्ष बनते हैं तो श्रीलंका के इस पूर्व क्रिकेटर की सेवाएं समाप्त कर देंगे.

### ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने खिलाड़ियों को दी बधाई

# ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम को किया सम्मानित

**भाषा । भुवनेश्वर**

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस महीने की शुरुआत में पेरिस में ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कुछ सदस्यों को गुरुवार को यहां सम्मानित किया. पेरिस ओलंपिक में भारत ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता था. पटनायक की अगुवाई वाली ओडिशा की पिछली सरकार ने भारतीय हॉकी को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी. ओडिशा 2018 से राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों को प्रायोजित कर रहा है. पटनायक ने उम्मीद जताई की भारतीय टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतेगी. पटनायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि अगली बार आप स्वर्ण पदक लाएंगे. इस मौके पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के साथ सुमित, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक और संजय मौजूद थे. सुमित ने उस समय हॉकी का समर्थन करने के लिए पटनायक को धन्यवाद दिया जब खेल को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता थी. उन्होंने कहा,मैं नवीन पटनायक सर को तहे दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं, खासकर हॉकी इंडिया और पूरी टीम की ओर से हॉकी के प्रति उनके अपार समर्थन के लिए. जब भारतीय हॉकी का कोई प्रायोजक नहीं था, तब उन्होंने आगे बढ़कर टीम को इतनी बढ़ी प्रायोजन राशि दी.




कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम को सम्मानित करते पूर्व सीएम नवीन पटनायक.

### स्टार खिलाड़ी अमित रोहिदास को चार करोड़ मिले

ललित ने कहा कि ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री ने व्यापक पैमाने पर इस खेल का उद्धार किया. सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि हॉकी में नवीन पटनायक सर की भूमिका एक नायक की है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने हॉकी के लिए जो कुछ भी किया है वह अकल्पनीय है. जब वहां कोई नहीं था तब उन्होंने हॉकी का हाथ थामा. सर ने ओडिशा को भारत की खेल राजधानी बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इससे पहले भारतीय टीम का बुधवार को यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया था और ओडिशा सरकार ने उसे सम्मानित किया. राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने टीम के सदस्यों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की, जिसमें राज्य के स्टार खिलाड़ी अमित रोहिदास को चार करोड़ रुपये दिए गए.



हॉकी खिलाड़ी नीलकांत शर्मा को मणिपुर पुलिस ने सम्मानित किया.

### ओलंपियन मीराबाई चानू, नीलकांत शर्मा सम्मानित

**इंफाल ।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू और हॉकी खिलाड़ी नीलकांत शर्मा को यहां मणिपुर पुलिस ने सम्मानित किया. यहां जारी बयान के अनुसार पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने यहां एक समारोह में मीराबाई और नीलकांत को सम्मानित किया. नीलकांत पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे. भारत ने तीसरे स्थान के मैच में स्पेन को हराकर लगातार दूसरे ओलंपिक खेल में कांस्य पदक हासिल किया. बयान के अनुसार, मणिपुर पुलिस को उनकी उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर गर्व है और उनके भविष्य के प्रयासों में हर संभव प्रोत्साहन और समर्थन का आश्वासन दिया जाता है. मीराबाई राज्य पुलिस में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हैं, जबकि नीलकांत भारतीय रेलवे में काम करते हैं.

## मेकॉन क्रिकेट टीम के लिए कोच का चयन, इंटरव्यू आठ सितंबर को

**संवाददाता । रांची**

मेकॉन क्रिकेट टीम के लिए मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आठ सितंबर को सत्र 2024-25 के लिए क्रिकेट कोच का चयन किया जाएगा. मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पी के दास ने बताया कि मेकॉन स्टेडियम में आठ सितंबर को कोच के उम्मीदवारों का इंटरव्यू होगा. उम्मीदवार को अपने करियर के दौरान कम से कम 10 मैचों के लिए सीनियर स्टेट चैंपियनशिप टूर्नामेंट खेलने का अनुभव होना चाहिए. साथ ही जिला क्रिकेट टीम या किसी भी सार्वजनिक उपक्रम की क्रिकेट टीम के साथ कोचिंग का अनुभव होना चाहिए. चयनित उम्मीदवार को मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के दिशा-निर्देशों के अनुसार अभ्यास सत्रों में भाग लेने के लिए शारीरिक और चिकित्सकीय रूप से फिट होना चाहिए और वर्तमान में किसी भी क्लब/क्रिकेट टीम के साथ खिलाड़ी के रूप में पंजीकृत नहीं होना चाहिए. उम्मीदवारों को मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के क्रिकेट विंग के सचिव विकास कुमार सिंह को रिपोर्ट करना है.

## मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मुकाबला दो सितंबर को

**भाषा । लखनऊ**

नवाबों का शहर लखनऊ पहली बार दो परंपरागत प्रतिद्वंद्वी फुटबॉल टीमों मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच जोरदार मुकाबले का गवाह बनेगा. यह मुकाबला आगामी दो सितंबर को राजधानी के के.डी. सिंह ''बाबू'' स्टेडियम में खेला जाएगा. प्रदेश के खेल निदेशक आरपी. सिंह ने गुरुवार को बताया कि मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच दो सितंबर को होने वाले इस मुकाबले की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं. यह मैच दूधिया रोशनी में खेला जाएगा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मुकाबला देखने आयेंगे. उन्होंने बताया कि लखनऊ में पहली बार देश की दो बड़ी फुटबॉल टीमों के बीच मुकाबला खेला जाएगा. इसमें 10 हजार दर्शकों के जुटने की संभावना है. मुकाबले की तैयारियों के तहत स्टेडियम में हाल ही में लगी फ्लड लाइट का परीक्षण का काम शुरू कर दिया गया है. इसके अलावा खिलाड़ियों के लिये ड्रेसिंग रूम व अन्य सुविधाओं का प्रबंध किया जा रहा है. सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने पिछले दिनों लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी. इस दौरान उन्होंने प्रदेश में फुटबॉल के विकास की अच्छी सम्भावनाएं बताते हुए राज्य में इस खेल को बढ़ावा देने की जरूरत जतायी थी.

## एम्मा नवारो मॉन्टेरी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी । मॉन्टेरी (मैक्सिको)**



अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने गुरुवार को यहां तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 3-6, 7-5, 7-6 (2) से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. नवारो हार्ड कोर्ट पर खेली जा रही इस डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पोलैंड की नौवीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच से भिड़ेंगी, जिन्होंने एक अन्य मैच में लीना ग्लुशको को 6-7 (2), 6-3, 6-1 से हराया. इससे पहले बुधवार को तीसरी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने स्थानीय खिलाड़ी रेनाटा ज़राज़ुआ को 6-3, 6-4 से हराया. अलेक्जेंड्रोवा का सामना सातवीं वरीयता प्राप्त चीन की यू युआन से होगा, जिन्होंने पेट्रा मार्टिच को 6-4, 6-1 से पराजित किया. पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने एलिना अवनेस्यान को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी.

क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने ज़िंयू वांग पर 6-4, 7-6 (11) से जीत दर्ज की. एक अन्य क्वार्टर फाइनल में एरिका एंड्रीवा का मुकाबला लुलु सुन से होगा. 17 वर्षीय एंड्रीवा ने एक दिन पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनिएल कोलिन्स को हराया था.

## लीड्स, बर्मिंघम, लॉर्ड्स, मैनचेस्टर, ओवल में मैच

**लंदन।** डब्ल्यूटीसी के अपने अगले चक्र का आगाज इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के साथ करेगी, जिसका शुरुआती मुकाबला 20 जून को हेडिंग्ले में होगा. अगला डब्ल्यूटीसी चक्र 2025 से 2027 तक चलेगा. ईसीबी ने रणनीतिक रूप से उन स्थानों पर मैच रखे हैं जहां इंग्लैंड के स्विंग गेंदबाजों को विशेष लाभ मिलेगा. दूसरा टेस्ट दो से छह जुलाई तक बर्मिंघम के एजबेस्टन में होगा. तीसरा टेस्ट 10 से 14 जुलाई के बीच लॉर्ड्स मैदान पर होगा, जबकि मैनचेस्टर का ओल्ड ट्रैफर्ड 23 से 27 जुलाई के बीच चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा. यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में अंतिम टेस्ट होगा.

## ससेक्स ने पुजारा से करार खत्म किया

**लंदन।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा अगले साल की काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम में वापसी नहीं करेंगे, क्योंकि इंग्लैंड के क्लब ने ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ह्यूज की सेवाएं बरकरार रखने के लिए उन्हें कार्यमुक्त करने का विकल्प चुना है. बाएं हाथ के बल्लेबाज ह्यूज अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे.

## पहली पारी में सऊद शकील और रिजवान ने ठोंके शतक




**एजेंसी । रावलपिंडी**

### पाकिस्तान और बांग्लादेश टेस्ट सीरीज

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच रावलपिंडी में खेला जा रहा है. गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन पाकिस्तान ने छह विकेट खोकर 448 के स्कोर पर अपनी पहली पारी घोषित की. टीम से सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान ने सेंचुरी लगाई. बांग्लादेश ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पारी शुरू कर दी. टीम ने 12 ओवर में बगैर नुकसान के 27 रन बना लिए. पाकिस्तान ने पहले दिन चार विकेट पर 158 के स्कोर पर अपनी पारी खत्म की थी. शकील 57 और रिजवान 24 रन बनाकर नॉटआउट थे. दोनों ने पारी आगे बढ़ाई और पाकिस्तान को 200 के पार पहुंचा दिया. पहले सेशन में टीम ने कोई विकेट नहीं गंवाया और 256 रन बना दिए. रिजवान 89 और शकील 86 रन बनाकर नॉटआउट रहे.सेकेंड सेशन में रिजवान और शकील दोनों ने सेंचुरी जड़ दीं. दोनों यहीं नहीं रुके और टीम का स्कोर 350 के पार भी पहुंचा दिया. शकील 141 रन बनाकर आउट हुए और उनकी रिजवान के साथ 240 रन की पार्टनरशिप टूट गई. तीसरे सेशन में 14 ओवर का खेल बाकी था, तभी पाकिस्तान ने पारी डिक्लेयर कर दी. रिजवान 171 रन बनाकर नॉटआउट रहे, उनके साथ शाहीन अफरीदी 29 रन बनाकर नॉटआउट लौटे. सलमान अली आगा 19 रन बनाकर शाकिब अल हसन का शिकार हुए.

## क्लब थ्रोअर प्रणव सूरमा की नजर पैरालंपिक में पदक जीतने पर

### पेरिस पैरालंपिक

**भाषा । नयी दिल्ली**



ऐसा अक्सर नहीं होता है कि जीवन बदल देने वाली दुर्घटना से अपाहिज हुआ कोई व्यक्ति उस त्रासदी को अपने लिए वरदान बना दे लेकिन जल्द ही पैरालिंपियन बनने वाले प्रणव सूरमा ने ऐसा ही कुछ कर दिखाया. वह तब 16 साल के थे जब 2011 में उनके घर की छत उनके ऊपर गिर गई. उनकी जिंदगी व्हील चेयर तक सिमट गई थी लेकिन उन्होंने हौसला बनाए रखा और अब वह 28 अगस्त से पेरिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने की तैयारी में लगे हुए हैं.

पेशे से बैंकर सूरमा ने पीटीआई से कहा, मेरी शुरू से खेलों में रुचि रही है, लेकिन मैंने कभी खेल को करियर विकल्प के रूप में नहीं लिया लेकिन मैं हमेशा अपने जीवन में कुछ अच्छा करना चाहता था और विडंबना यह है कि मुझे यह तब मिला जब मैं लकवाग्रस्त हो गया. मैं इसे अपने लिए आशीर्वाद मानता हूं. सूरमा 30.01 मीटर के एशियाई खेलों के रिकॉर्ड के साथ पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 स्पर्धा में मौजूदा एशियाई चैंपियन हैं. पैरालंपिक खेलों में उन्हें पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है. मैंने खेल को अपनी पहचान बनाने के अवसर के रूप में लिया. मुझे 2016 में रियो पैरालंपिक के दौरान पैरा खेलों के बारे में पता चला. मैं तैराक बनना चाहता था, लेकिन मेरी मेडिकल स्थिति को देखते हुए यह संभव नहीं था. मुझे टेबल टेनिस पसंद था लेकिन मुझे प्रशिक्षित करने के लिए कोई अच्छा कोच नहीं मिला.

प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से वाणिज्य स्नातक 29 वर्षीय सूरमा ने कहा, फिर मेरे जीवन में नरसी राम सर (एक पैरा-एथलेटिक्स कोच) आए. उन्होंने मुझे एथलेटिक्स से परिचित कराया और आखिरकार मैंने क्लब थ्रो करना शुरू कर दिया. वह वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा में सहायक प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं. यह नौकरी उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के बाद मिली थी. क्लब थ्रो में जहां तक संभव हो लकड़ी के क्लब को फेंकना होता है. यह हैमर थ्रो की तरह ही है जिसमें खिलाड़ी अपने कंधों और भुजाओं से ताकत लगाते हैं. सूरमा ने उनका समर्थन करने के लिए अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और पेरिस पैरालिंपिक में पदक जीतकर उन्हें समर्पित करना चाहते हैं. मुझे अपने परिवार से बहुत समर्थन मिला. मेरे पिता (संजीव) ने मेरी देखभाल करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी और मेरी मां ने परिवार का खर्च उठाया.

## सिंकफील्ड कप : मास्टर डी गुकेश ने प्रज्ञाननंदा के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली

**भाषा । सेंट लुई (अमेरिका)**



विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के अंतिम टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप के तीसरे दौर में हमवतन आर प्रज्ञाननंदा के खिलाफ मुश्किल परिस्थितियों में होने के बावजूद बाजी ड्रॉ कराई. एक समय लग रहा था कि यह बाजी आसानी से ड्रॉ हो जाएगी, लेकिन तभी गुकेश गलती कर बैठे. प्रज्ञाननंदा हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए और आखिर में दोनों भारतीय खिलाड़ी अंक बांटने पर सहमत हो गए. यह दोनों अभी समान 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं. प्रज्ञाननंदा ने 2022 के बाद क्लासिकल बाजी में गुकेश को नहीं हराया है. फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोज़ा ने भी कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हमवतन मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई. फिरोजा दो अंक लेकर रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ अभी शीर्ष पर बने हुए हैं. उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव भी अच्छी स्थिति में दिख रहे थे, लेकिन उन्हें एक गलती बेहद महंगी पड़ी जिसका फायदा उठाकर फैबियानो कारूआना टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने में सफल रहे. तीसरे दौर में दूसरे विजेता नेपोम्नियाचची थे.

### आईपीएल | जहीर इससे पहले मुंबई इंडियंस के वैश्विक विकास के प्रमुख रह चुके हैं

# लखनऊ के मेंटर के रूप में वापसी कर सकते हैं जहीर

**भाषा । नयी दिल्ली**



भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में इस टूर्नामेंट में वापसी कर सकते हैं. यह 45 वर्षीय क्रिकेटर इससे पहले मुंबई इंडियंस में वैश्विक विकास का प्रमुख था. उन्होंने इसी फ्रेंचाइजी में 2018 से लेकर 2022 तक क्रिकेट निदेशक का पद भी संभाला था. जहीर खान पहले 10 सत्र में एक क्रिकेटर के रूप में आईपीएल से जुड़े रहे. इस बीच उन्होंने तीन टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) की तरफ से कुल मिलाकर 100 मैच खेले जिनमें उन्होंने 7.59 की इकोनॉमी रेट से 102 विकेट लिए. ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, जहीर खान की लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मेंटर पद के लिए फ्रेंचाइजी से बातचीत चल रही है. यह फ्रेंचाइजी गौतम गंभीर के जाने के बाद टी20 क्रिकेट से अच्छी तरह वाकिफ किसी भारतीय पूर्व क्रिकेटर को अपने कोचिंग स्टाफ में जोड़ना चाहती है. गंभीर के रहते हुए लखनऊ की टीम 2022 और 2023 में दो बार प्ले-ऑफ में पहुंची थी. भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर 2023 के आखिर में कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़ गए थे और उन्होंने इस साल इस फ्रेंचाइजी को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. इसके बाद उन्हें भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया. लखनऊ को अपने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की सेवाएं भी नहीं मिलेंगी.

### भारतीय कोच की तलाश में है पंजाब किंग्स

इस बीच पंजाब किंग्स ट्रेवर बेलिस की जगह है किसी भारतीय खिलाड़ी को मुख्य कोच नियुक्त करने का इच्छुक है. रिपोर्टों के अनुसार पंजाब वीवीएस लक्ष्मण को मुख्य कोच नियुक्त करना चाहता था लेकिन यह संभव नहीं है क्योंकि भारत के पूर्व बल्लेबाज ने बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख के रूप में अपना कार्यकाल बढ़ा दिया है.

### ब्रीफ खबरें

## दो दिन से लापता किशोर का मिला शव

**नालंदा ।** नालंदा में मंगलवार से लापता एक किशोर का शव उसके अपने ही खंडहरनुमा घर से गुरुवार को बरामद किया गया है. मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्यापुरी मोहल्ले का है. मृतक की पहचान अरुण विश्वकर्मा के (16) वर्षीय पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में की गई है. घटना के संबंध में दिलखुश के पिता अरुण विश्वकर्मा ने बताया कि मंगलवार को 9:00 बजे तक बेटे से बात हुई थी. इसके बाद से उसका फोन रिंग हो रहा था, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पा रही थी. काफी खोजबीन की गई.

## सदर अस्पताल में लगी आग, मचा हड़कंप

**बेगूसराय ।** बेगूसराय के सदर अस्पताल में आग लग गई. आग लगते ही इलाज कराने आए मरीजों और परिजनों में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई. लोग जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर लोग भागने लगे. आग लगने के संबंध में यह कहा जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण बिजली बोर्ड में अचानक आग लग गई. आग लगने की जानकारी जैसे ही मरीजों को मिली. मरीज दौड़ते-पड़ते वहां से भागना शुरू कर दिए. यह पूरा मामला नगर थाना क्षेत्र के बेगूसराय सदर अस्पताल की है. घटना के बाद डॉक्टर भी चेंबर छोड़कर भाग गए और पूरे बिल्डिंग में बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई.

## कार से 68 कार्टन शराब बरामद, तस्कर फरार

**फारबिसगंज/ अररिया ।** अररिया के पलासी में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरागाछ के समीप एक कार की तलाशी के दौरान कार से 68 कार्टून नेपाली रेशम लीची शराब बरामद किया गया और वाहन को जब्त कर लिया गया. पलासी प्रभारी थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक कार नेपाली शराब लेकर कलियागंज होते हुए पलासी के तरफ जा रहा है. प्रभारी थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि फरार शराब कारोबारी को चिह्नित कर और छापामारी कर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा.




**बच्चों की गुहार**

पटना : स्थानीय माउंट कार्मेल स्कूल के विद्यार्थियों ने कोलकाता में एक पोस्ट ग्रेजुएट प्रशिक्षु डॉक्टर के यौन उत्पीड़न और हत्या के विरोध में हाथों में तख्तियां लेकर मानव श्रृंखला बनाकर इंसाफ की गुहार लगाई.

### दो बच्चों के साथ महिला ने किया सुसाइड

# ग्रामीणों ने निकाली तीनों की लाशें

**संवाददाता । रोहतास**

रोहतास जिले से एक हृदय विदारक घटना सामने आ रही है. एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ आहर में कूद कर खुदकुशी कर ली है. घटना रोहतास जिले के नौहट्टा थाना अंतर्गत निमिया टीकर गांव की है. मृतकों की पहचान संजय चौहान की 26 वर्षीय पत्नी आशा देवी, उसके 6 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार और 4 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के रूप में हुई. परिजनों का कहना है कि बुधवार की रात्रि आशा देवी पति संजय चौहान खाना-पीना खाकर घर में सो गए उसके बाद संजय चौहान की पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ आहर में कूद कर अपने और बच्चों सहित खुदकुशी कर ली है. सुबह होने पर तीनों की शव को ग्रामीणों ने आहर में देखा इसके बाद तीनों के शवों को आहर से बाहर निकाला और घटना की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची नौहट्टा थाने की पुलिस ने मृतकों की शव पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई है.

### पारिवारिक विवाद के कारण हुआ ऐसा

वहीं मृत महिला के पति संजय चौहान पत्नी और दोनों बच्चों के शव को देखकर बेसुध हो गए. ग्रामीणों द्वारा पारिवारिक विवाद के कारण महिला ने अपने बच्चों के साथ खुदकुशी करने की बात कही जा रही है. पुलिस का कहना है कि कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है. मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है.

### आरा में भीषण हादसा : विंध्याचल से लौट रहे थे सभी

# माता-पिता समेत परिवार के पांच लोगों की हुई मौत

**संवाददाता । आरा**

आरा में भीषण सड़क हादसे में परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई. वहीं तीन लोगों की हालत गंभीर है. मरने वाले सभी एक ही परिवार से थे. बताया जा रहा है कि सभी लोग सभी लोग एक्सयूवी गाड़ी में सवार होकर उत्तर प्रदेश के विंध्याचल से दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे. गजराजगंज थाना के बीबीगंज के पास एनएच-922 पर कार के ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया. अचानक गाड़ी रोड के डिवाइडर से टकरा गई. हादसा इतना भीषण था कि हादसे में माता-पिता, बेटा-बेटी और मासूम बच्चे (पोता) की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं घर की बहु और एक बच्ची बाल-बाल बच गई है.



घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया और जांच में जुट गई. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. मरने वाले सभी अजीमाबाद थाना क्षेत्र के कमरियांव गांव के निवासी थी. सभी लोग पटना के बेली रोड स्थित अपने मकान में रहते हैं. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

**मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई :** परिजनों का कहना है कि अजीमाबाद थाना क्षेत्र के कमरिया गांव निवासी भूपनारायण पाठक अपने पूरे परिवार के साथ उत्तरप्रदेश के विंध्यांचल मंदिर में पूजा करने गए थे. दर्शन कर सभी लोग वापस लौट रहे थे कि तब ही बीबीगंज के समीप गाड़ी चला रहे भूपनारायण पाठक के पुत्र बिपुल पाठक की आंख लग गई और तेज रफ्तार गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई. इसमें मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई. दो सदर अस्पताल लाने के दौरान दम तोड़ दिए और तीन लोग जख्मी हो गए.

मृतकों में 55 वर्षीय भूपनारायण पाठक उनकी पत्नी रेणु देवी, पुत्र विपुल पाठक, पुत्री-अर्पिता पाठक और पोता समर्थ पाठक शामिल है. जख्मी में बहु मधु पाठक, पोती-समृद्धि और भतीजी खुशी पाठक शामिल है सभी लोग सदर अस्पताल में इलाजरत है.

**गाड़ी के अंदर से सड़क पर खून बह रहा था :** मृतक विपुल पाठक के साला अंकित ओझा ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि आपके बहनोई का दुर्घटना हुआ है. हमलोग भागे-भागे सदर अस्पताल पहुंचे कि यहां देखे की पांच लोगों की मौत हो गई है और बहन समेत तीन लोग जख्मी हैं. स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि अहले सुबह पांच बजे बहुत जोर का आवाज हुआ. हमलोग जब मौके पर पहुंचे तो देखे की गाड़ी के अंदर से सड़क पर खून बह रहा है और गाड़ी का शीशा लॉक है. उसके अंदर कुछ लोग छटपटा रहे है. जैसे-तैसे गाड़ी के दरवाजे को तोड़ा गया और अंदर से सभी को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा गया. मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गाड़ी चला रहे चालक की आंख लग गई थी. इसकी वजह गाड़ी डिवाइडर में टकरा गई.

### सीएम ने एनएच-77 के निर्माणाधीन मुजफ्फरपुर बाईपास का किया निरीक्षण

# नए थाना भवन का किया उद्घाटन

**संवाददाता । पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर में हाजीपुर फोरलेन पर पकड़ी-पताही में निर्माणाधीन बाईपास एनएच 77 का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली. इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया. मुख्यमंत्री ने यहां परियोजना की समीक्षा की. इस दौरान पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से फोरलेन के निर्माण की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 में ही मुजफ्फरपुर-हाजीपुर बाईपास के निर्माण का फैसला लिया गया था, लेकिन जमीन अधिग्रहण सहित अन्य समस्याओं के कारण वर्ष 2012 से इस पर काम शुरू हुआ. इस फोरलेन के बचे हुए निर्माण कार्य को नवंबर तक पूर्ण करा लिया जाएगा.

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बचे हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं. उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में लगभग 17 किलोमीटर बाईपास के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी. इस पथ से गोपालगंज होकर उत्तर प्रदेश जानेवाले लोगों को सुविधा होगी. साथ ही पटना-मुजफ्फरपुर को ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के फोरलेन की भी कनेक्टिविटी मिलेगी. मझौली से नेपाल को जोड़नेवाली सड़क एनएच 527-सी से भी आनेवाले वाहनों के लिए पटना आना-जाना आसान हो जाएगा. इसके बाद मुख्यमंत्री ने सकरी-सरैया में निर्माणाधीन तुर्की थाना भवन का निरीक्षण किया.

## पूर्व मंत्री श्याम रजक ने राजद से इस्तीफा दिया

**पटना ।** बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से इस्तीफा देते हुए धोखा दिये जाने का आरोप लगाया. रजक ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को संबोधित एक संक्षिप्त पत्र जारी किया है, जिसमें उन्होंने घोषणा की कि वह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद के साथ-साथ दल की प्राथमिक सदस्यता से भी त्यागपत्र दे रहे हैं. रजक ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसाद को संबोधित अपने पत्र में लिखा है, मैं शतरंज का शौकीन नहीं था, इसलिए धोखा खा गया. आप मोहरे चल रहे थे, मैं रिश्तेदारी निभा रहा था.

## जमीन खुदाई में मिली तिजोरी निकले चांदी के सिक्के व बट

**संवाददाता । मोतिहारी**

मोतिहारी में जमीन की खुदाई जेसीबी से कराई जा रही थी. वहां खुदाई कर वहां के सामान जेसीबी चालक के द्वारा पावर सबस्टेशन के पीछे फेंके जा रहे थे. इसी दौरान उक्त पुरानी धातु की बंद पेटी भी खुदाई के दौरान निकली. पेटी निकलने की सूचना पर इसे देखने के लिए स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. उक्त पेटी को स्थानीय गणमान्य लोगों के द्वारा डाकबंग्ला चौक के बगल के एक आवासीय परिसर में ले जाकर रखा गया. इसकी सूचना पर पुलिस की 112 व मधुबन पुलिस वहां पहुंची और थानाध्यक्ष संजीव मौवार व सीओ रागिनी कुमारी गुप्ता के द्वारा उक्त तिजोरी को थाने लाया गया है. उक्त बंद पेटी को पकड़ीदयाल एसडीएम अविनाश कुमार की देखरेख में गैस कटर से काटा गया. इसके अंदर पुराने कागजात, पुराने सिक्के, बंदूक का एक बट, चांदी का सिक्का पाया गया है. अब इसमें प्राप्त कागजात व पुराने सिक्कों की जांच कराई जाएगी.

## कारोबार

## लार्सन एंड टुब्रो को मिला बड़ा ठेका

**नयी दिल्ली ।** इंजीनियरिंग व निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को महाराष्ट्र में एकीकृत बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बड़ा ठेका मिला है. एलएंडटी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि ठेका एलएंडटी की परिवहन बुनियादी ढांचा इकाई को मिला है. कंपनी ने ठेके के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया. हालांकि, वह 2,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये तक के ठेकों को बड़ा बताती है. नगर नियोजन योजना दो से सात में एकीकृत बुनियादी ढांचा विकास का ठेका मिला है.

## कीस्टोन 900 करोड़ का करेगी निवेश

**नयी दिल्ली ।** कीस्टोन रियलटर्स चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आवासीय परियोजनाओं के निर्माण पर निवेश बढ़ाकर 800-900 करोड़ रुपये करेगी. यह निष्पादन क्षमताओं को बढ़ाने की उसकी रणनीति का हिस्सा है. कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बोमन ईरानी ने दिए साक्षात्कार में कहा कि कंपनी अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए चालू वित्त वर्ष में निर्माण तथा भूमि खरीद पर काफी निवेश करेगी. ईरानी रियल एस्टेट क्षेत्र की शीर्ष संस्था क्रेडाई के अध्यक्ष भी हैं.

## आईसीआईसीआई ने मामला सुलझाया

**नयी दिल्ली ।** आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने 69.82 लाख रुपये का भुगतान कर नियामक मानदंडों के कथित उल्लंघन से संबंधित मामले को सेबी के साथ सुलझा लिया है. आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, कंपनी की मर्चेंट बैंकिंग गतिविधियों की पुस्तकों तथा रिकॉर्ड के निरीक्षण के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं सेबी को एक निपटान आवेदन प्रस्तुत किया. ये टिप्पणियां मुख्य रूप से एक मर्चेंट बैंकर के रूप में कंपनी द्वारा अपनाई जाने वाली उचित परिश्रम प्रक्रिया से संबंधित थीं. उसने सेबी के कारण बताओ नोटिस से उत्पन्न किसी भी लंबी कार्यवाही से बचने के लिए उपर्युक्त मामले के संबंध में निपटान विनियमों के तहत निपटान के लिए आवेदन प्रस्तुत किया.

### सीमा शुल्क में कटौती के बाद सोने के आयात में तेजी आने की संभावना

# ग्लोबल मार्केट की अनिश्चितता से सोने के आयात में आई गिरावट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट की अनिश्चितता और सोने के भाव में इस साल लगातार आई तेजी की वजह से देश में सोने के आयात में कमी आई है. मौजूदा वित्त वर्ष के पहले 4 महीने यानी अप्रैल से जुलाई 2024 के दौरान सोने के आयात में 4.23 प्रतिशत की कमी आई है. इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल से जुलाई के चार महीने में देश में 12.64 अरब डॉलर की कीमत के सोने का ही आयात किया गया है. जबकि पिछले साल अप्रैल से जुलाई की अवधि में 13.21 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया था. सिर्फ जुलाई के महीने में ही सोने के आयात में तुलनात्मक रूप से 10.65 प्रतिशत की कमी आई है. इस महीने 3.21 अरब डॉलर कीमत के सोने का आयात किया गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 3.52 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया था.



जुलाई के पहले जून के महीने में सोने के आयत में 38.66 प्रतिशत की कमी आई थी. इसी तरह मई के महीने में सोने का आयात 9.76 प्रतिशत घट गया था. हालांकि इसके पहले अप्रैल के महीने में सोने के आयात में तुलनात्मक रूप से जोरदार तेजी आई थी. अप्रैल 2024 में 3.11 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया था, जबकि अप्रैल 2023 में सिर्फ 1.06 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया था. आपको बता दे कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर सोने के आयात में 30 प्रतिशत की तेजी आई थी. पूरे साल के दौरान कुल 45.54 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया था.

बुलियन मार्केट एक्सपर्ट शेखर गुप्ता के मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष के पहले 4 महीने के दौरान सोने के आयात में गिरावट जरूर आई है, लेकिन आने वाले दिनों में इस आयत में तेजी आने की उम्मीद बनी हुई है. गुप्ता के मुताबिक बजट में सोने पर लगने वाले सीमा शुल्क को 15 प्रतिशत से घटकर 6 प्रतिशत कर दिया गया है. इस वजह से घरेलू कारोबारियों के लिए सोने की लागत कम हो गई है. इसके साथ ही सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत घटी है. ऐसी स्थिति में हाजिर सोने की खरीद बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है.

इसी तरह एक और बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि बजट में सोने पर लगने वाले सीमा शुल्क को घटाए जाने के कारण अवैध तरीके यानी तस्करी के जरिए विदेश से सोना लाने वाले कारोबारियों के उत्साह में भी कमी आने की संभावना है. थोड़े से फायदे के लिए ज्यादातर कारोबारी अवैध तरीका अपना कर अपना गला कानून के फंदे में फंसाने की जगह 6 प्रतिशत सीमा शुल्क देकर वैध तरीके से सोने का आयात करना ज्यादा पसंद करेंगे. इसीलिए आने वाले दिनों में जहां सोने की तस्करी में कमी आने की संभावना है, वहीं वैध तरीके से सोने के आयात में बढ़ोतरी होने की भी पूरी संभावना बनी हुई है.

## लिवप्योर ने 233 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली ।** एयर कूलर, वाटर प्यूरिफायर जैसे उत्पाद बनाने वाली लिवप्योर ने एमएंडजी इन्वेस्टमेंट्स और एनक्यूबेट कैपिटल पार्टनर्स से 233 करोड़ रुपये का वित्त पोषण हासिल किया है.

लिवप्योर ने गुरुवार को बयान में कहा कि कुल निवेश में से 208 करोड़ रुपये एमएंडजी इन्वेस्टमेंट्स और 25 करोड़ रुपये एनक्यूबेट कैपिटल पार्टनर्स से जुटाये हैं. इस पूंजी निवेश से कंपनी अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए पेशकशों में विविधता लाएगी. इससे बाजार में उसकी उपस्थिति बढ़ेगी. लिवप्योर के सह-संस्थापक एवं चेयरमैन नवनीत कपूर ने कहा, यह निवेश हमें तेजी से नवोन्मेष करने, अपने उत्पाद खंड, खुदरा उपस्थिति का विस्तार करने और हमारे उच्च-गुणवत्ता वाले घरेलू समाधानों को अधिक भारतीयों तक पहुंचाने में सक्षम बनाएगा.



## प्रीमियर एनर्जीज ने प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सौर सेल व मॉड्यूल विनिर्माता कंपनी प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड ने अपने 2,830 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 427-450 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है. हैदराबाद स्थित कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि आईपीओ 27 अगस्त को खुलेगा और 29 अगस्त को बंद होगा. एंकर (बड़े) निवेशक 26 अगस्त को बोली लगा पाएंगे. आईपीओ 1,291.4 करोड़ रुपये तक के ताजा शेयर और 3.42 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है. इस प्रकार निर्गम का कुल आकार 2,830 करोड़ रुपये बैठता है. प्रीमियर एनर्जीज एक एकीकृत सौर सेल व सौर मॉड्यूल विनिर्माता है. इसके पास 29 वर्षों का अनुभव है. इसकी सौर सेल के लिए वार्षिक स्थापित क्षमता दो गीगावाट और सौर मॉड्यूल के लिए 4.13 गीगावाट है.

## जॉफ ने सीरीज ए फंडिंग में 40 करोड़ रुपए जुटाए

**संवाददाता । रांची**



प्रमुख मसाला ब्रांड, जॉफ ने जेएम फाइनेंशियल इंडिया ग्रोथ फंड III के माध्यम से जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से सफलतापूर्वक 40 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं. कंपनी इस फंडिंग का उपयोग नए प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने और व्यवसाय को रेडी-टू-कुक, मसालें, कुकिंग पेस्ट और सीजनिंग किट जैसे नए क्षेत्रों में विस्तार करने के लिए करेगी. इसी के साथ कंपनी सामान्य व्यापार, आधुनिक ट्रेड चैनल्स और अन्य रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से अपने ऑफलाइन डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है.

कंपनी का उद्देश्य मार्केटिंग के माध्यम से विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर अपनी ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाना और ब्रांड के व्यापार और निर्यात को बढ़ाने के लिए बाजार में एक मजबूत ऑफलाइन नेटवर्क बनाना है. 2018 में दो भाइयों आकाश अग्रवाल और आशीष अग्रवाल द्वारा स्थापित जॉफ, उद्योग में पहले ही एक पहचान बना चुका है. ब्रांड ने बोट के को-फाउंडर और सीएमओ, अमन गुप्ता से शार्क टैंक इंडिया में फंडिंग हासिल की थी.

फंडिंग पर आकाश अग्रवाल, को-फाउंडर ने कहा, जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से फंडिंग प्राप्त करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. हमारी कंपनी ने पिछले कुछ सालों में तेजी से वृद्धि की है और यह निवेश हमें अपने संचालन को बढ़ाने और साथ ही अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए प्रेरित करेगा.

डेरियस पंडोले, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ ने कहा, फूड इंडस्ट्री में ब्रांड के मसाले सबसे आकर्षक श्रेणियों में से एक के रूप में खुद को स्थापित कर चुके हैं. भारत में मसालों की बहुत महत्ता है, इसके बावजूद यहां का बाजार अत्यधिक असंगठित है. लेकिन, हम विशेष रूप से कोविड के बाद स्वच्छता, गुणवत्ता और स्वास्थ्य जागरूकता पर बढ़ते फोकस के कारण इन असंगठित बाजारों को संगठित बाजारों में तब्दील होते हुए देख रहे हैं.

**शेयर बाजार**

### एफएमसीजी-बैंकिंग स्टॉक्स ने बाजार में भरा जोश

# मिड-कैप शेयरों में छाई रौनक, सेंसेक्स-निफ्टी में तेजी

- बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 148 अंकों के उछाल के साथ 81,000 के ऊपर 81,053 अंकों पर बंद हुआ है

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

शानदार ग्लोबल संकेतों और घरेलू बाजार में देसी-विदेशी निवेशकों की खरीदारी के चलते गुरुवार के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ बंद हुआ है. गुरुवार को फिर एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली है. मिडकैप स्टॉक्स में भी गुरुवार के सत्र में तेजी रही. बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 148 अंकों के उछाल के साथ 81,000 के ऊपर 81,053 अंकों पर बंद हुआ है. जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 40 अंकों की तेजी के साथ 24,810 अंकों पर बंद हुआ है. गुरुवार के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 18 तेजी के साथ और 12 गिरकर बंद हुए. निफ्टी के 50 शेयरों में 25 तेजी के साथ और 25 गिरकर बंद हुए. तेजी वाले शेयरों में भारती एयरटेल 1.60 फीसदी, टाटा स्टील 1.38 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 1.38 फीसदी, टाइटन 1 फीसदी, जेएसडब्ल्यु स्टील 0.91 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.85 फीसदी, मारुति 0.73 फीसदी, एसबीआई 0.45 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.44 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है. जबकि गिरने वाले स्टॉक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.20 फीसदी, एनटीपीसी 1.20 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.16 फीसदी, टीसीएस 1.13 फीसदी, पावर ग्रिड 0.83 फीसदी, सन फार्मा 0.76 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 0.74 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.



**16 लाख करोड़ बढ़ा मार्केट कैप :** शेयर बाजार में तेजी के चलते गुरुवार के सत्र में भी निवेशकों की संपत्ति में बढ़ोतरी आई है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 460.51 लाख करोड़ रुपये पर जा पहुंचा है जो पिछले सत्र में 459.24 लाख करोड़ रुपये रहा था. गुरुवार के सत्र में मार्केट कैप में 1.27 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है. शेयर बाजार में पिछले पांच कारोबारी सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 16 लाख करोड़ रुपये के करीब इजाफा देखा गया है. वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग, एफएमसीजी, मेटल्स, इंफ्रा सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखी गई जबकि ऑटो, आईटी, फार्मा, मीडिया, एनर्जी, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस सेक्टर के स्टॉक्स गिरकर बंद हुए.

